वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
87900/inc.GST


चांदी (99.50)
95700/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

वाराणसी भारत



# डोमरी में 350 बीघे में बनेगा वन क्षेत्र

जनसंदेश न्यूज

**लगेंगे एक लाख वृक्ष**

**बनेंगे पाथवे, कुंड और प्ले ग्राउंड**

**महाकुम्भ में लगे सफाई कर्मी होंगे सम्मानित**

**प्रभावी पैरवी कर तालाबों के मुकदमों का होगा निस्तारण**

**महापौर और नगर आयुक्त ने की विभागीय समीक्षा बैठक**



**वाराणसी।** नवविस्तारित क्षेत्र डोमरी में 350 बीघा में जल्द वन बनेंगा। जहां एक लाख वृक्ष लगेंगा,वही महाकुम्भ में लगे सफाई कर्मियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। अब प्रभावी पैरवी कर तालाबों के मुकदमों का निस्तारण होगा और उसका सौंदर्यीकरण कर बेहतर बनाया जाएगा।

इसको लेकर महापौर और नगर आयुक्त ने शनिवार को विभागीय समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान हुई बैठक में महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने नवविस्तरित क्षेत्रों में होटलों लाजो का जल्द सर्वे कराने का निर्देश दिया और 3 मार्च से सड़क पर उतरने तथा क्यू आर कोड का निरीक्षण करने का निर्णय किया। महापौर ने डोमरी में 89 हेक्टेयर में वन क्षेत्र बनाने,और लगेंगे 1 लाख वृक्ष लगाने को कहा। जहां 4 कि०मी० का पाथवे, कुंड तालाब का निर्माण करने, बच्चों के लिये प्लेग्राउंड, मेडिटेशन सेंटर की होगी व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित संस्था के द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया। इसके बनने से नगर निगम को सालाना सात करोड़ की अतिरिक्त आय होगी।

बैठक में तय किया गया कि 3 मार्च को महाकुम्भ में लगे सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र देकर जहां सम्मानित किया जाएगा,वही उन्हें भोजन भी कराया जायेगा। गृहकर वसूली 54.69 करोड़ की कम वसूली होने पर महापौर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कुल लक्ष्य रू 94 करोड़ 31 मार्च तक शत प्रतिशत वसूली करने का निर्देश दिया। इस दौरान संबधित अधिकारी ने बताया कि 18 वार्डो में से 13 वार्ड की डीपीआर तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन को भेज दिया गया है, शेष 5 वार्डो की डीपीआर एक सप्ताह में पूर्ण हो जायेगा। महापौर ने शहीद उद्यान और नगर निगम के पंप हाउस नदेसर और अनंता नगर में बने शिरोपरी जलाशय में होली के पूर्व कनेक्शन करने हेतु जल निगम को निर्देश दिया।

उन्होंने घाट उपविधि को अगले कार्यकारिणी और सदन में रखने को कहा जबकि व्यावसायिक गतिविधियों वाले भवनों का थर्ड पार्टी सर्वे कराने हेतु निर्देश दिया। सरकारी भूमियों को चिंह्ति कर बैरिकेटिंग कराने, प्रतिमाह डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का यूजर चार्जेज कड़ाई के साथ वसूल करने, और नाला सफाई का कार्य अगले सप्ताह से शुरू कराने हेतु मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सभी मानकों को पूरा करते हुए वाराणसी की अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने, विज्ञापन मद में अधिक अधिक वसूली कर लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देशित किया।

बैठक में नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, अपर नगर आयुक्त सविता यादव, राजीव कुमार राय, विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता मोइनुद्दीन, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार चौधरी, महाप्रबंधक जलकर अनूप सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त कृष्ण चंद्र, जितेंद्र कुमार आनंद, सहायक नगर आयुक्त मनोज कुमार तिवारी, अनिल यादव, जोनल स्वच्छता अधिकारी रवि चंद्र निरंजन, जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, वाराणसी वेस्ट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर अनुज भाटी, जल निगम के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रमजान उल मुबारक का आगाज, चांद देखने के बाद शुरू हुई इबादत

**वाराणसी।** हिजरी की शाम को रमजान उल मुबारक का चांद देखते ही मुसलमान भाइयों ने एक दूसरे को मुबारकबाद देते हुए इबादत का आगाज किया। शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हाजी फरमान हैदर ने बताया कि कि सुन्नत हजरात ने शहर की सैकड़ों मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की। लोगों ने दुआ के लिए हाथ उठाए और सजदे में अपने सर झुका दिए। दूसरी ओर शिया समुदाय ने अपने शहर की 32 मस्जिदों में इमामबारगाह में दरगाहों में मजलिस के साथ रमजान उल मुबारक का इस्तेकबाल किया। लोगों ने सेहरी और इफ्तार के लिए खरीदारी की।मुस्लिम बहुल इलाको में देर रात तक चहल पहल देखी गई। श्री हैदर ने बताया कि रमजान एक ऐसा महीना है जिसमें हर मुसलमान अपने रब की ज्यादा से ज्यादा इबादत करता है। गरीबों और यतीमो की भरसक मदद करता है।



मस्जिदें रोजादारो से छलकती रहती है। खुशगवार मौसम में रोजे का आगाज हो रहा है। इस बार रोजा तकरीबन 13.15 घंटे का होगा। आनेवाले दिनों में गर्मी बढ़ेगी तो इबादत का जज्बा भी बुलंदियों पर होगा।

# दूसरे शनिवार और समस्त रविवार को खुलेंगे उप निबंधक कार्यालय

**चालू माह की व्यवस्था**

**निर्धारित राजस्व लक्ष्य को पाने के लिए अपर जिलाधिकारी ने जारी किया आदेश**

**विलेख पंजीकरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जायेगा : वंदिता श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/जिला निबन्धक वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि निर्धारित राजस्व लक्ष्य पाने के लिए दूसरे शनिवार और समस्त रविवार को उप निबंधक कार्यालय खुलेंगे। यह व्यवस्था चालू माह के लिए लागू की गयी है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत जिले को 117600 लाख रुपये स्टाम्प राजस्व निर्धारित निर्धारित है, जिसके सापेक्ष जनवरी तक क्रमिक राजस्व प्राप्ति 76220.20 लाख रुपये हैं, जो निर्धारित वार्षिक लक्ष्य का 78.01 प्रतिशत है। शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए वित्तीय वर्ष के शेष अवधि में भरसक प्रयास करने की आवश्यकता है। चालू माह में ही होली त्योहार के कारण 13 व 14 मार्च को सार्वजनिक तथा 15 मार्च को निर्बन्धित अवकाश होने के कारण कार्य करने को समुचित संख्या में अपेक्षित कार्यदिवस अपर्याप्त प्रतीत होते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए निर्देशित किया जाता है कि दो, आठ, नौ, 16, 23 व 30 मार्च को समस्त उप निबन्धक कार्यालय खुले रहेंगे तथा विलेख पंजीकरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जायेगा। उन्होंने इस बारे में बार एसोसिएशंस, दस्तावेज लेखक संघ तथा समस्त सम्बन्धित के अलावा आम जनमानस को सूचित करने का निर्देश दिया है। ताकि लोग अपने विलेखों का अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण करा सके और स्टाम्प राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति की जा सके। उन्होंने कहा है कि चालू माह में विशेष अपरिहार्य परिस्थितियों के अतिरिक्त कोई अवकाश एवं स्टेशन लीव अनुमन्य/स्वीकृत नहीं की जायेगी। उन्होंने बताया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इस संबंध में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही को प्रतिकूल दृष्टि से देखा जायेगा।


# महाकुंभ खत्म होते ही घाटों पर सन्नाटा, स्टेशन पर राहत

**चैन की सांस**

**अधिकारी अब श्रद्धालुओं की ताक रहे राह**

**यात्रियों से नाविकों ने खूब रुपये वसूले**

जनसंदेश न्यूज





**वाराणसी।** महाकुंभ के समापन के बाद अब अधिकतर घाटों पर सन्नाटा छा गया है। अभी तक भारी भीड़ के चलते सड़क से लेकर घाटों तक लोगों की भारी भीड़ जमा थी। लेकिन जैसे ही महाकुंभ का समापन हुआ लोग बनारस से प्रस्थान कर गये। महाकुंभ के समापन के बाद अधिकतर घाटों पर सन्नाटा छा गया।

अधिकारी भी श्रद्धालुओं की राह देख रहे थे। लेकिन कोई घाट पर स्नान करने आया नहीं। जो लोग आये भी वह स्नान करके यहां से प्रस्थान कर गये। शनिवार को लोगों की भीड़ अचानक कम हो गई। भीड़ कम होने से काशी विश्वनाथ, अन्नपूर्णा मदिर में सन्नाटा छा गया। घाटों पर सन्नाटा छा गया। पहले भारी भीड़ हुआ करती थी। इस दौरान यात्रियों से नाविकों ने खूब मनमानी ढंग से रुपये वसूले।महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ का फायदा उठाकर नाविकों ने मनमानी वसूली की। संगम स्नान के लिए श्रद्धालुओं से प्रति व्यक्ति एक हजार से लेकर पांच हजार तक रुपये वसूले गए, जबकि अधिकतम किराया 150 रुपये तक था लेकिन महाकुंभ संपन्न होने के बाद अब स्थिति उलट है।

नाविक अब श्रद्धालुओं की बाट जोहते नजर आ रहे हैं। महाकुंभ मेले के दौरान जहां नावों के लिए मारामारी मची थी। नाविकों की ओर से निर्धारित दरों से 10 गुना अधिक कीमत वसूली जा रही थी। इसके बावजूद आमजन से लेकर अफसर तक कतार में लगे थे, लेकिन महाकुंभ संपन्न होने के बाद अब स्थिति उलट है।

## उस रात के कुछ घंटों की सीसीटीवी फुटेज क्यों नहीं ?

**स्नेहा हत्याकांड**

**परिजनों के आने से पूर्व ही कमरे का दरवाजा भी तोड़ना व पुलिस के द्वारा अंत्येष्टि की जल्दी भी एक सवाल**

**वाराणसी।** बीते एक फरवरी को भेलूपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर स्थित एक हॉस्टल में हुई स्नेहा की मौत को एक माह बीत जाने के बाद अभी तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गयी। जबकि परिजनों का हॉस्टल संचालक पर हत्या का आरोप भी लगाया जा चुका है। एसआईटी टीम भी गठित की जा चुकी है।

इस मौत के प्रकरण के कई अनसुलझे सवाल एक माह बीत जाने के बाद भी कौंध रहे हैं, परिजनों ने इस बात की तस्दीक की है कि बेटी की मौत की सूचना हॉस्टल संचालक के द्वारा देने के बाद जबतक परिजन हॉस्टल नहीं पहुंच तो उस कमरे का दरवाजा क्यो तोड़ दिया गया । जबकि पुलिस व फोरेंसिक टीम नहीं पहुंची थी। इसके साथ ही हॉस्टल की सुरक्षा में लगाये गये सीसीटीवी कैमरा में उस रात के कुछ घंटों की फुटेज भी नहीं मिल पा रही है। ऐसे कई सवाल है जो परिजनों की ओर से पूछे जा रहे हैं, एक सवाल सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर पुलिस ने स्नेहा के शव हो दबाव बनाते हुए अंत्येष्टि करा दी, जबकि पुलिस चाहती हो स्नेहा के शव को उसके पजिनों को लेकर सासाराम नहीं भेजा गया। परिजनों की मानें तो तत्काल अंत्येष्टि करा दी गयी। इसके अलावा दर्जनों सवाल परिजनों के मन में कौंध रहें हैं, एक माह बीत जाने के बाद भी गिरफ्तारी ना होना सबसे बड़ा सवाल है। इधर कई सालों से उक्त क्षेत्र में दर्जनों अवैध रूप से इस तरह के हॉस्टल खुल गये हैं जिस पर प्रशासन की ओर से ना तो जांच की जाती है और ना ही ऐसे कृत्य होने के बाद उक्त हॉस्टल को सील किया जाता है।

# विधायक सौरभ ने घाट की गुणवत्ता जांची

जनसंदेश न्यूज

**जायजा**

**छड़, गिट्टी और ढलाई में इस्तेमाल सामग्री का सैंपल जमा किया**



**वाराणसी।** कुछ दिनों पूर्व विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समीक्षा बैठक में सामनेघाट और रामनगर पर हुए घाट निर्माण कार्य में घोर अनियमितता का विषय उठाया था। जिस पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को विधायक के साथ मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए थे।

इसी क्रम में शनिवार को विधायक सौरभ श्रीवास्तव और जिलाधिकारी एस राजलिंगम, लोक निर्माण विभाग और कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के अभियंताओं के साथ मौके पर पहुंचे। ड्रिल मशीन से काटकर निर्माण सामग्री निकाली गई। छड़, गिट्टी और ढलाई के लिए प्रयुक्त मसाले के सैंपल लिए गए। एक सैंपल लोक निर्माण विभाग के अभियंता ले गए दूसरा सैंपल विधायक ने स्वयं जांच कराने के लिए ले लिया। सैंपलिंग के बाद विधायक ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। किसी भी विकास कार्य में न गुणवत्ता के साथ समझौता किया जाएगा, न समयबद्धता के साथ। अभियंता और ठेकेदार की जिम्मेदारी है कि तय समय में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य का निष्पादन करें। यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया तो उनके ऊपर कार्यवाही तय है। जांच के दौरान स्थानीय पार्षद अमित कुमार सिंह चिन्टू, सुभाष श्रीवास्तव, राजगृह सिंह, गोपाल जालान, चन्दन राय, सनी, विशाल राय, प्रमोद राजभर, अनिल मिश्रा, डॉ गोपाल, देवेन्द्र उपाध्याय व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रामनगर दुर्ग के एंटीक पेंटिंग्स ट्रक से बाहर भेजे, उभरा गतिरोध

जनसंदेश न्यूज

**विवाद**

**कुंवर और राजकुमारियों के बीच विवाद में आया नया मोड़**

**रामनगर।** रामनगर दुर्ग में कुंवर अनंत नारायण सिंह और राजकुमारियों के बीच विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार दोपहर एक बार फिर कुंवर अनंत नारायण सिंह और राजकुमारियों के बीच विवाद उस समय उभर आया जब एक मिनी ट्रक से दुर्ग की पुरानी एंटीक पेंटिंग्स बाहर भेजी जाने लगी।

काशीराज परिवार की बड़ी पुत्री विष्णु प्रिया ने इस पर आपत्ति जताई और 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। दूर्ग के सुरक्षाधिकारी राजेश शर्मा का कहना है कि पुराना कबाड़ जिसमें पुरानी तस्वीरें है कुंवर के निर्देश पर रिपेयरिंग के लिए भेजी जा रही थी। इसमें पुराने राजा महाराजाओं की तस्वीरों के अलावा अन्य कई तस्वीरें थीं। ये सभी लकड़ी के फ्रेम में थीं। इन्ही को मरम्मत के लिए भेजा गया है। दूसरी ओर छोटी राजकुमारी कृष्णप्रिया का कहना था कि सारी एंटीक पेंटिंग दिल्ली बेचने के लिए भेजी गई है। उनका कहना था कि जब अभी अधिकृत बंटवारा नहीं हुआ है तो कोई कैसे दुर्ग की संपत्ति अकेले बेच सकता है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना दे दी गई है।

फिलहाल पेंटिंग्स अपने गंतव्य को रवाना हो गई है। इस बाबत सुरक्षाधिकारी राजेश शर्मा भी नहीं बता सके कि पेंटिंग्स कहां भेजी गई है।

# पीडीए जन चौपाल से घबरा गई है भाजपा

## जो उपचुनाव एक साथ नहीं करा पाए, वो एक राष्ट्र एक चुनाव की बात कर रहे

**बोले श्यामलाल पाल**

**समाजवादी पार्टी की तरफ से सिंधोरा बाजार में पीडीए जन चौपाल का आयोजन**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि पार्टी के पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम से भाजपा घबरा गयी है। अन्य पार्टियों में भी घबराहट का आलम है। वह पाटी की तरफ से पिंडरा विधानसभा के सिंधोरा बाजार में शनिवार को आयोजित पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे।

प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि जो लोग यूपी में उपचुनाव साथ नहीं करा सकते हैं। वह एक राष्ट्र-एक चुनाव की बात कर रहे हैं। जबकि आज जरूरत है एक राष्ट्र-एक शिक्षा की ताकि किसान, मजदूर और अधिकारी के बच्चे एक साथ शिक्षा ग्रहण कर सके। आज देश संकट के दौर से गुजर रहा है। लोकतंत्र और संविधान के मर्यादा की धज्जियां उड़ायी जा रही है। गरीबों, पिछड़ों का कोई पुरसाहाल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न कोई कानून व्यवस्था है, न पुलिस का खौफ है। सत्ता संरक्षित अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। बेरोजगार नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। इसके उलट भाजपा सरकार अपनी झूठी प्रशंसा करने में व्यस्त है।

उन्होंने कहा कि अंबेडकर साहब के संविधान के बदले वह देश पर अपने मन-विधान और नागपुर का संविधान थोपना चाहते हैं। जिसे समाजवादी पार्टी कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगी। वह अपनी तानाशाही और पूंजीपरस्त नीतियों से इस देश को चलाना चाहते है। मस्जिदों में मंदिर खोजना, जातीय एवं मजहबी फितरत फैलाना, इनका मूल मकसद रह गया है। मुल्क के अमन चैन के लिए मोदी-योगी सरकार खतरा बन गयी है। भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि मां गंगा ने हमें बुलाया है तो क्या गंगा साफ हो गई और इनके पास कौन सी ऐसी मशीन है, जो बता रही है कि महाकुंभ में 60 करोड़ श्रद्धालु आ गए। वह मशीन यह नहीं बता पा रही है कि कितने श्रद्धालु मारे गए।

विशिष्ट अतिथि सांसद प्रिया सरोज ने कहा कि आज महिलाओं को उनके अधिकारों के साथ-साथ संविधान के बारे में जागरूक करना होगा। आज महिलाओं को उनका हक पता न होने के कारण वह अपने अधिकारों से वंचित हैं। सभी महिलाओं को अपने अधिकारों का ज्ञान होना आवश्यक है। तभी वह अपने परिवार के साथ देश-प्रदेश की तरक्की में योगदान दे सकेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ ने की। संचालन जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट ने किया। धन्यवाद विधानसभा अध्यक्ष मनोज यादव ने दिया। इस दौरान महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव, जिला महासचिव आनंद मौर्या, हरीश मिश्रा, कमलेश पटेल, पूजा यादव उमेश प्रधान, विष्णु शर्मा, भीष्म नारायण यादव, आनंद सिंह, महेंद्र यादव, मनीष सिंह, इस्तकबाल कुरैशी, महेंद्र पाल पिंटू, सत्यप्रकाश सोनकर सोनू, संजय मिश्रा, शशि यादव, हरिओम सिंह, सुनील सोनकर, संतोष यादव, सिकंदर मिश्रा, जितेंद्र पटेल, भागीरथी यादव, बाबूलाल यादव आदि थे।

### पूंजीपतियों की बात करती है वर्तमान सरकार

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी महानगर इकाई की तरफ से उत्तरी विधानसभा के सेक्टर अलईपुर में आयोजित पीडीए जन चौपाल में मुख्य अतिथि महासचिव योंगेद्र यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार पूंजीपतियों के हित की बात करती है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान में दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यक वर्ग को जो अधिकार दिया है, उसे बदलना चाहती है। सार्वजनिक संस्थाओं का निजीकरण करके आरक्षण को समाप्त करना चाहती है। इसलिए पीड ए को एकजुट करने के लिए हम सब को युद्ध स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्रम में इम्तियाजुदिन, अजय चौधरी, दिलशाद अहमद (ढीलू ), हारुन अंसारी, सरदार शहंशाह, जाहिद नासिर, अली अहमद, प्रिंस आदि थे।

# मां गंगा की गोद में अर्द्धनग्न खड़े होकर महंगाई का विरोध

जनसंदेश न्यूज

**प्रदर्शन**

**सपा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों पर रोष जताया**

**वाराणसी।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ समाजवादी बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी महानगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने मां गंगा की गोद में अर्द्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने थरिया-घंटा पीटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जगाने का प्रयास किया गया। इस विरोध प्रदर्शन के जरिए सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता के आक्रोश को प्रकट किया गया। नेतृत्व करते हुए अध्यक्ष अमन यादव ने कहा कि जो सरकार कभी महंगाई को डायन बताती थी, आज उसी सरकार के लिए महंगाई 'भौजाई' बन गई है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, सब्जियां समेत रोजमर्रा और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। जनता का जीवन कठिन हो चुका है, लेकिन सरकार केवल मूकदर्शक बनी हुई है। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव राहुल यादव ने कहा कि अगर महंगाई पर जल्द से जल्द नियंत्रण नहीं किया गया, तो जनता सड़कों पर उतरकर और उग्र आंदोलन करेगी। विरोध प्रदर्शन में संदीप यादव, अश्वनी सिंह, शुभम यादव आदि शामिल थे।



# डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के साथ यू.पी. बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली हाईस्कूल परीक्षा केंद्रो गांधी इण्टर कॉलेज, चिलकहर एवं अमर शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, रसड़ा का भ्रमण किया।

जिलाधिकारी ने भ्रमण के दौरान केंद्र व्यवस्थापक से परीक्षार्थियों की संख्या आदि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि परीक्षा नकल विहीन, शुचितापूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराई जाय।

उन्होंने सी.सी.टी.वी. कैमरा कक्ष एवं परीक्षा कक्ष का भी भ्रमण किया। उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर का अवलोकन करते हुए केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी के गांधी इण्टर कॉलेज,चिलकहर एवं अमर शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज,रसड़ा के भ्रमण के दौरान हाईस्कूल की गणित विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित पाई गई।

## परीक्षा केंद्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**बैरिया (बलिया)।** यूपी बोर्ड परिक्षा के तहत क्षेत्र में हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा शनिवार की सुबह की पाली में शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न हो गई। क्षेत्र के 19 परीक्षा केन्द्रों पर गणित की परीक्षा शनिवार को आयोजित थी। जिसमें कहीं भी किसी भी जांच दल को या मजिस्ट्रेट को कोई कदाचार नहीं मिला। किसी भी परीक्षा केंद्र पर नकल करने का मामला सामने नहीं आया। सभी परीक्षा केन्द्रो पर नकल विहिन परीक्षा का आयोजन हुआ। उप जिलाधिकारी बैरिया सुनील कुमार ने स्पष्ट किया



कि आज क्षेत्र के अधिकांश परीक्षा केन्द्रो का मैंने चक्रमण किया। कहीं भी कोई ना तो नकल करते हुए पाया गया। न नकल करते हुए पाया गया। लोगों ने मान लिया है कि इस सरकार में नकल की बात सोचना भी भारी पड़ सकता है। इस वातावरण में परीक्षा कराई जाने से परीक्षार्थियों के अलावा शिक्षक व मजिस्ट्रेट अपने को काफी सहज महसूस कर रहे है।

# बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ा रही है सपा



पीडीए जनचौपाल को संबोधित करते नीरज सिंह गुड्डू।

**बोले नीरज सिंह गुड्डू**

### पीडीए पंचायत व जनचौपाल कार्यक्रम का आयोजन

**सहतवार (बलिया)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा धरवार में भगवान शंकर स्थित मंदिर प्रांगण में शनिवार की दोपहर पीडीए पंचायत व जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता नीरज सिंह गुड्डू बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री गुड्डू ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से संवाद किया और बाबा साहब के विचारों को जनता के बीच रखा। कहां कि समाजवादी पार्टी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। आज जिस तरह से देश में संविधान व आरक्षण पर हमला हो रहा है। ऐसी स्थिति में हम सभी को सजग और जागरूक होने की जरूरत है। कहा कि पीडीए परिवार के इंकलाब से ही 2027 में सूबे की सत्ता में परिवर्तन होने जा रहा है। भाजपा सरकार ने संविधान को दरकिनार कर-के समाज में व्याप्त एकता और भाईचारे को तोड़ने का काम किया है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोगों के बीच दूरियां पैदा की जा रही है। बताया कि बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से आम जनमानस परेशान है। केंद्र तथा प्रदेश की डबल इंजन की सरकार पर हमला करते हुए कहा कि संसद में बाबा साहब का अपमान किया गया जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना से देश की जनता आहत है और आनेवाले समय में सपा इसको करारा जवाब देगी। प्रधान शंभू नाथ गोंड, प्रधान सुरेश बर्मा, राजा, राहुल, अमित, उमेश, ढेला, अखिलेश पाठक, ध्रुव आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### योगेश्वर और नीरज का हुआ सम्मान




**बलिया।** बीते दिनों महाशिवरात्रि के दिन छितेश्वर नाथ मंदिर धाम में भक्तों ने सहतवार नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह गुड्डू व लोकसभा सलेमपुर के समाजसेवी व नेता योगेश्वर सिंह का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए थे। सुबह से लेकर देर रात तक भक्तिमय कार्यक्रम चलता रहा। इस अवसर पर बाबा छितेश्वर नाथ स्वच्छता सेवा समिति के मानदेव दास अध्यक्ष धर्मेंद्र दुबे, मनोज दुबे, मिश्रीलाल, बब्बन पासवान, सुभाष राजभर, तारकेश्वर वर्मा, अशोक पासवान, गणेश प्रधान मनन लाल श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा व मंदिर के पुजारी संतोष पांडेय मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगेश्वर सिंह ने कहा कि बाबा छितेश्वर नाथ स्वच्छता सेवा समिति द्वारा जो कार्य मंदिर परिसर में किये जा रहे है साथ ही गांव में वह काबिले तारीफ है। मैं पूरे टीम को बधाई देता हूं और उनके लिये मंगलकामना करता हूं। वहीं नीरज सिंह ने टीम को बधाई दी। इस अवसर पर एएसपी अनिल झा व बांसडीह थाना प्रभारी को भी सम्मानित किया गया।

### गोंड समाज ने एसडीएम को सौंपा पत्रक




बलिया। ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के नेतृत्व में आदिवासी जनजाति गोंड समुदाय के छात्र नौजवानों का जाति प्रमाण-पत्र निर्गत होने तक अनिश्चितकालीन धरना 1 मार्च को 33वें दिन बलिया सदर तहसील पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर धरना देकर उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र के हाथों में पत्रक सौंपा गया। छात्र नेता विक्रम गोंड ने कहा कि अंग्रेजी सरकार में बलिया जिले में निवास करने वाली गोंड जाति की जनगणना ट्राइब में की गयी है। उस समय के थानों पर स्थित जन्म-मृत्यु रजिस्टर फौती में भी गोंड ही अंकित है। कहा कि जाति प्रमाण पत्र सुगमता पूर्वक जारी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना में अरविन्द गोंडवाना, संजय गोंड, धनंजय गोंड, रघुनाथ गोंड, सूचित गोंड, श्रीपति गोंड, सुरेश शाह, मनोज शाह, अशोक गोंड, सुमेर गोंड, शिवशंकर गोंड, विक्रम गोंड, अनुराज गोंड, मुकेश गोंड, विनोद गोंड, सुनील गोंड, रामव्रवेश गोंड, विश्वनाथ गोंड रहे।

### याद किये गये शहीद जगत नारायण सिंह



**बलिया।** शहीद जगत नारायण सिंह तृतीय बटालियन सीआरपीएफ क शहादत दिवस पर चाटीविंड अमृतसर पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों के कारण लड़ते हुए शहीद हुए थे। शनिवार को उनकी शहादत दिवस पर सीआरपीएफ के द्वारा इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह व उनके भ्राता सेवानिवृत निरीक्षक श्याम बिहारी सिंह के नेतृत्व में शहीद जगत नारायण सिंह के तिखमपुर स्थित आवास पर उनकी पत्नी लाखमती देवी व उनके पूरे परिवार व लोगों एवं ग्राम प्रधान सुमन पांडेय के साथ श्रद्धांजलि व पुष्प अर्पित किया गया। जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पूरी बटालियन इस परिवार के साथ है। इस अवसर पर प्रेमप्रकाश सिंह, सत्येंद्र नाथ पांडेय, बलवंत चौबे, ओमप्रकाश तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, कमलेश सिंह, परमात्मानंद सिंह, उदय प्रताप सिंह, करीमन सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन पूर्व प्रधानाचार्य दिग्विजय नारायण सिंह ने किया।

### मातृ वंदना योजना का पोर्टल नहीं खुलने से महिलाएं परेशान

**बैरिया (बलिया)।** सरकार की महात्वाकांक्षी योजना मातृ वंदना योजना का पोर्टल नहीं खुलने से योजना के लिए पात्र होते हुए भी गर्भवती महिलाएं आवेदन नहीं कर पा रही हैं। पहले इस योजना को स्वास्थ्य विभाग संचालित करता था। अब महिला व बाल विकास पुष्टाहार विभाग के हवाले इसे कर दिया गया है। विभाग ने आवेदन की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी और सीडीपीओ को दी है। लेकिन 2025 के शुरूआती माह से योजना का पोर्टल नहीं खुल रहा है। इसके चलते ना तो आवेदन हो पा रहे हैं। नहीं किस ब्लॉक से कितने आवेदन किये गए हैं। इसकी जानकारी हो पा रही है। उल्लेखनीय है कि मातृ वंदना योजना में गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था एवं प्रसव के बाद पांच हजार रुपए का अनुदान देने की योजना है। पहला बच्चा होने से पहले गर्भावस्था के दौरान तीन हजार रुपये व टीकाकरण पूरा हो जाने के बाद दो हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान है। बाल विकास विभाग इस कार्य के लिए बहुत तत्परता दिखा रहा है। किंतु जब पोर्टल ही नहीं खुल रहा है। तो ऑनलाइन आवेदन कैसे हो। इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी बैरिया सुनील कुमार का ध्यान अपेक्षित करने पर कहा कि इस संदर्भ में बाल विकास के शिर्ष अधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा। ताकि पोर्टल खोलने की व्यवस्था हो। पात्र महिलाएं आवेदन कर सरकार के इस योजना का लाभ ले सके।

### माइक्रो फाइनेंस कंपनियां मनमाना करने पर उतारू

**बैरिया (बलिया)।** रिजर्व बैंक के गाइड लाइन के विपरित ब्याज कमाने वाली कतिपय माइक्रो फाइनेंस कंपनिया मनमाना करने पर उतारु है। माइक्रो फाइनेंस कंपनियो से कर्ज लेने वाली महिलाओं की परेशानी बढ़ गई है। वसूली के लिए महिलाओं के घर पहुंचे एजेंट उनके घर का सामान बेचवाने की धमकी दे रहे हैं। उनके व्यवहार से महिलाएं काफी परेशान है। कतिपय एजेन्टो की सख्ती से कई महिलाएं घर छोड़कर इधर-उधर रहने लगी हैं। क्षेत्र के बैरिया, कोटवा, धतूरी टोला, प्रीतम छपरा, दोकटी, वाजिदपुर, रामपुर, करण छपरा, नेका राय के टोला सहित कई गांवों की महिलाओं को माइक्रो फाइनेंस कंपनियों ने समूह बनाकर ऋण दिया है। जो उन्हे किस्त के माध्यम से भरना है। ब्याज भी रिजर्व बैंक के निर्देश से बहुत अधिक है। पैसे देकर वसूली के लिए एजेंट घर-घर पहुंचते हैं, और जबरीया वसूली करते हैं। इन दिनों महिलाओं को खरी-खोटी सुना रहे हैं। आरोप है कि वसूली के लिए घर-घर जाने वाले एजेंट उनके घर का सामान बेचवाने की धमकी दे रहे हैं। एक आधार कार्ड पर कई कंपनी से लोन दे दिया जाता है। जबकि असल कंपनी को पता होता है कि आवेदक पहले से कर्जदार है। माइक्रो फाइनेंस कंपनियां मामाना ब्याज लेने के लिए इस तरह का कार्य कर रही है। कर्ज देने के दौरान जितनी नरमी बरतते हैं।वसूली के समय उतना ही सख्त हो जाते हैं।स्थानीय लोगों ने ऐसी कंपनियों का चिन्हीकरण करके सख्ती करने वाले एजेन्टो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।र में किये जा रहे है साथ ही गांव में वह काबिले तारीफ है। मैं पूरे टीम को बधाई देता हूं और उनके लिये मंगलकामना करता हूं। वहीं नीरज सिंह ने टीम को बधाई दी। इस अवसर पर एएसपी अनिल झा व बांसडीह थाना प्रभारी को भी सम्मानित किया गया।

### उपरगामी सेतु की मरम्मत को लेकर रूट डायवर्जन

**बलिया।** जनपद मं रेलवे उपरगामी सेतु के एक्सपेंशन ज्वाइंट बदलने एंव मरम्मत का कार्य 22 फरवरी से लेकर 15 अप्रैल तक निर्माण खण्ड लोनिवि बलिया द्वारा कराया जाना है। जिससे कार्य करते समय कार्य स्थल पर आधे भाग में यातायात रोका जाना है, जिसके कारण मात्र हल्के वाहन ही पुल पर आवागमन हेतु अनुमन्य रहेंगे। जिसके अनुपालन में बलिया शहर की यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु रूट डाइवर्जन किया गया है। टीडी कालेज, कचहरी की तरफ शहर में जाने वाले वाहनों को पुल के बाँयी तरफ से जाने वाले सड़क मार्ग पर डायवर्ट किया जा रहा है। विजयीपुर की तरफ से आने बाले समस्त वाहनों को ओबर ब्रिज के नीचे से रेलवे क्रासिंग की तरफ डायवर्ट किया जा रहा है। उपर्युक्त डायवर्ट स्थानों पर यातायात के कर्मचारियों व थाना कोतवाली पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी जा रही है तथा शहर के अन्य प्रमुख तिराहों, चौराहों पर यातायात के कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाकर यातायात का सुचारू संचालन कराया जा रहा है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बलिया।** बलिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर शनिवार की सुबह करीब 9:45 बजे लखनऊ छपरा एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान संजीव प्रसाद 30 वर्ष पुत्र दरोगा प्रसाद निवासी घघरौली थाना बांसडीहरोड के रूप में की गई।

## महिला का पीछा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** नगरा थाना पुलिस ने महिला का पीछा करने एवं धमकी देने के आरोपी को गड़वार मोड से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष कौशल कुमार पाठक ने बताया कि 24 नवंबर 2024 को एक गांव की महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि शौच जाते समय गांव का ही एक युवक उसका पीछा करता है तथा धमकी देता है। महिला के तहरीर पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की खोज कर रही थी। नगरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि महिला का पीछा करने का आरोपी मनीष कुमार निवासी रेकुवा नसीरपुर थाना नगरा, गड़वार मोड़ पर खड़ा है और कही भागने के फिराक में है। मुखबिर की बातों पर विश्वास कर पुलिस टीम तुरंत गड़वार मोड़ पर पहुंच कर आरोपी को दबोच लिया तथा थाने ले आई और आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त चालान कर दिया।

# कपड़े की दुकान में लगी आग, दो करोड़ का नुकसान

**आग से तबाही**

### शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा सूचना के एक घंटे बाद पहुंचा फायर ब्रिगेड

**बलिया।** नगरा थाना क्षेत्र के बाजार स्थित मुमताज रेडीमेड एवं साड़ी सेंटर की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से दो करोड़ रुपए का कपड़ा व अन्य सामान जल कर पूरी तरह से नष्ट हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना के एक घंटे बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक सबकुछ जलकर राख हो चुका था। जानकारी के अनुसार नगरा निवासी मुख्तार अंसारी की नगरा बाजार में कपड़ा एवं रेडीमेड की दो मंजिली बड़ी दुकान है। होली, ईद तथा लगन को देखते हुए दुकान में कपड़ा व रेडीमेड वस्त्र मंगाकर रखा गया था। दुकान मालिक एवं परिजन रात को प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह बाजार के लोगों ने कपड़े की दुकान से धुआं निकलते देख दुकान मालिक को सूचना दी। दुकान मालिक एवं उनके परिजन जबतक दुकान पर पहुंचे तबतक आग विकराल हो चुकी थी। किसी ने आगलगी की सूचना पुलिस को देने के साथ ही फायर बिग्रेड को दी किन्तु सूचना के एक घंटे बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। तबतक सबकुछ जलकर राख हो गया था। दूसरी छोटी गाड़ी और तीसरी बड़ी गाड़ी भी डेढ़ घंटे बाद पहुंची।

आग के विकराल रूप को देखते हुए आसपास के दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को खाली कर दिया। स्थानीय कारोबारी एवं आमलोग बाल्टी से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास करते दिखाई दिए।


कपड़े की दुकान में लगी भयंकर आग।

### सूचना पर पहुंचे अधिकारी व पुलिस

आग लगने की सूचना पर उप जिलाधिकारी रसड़ा, थानाध्यक्ष कौशल कुमार पाठक,पूर्व प्रमुख निर्भय प्रकाश, नगर पंचायत के कर्मचारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। आगलगी की घटना में दुकान में रखा हुआ सभी सामान जलकर राख हो गया है। अनुमान जताया जा रहा है कि इस घटना में दो करोड़ रुपए से अधिक का सामान जलकर राख हो गया है। आगलगी की घटना के बाद दुकान मालिक मुख्तार अंसारी एवं मुमताज अंसारी सहित परिजनो के माथे पर बल पड़ गया है। कल से रमजान का महीना आरंभ होने वाला है। परिवार दुकान में सामान भरने के साथ साथ रमजान की तैयारियों में भी जुटा हुआ था। आज परिवार के साथ इतनी बड़ी घटना हो गई है। बाजार की बहुत बड़ी कपड़े की दुकान थी। इतना बड़ा नुकसान देख दुकान मालिक द्वय भाई की हालत खराब हो गई है।

### देर से पहुंची फायर ब्रिगेड, पानी भी हुआ खत्म

वहीं घटना से 6 किमी की दूरी तय करने में फायर ब्रिगेड की गाड़ी को एक घण्टा लग गया और जब गाड़ी पहुंची तो पानी भी नदारद रहा। लोगो को कयास था कि नजदीक फायर स्टेशन से आग पर जल्द काबू मिलेगा किन्तु पहली घटना में ही धोखा को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है।

# परिवार को जलाकर मारने में एसपी का सख्ती का निर्देश

**बैरिया (बलिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चांदपुर पकड़िया टोला में होमगार्ड के जवान के घर का बाहर से कुंडी लगाकर घर में आग लगाकर पूरे परिवार को जलाने के प्रयास के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डा. ओमवीर सिंह ने इस बाबत सख्त कार्रवाई करने का निर्देश बैरिया पुलिस को दिया है।

बता दे कि विगत शुक्रवार को पीड़ित जवान राजमंगल यादव उर्फ छट्ठू यादव पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपने परिवार की रक्षा गांव के कतिपय असामाजिक तत्वों से करने हेतु उचित कार्रवाई की गुहार लगाई थी। बताया जाता है कि चार दिन पूर्व कुछ असामाजिक तत्वों ने होमगार्ड के जवान राज मंगल यादव उर्फ छट्ठू यादव के घर का उस समय कुंडी लगाकर घर में आग लगा दिया था। जब वह पूरे परिवार के साथ रात में घर के अंदर सो रहे थे।किसी तरह से दीवार गिराकर घर के बाहर सब परिवार सुरक्षित निकल गये थे। सूचना पर मौके पर 112 नंबर पीआरबी वैन के आने के बाद उन्होंने बैरिया थाने में प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया था।

प्रभारी कोतवाल सुशील दुबे ने इस संदर्भ में उचित कार्रवाई और जांच के लिए हल्का के इंचार्ज उप निरीक्षक पन्नालाल को भेजा था, किंतु उनके द्वारा जांच के नाम पर कुछ भी करवाई नहीं की गई। इसके बाद पीड़ित पुलिस अधीक्षक से मिलकर गुहार लगाया।

## दो बाइकों की टक्कर में एक अधेड़ घायल

**बैरिया (बलिया)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर दुबे छपरा के निकट शुक्रवार की शाम दो मोटरसाइकिलों के आमने-सामने के टक्कर में भोलू निषाद 50 वर्ष निवासी सोनवानी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। जहां से



प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बता दे कि भोलू निषाद सोनवानी के रहने वाले हैं। बैरिया किसी काम के लिए आए थे। बैरिया से लौट रहे थे। तभी दुबे छपरा के सामने बलिया की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल से उनकी मोटरसाइकिल टकरा गई।जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सामने से मोटरसाइकिल लेकर आ रहा युवक अपने मोटरसाइकिल लेकर भागने में सफल रहा।

## पिकअप के धक्के से महिला की मौत युवक घायल

**बेरूआरबारी (बलिया)।** बांसडीह थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कैथवली स्थित सेंट्रल बैंक के सामने बांसडीह बेरूआरबारी मुख्य मार्ग पर बांसडीह की तरफ से आ रही पिकअप ने मोटरसाइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी जिसे बाइक सवार एक महिला की मौत हो गयी। जबकि बाइक चला रहे महिला के रिश्तेदार को हल्की चोटें आयी है। जानकारी के अनुसार असगरी खातून 55 वर्ष पत्नी मोहम्मद कयूम निवासी लालगंज बैरिया अपने रिश्तेदार के साथ बाइक द्वारा रतसर जा रही थी। इसी बीच अचानक पीछे से अनियंत्रित पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे असगरी खातून और रबुल हाशमी गंभीर रूप से घायल हो गये।

लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने असगरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं रबुल हाशमी का प्राथमिक होने के बाद घर भेज दिया गया। वहीं हादसे की जानकारी होते ही मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।

## शिक्षा को सिर्फ बांटा ही जा सकता है : अवधेश कुमार



दूजा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

जनसंदेश न्यूज

**सहतवार (बलिया)।** दूजा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजौली-सहतवार बलिया के प्रांगण में जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय एवं राजभवन उ.प्र. के निदेर्शानुसार पढ़े विश्वविद्यालय-बढ़े विश्वविद्यालय, पढ़े महाविद्यालय-बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अवधेश कुमार त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा एक मूल्यवान और महत्वपूर्ण संसाधन है। जिसे न तो छीना जा सकता है और न ही चुराया जा सकता है। जब इसे दूसरों के साथ साझा किया जाता है तो इसका मूल्य सदैव अधिक होता है, और इसमें निरंतर वृध्दि होती रहती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जयप्रकाश सिंह शिक्षा के इस नये पहल की शुरूआत करने के लिए विश्वविद्यालय और शासन का आभार व्यक्त किया कहा कि हमारा महाविद्यालय इस विजन के साथ तैयार है। अध्यक्षता अभिषेक उपाध्याय ने किया तथा संचालन रंजय कुमार वर्मा ने किया।

## सरकारी कार्यालयों को सोलर ऊर्जा से संचालित करने की कवायद तेज

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जिले में सरकारी कार्यालयों को सोलर ऊर्जा से संचालित करने की कवायद तेज हो गई है। सरकार की मंशा है कि सरकारी कार्यालय सौर ऊर्जा से संचालित हों। सोलर ऊर्जा से संचालित होने वाला विकास भवन पहला सरकारी कार्यालय होगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार हो गया है और सीडीओ ने हरी झंडी भी दे दी है।

विकास भवन में 65 केवीए का सोलर प्लांट लगाया जाएगा। सौर ऊर्जा प्लांट लगाने की जिम्मेदारी केएलके कंपनी को दी गई है। सौर ऊर्जा प्लांट के लिए सर्वे का कार्य पूरा कर लिया है।

अब अनुबंध होना शेष है। उम्मीद जताई जा रही है कि चार से पांच माह के अंदर सोलर प्लांट लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्ट्रेट व तहसील भी होंगे सोलर ऊर्जा से युक्त रू जिले के सभी सरकारी कार्यालयों को सोलर ऊर्जा से युक्त करने की योजना है। इसमें कलेक्ट्रेट, सभी तहसील कार्यालय, विकास खंड कार्यालय, निकाय कार्यालय, पंचायत भवन, जिला अस्पताल, टाउन पॉलिटेक्निक, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

बिजली बिल के आधार पर ही लगता सोलर प्लांट रू किसी भी स्थल पर सोलर प्लांट स्वीकृत बिजली भार के आधार पर ही लगाया जाता हैं। एक किलो वाट सोलर 10 वर्ग अनुसार छाया युक्त कंक्रीट की छत की आवश्यकता पड़ती है।

नेडा के परियोजना निदेशक धन प्रसाद ने बताया कि विकास भवन को सोलर प्लांट से संचालित करने की योजना तैयार कर ली गई है।

अन्य कई सरकारी कार्यालयों में वार्ता चल रही है।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

**बोले डीएम**

### जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने तहसील रसड़ा में सुनीं जनशिकायतें

**रसड़ा (बलिया)।** जनपद बलिया के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने तहसील रसड़ा में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में शिकायतकर्ता ने बताया कि विकास खंड, रसड़ा में जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया हूं, अभी तक जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी, रसड़ा को एक सप्ताह के अंदर जन्म प्रमाण पत्र के सभी आवेदनों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण, समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये।


फरियादियों की समस्या सुनते डीएम व एसपी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 133 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 12 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास, विद्युत, अवैध कब्जा हटाए जाने, वरासत, पेंशन तथा सड़क बनाए जाने आदि से सम्बन्धित मामले आए, जिसमें संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी संजय कुमार कुशवाहा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### चार मामले आए, एक का हुआ निस्तारण

**बैरिया (बलिया)।** उप जिलाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल चार मामले आए निस्तारण सिर्फ एक का हुआ। बाकी मामलों को संबंधित विभाग को निस्तारण के लिए भेज दिया गया। उप जिलाधिकारी के अनुसार तीन मामले राजस्व से संबंधित थे और एक मामला पुलिस से संबंधित था। राजस्व से संबंधित एक मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार सुदर्शन कुमार समस्त थानों के प्रभारी, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे। समाधान दिवस पर चार मामले आना आज तक के संपूर्ण समाधान दिवस के इतिहास में सबसे न्यूनतम है।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, ससुरालियों पर केस


विवाहिता के फांसी लगाने के बाद जुटी भीड़।

**सिकंदरपुर (बलिया)।** थाना क्षेत्र के बिच्छीबोझ गांव निवासी एक विवाहिता ने ससुरालजनो के उत्पीड़? से तंग आकर मायके में शनिवार की दोपहर पंखे के हुक में दुपट्टा बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतका के माता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना पर पहुंचे क्षेत्रधिकारी गौरव कुमार शर्मा व एसएचओ विकास चंद पाण्डेय के साथ पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल किया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बिच्छीबोझ गांव निवासी निशा उम्र 25 वर्ष पुत्री अमरनाथ की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व कस्बा के बढ्ढा निवासी सोनु पुत्र गुलाब उर्फ कपिल के साथ एक मन्दिर में हुई थी। लोगो की माने तो दोनों का प्रेम विवाह हुआ था।शादी के बाद दोनों से 4 माह की एक पुत्री भी है। मृतका के माता मधु देवी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है की विगत साल से ही सोनू एवं उसके माता पिता द्वारा मुझसे एवं मेरी पुत्री से बार-बार दहेज एवं नवरसा के लिए दबाव बनाया जा रहा था जबकि मेरी छः पुत्रियां है, तीन पुत्रियों की शादी हो चुकी हैं, तीन अभी छोटी है। बताया कि शनिवार की सुबह मेरी बेटी निशा के मोबाइल पर सोनू कुमार का फोन आया और बेटी से पुनः दहेज एवं नवरसा की मांग किया नहीं देने पर तलाक देने की धमकी देने लगा। इसी बात पर तनाव में आकर मेरी पुत्री निशा ने फाँसी लगा लिया। घटना के समय मेरा पुरा परिवार खेत मे काम करने गया था। जब वापस घर पहुँचे तो निशा का शव पंखे से लटका हुआ था। इस दौरान पुलिस टीम के अलावा गांव के रवि राय, भारतेन्दु राय, अतुलेश यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार शर्मा ने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है वही मृतका के माँ मधु देवी के द्वारा दी गयी तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## मारपीट में महिला समेत दो घायल

**सिकंदरपुर (बलिया)।** थाना क्षेत्र के बस्ती बुजुर्ग गांव में शुक्रवार की शाम फुटबॉल गेंद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष एक महिला सहित दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के बस्ती बुजुर्ग गांव निवासी संजय कनौजिया पुत्र उमाशंकर कनौजिया ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के अरमान, मुमताज, एहसान, शमशाद, एकशाद, रमजान, गोलु आदि द्वारा शुक्रवार को फुटबॉल खेला जा रहा था। जिससे बार बार फुटबाल की गेंद हम लोगों के घर में आ जा रही थी। कई बार गेंद हम लोग वापस भी किया लेकिन वह मना करने के बाद मान नहीं रहे थे। जब हमने गेंद देने से मना किया तो वह गोल बंद होकर हम लोगों के घर पर आकर मुझे गाली गुप्ता देते हुए मारने पिटने लगे, मारपीट की आवाज सुनकर मुझे बचाने आई मेरी भाभी सविता देवी पर भी उन लोगो द्वारा हमला कर दिया गया तथा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। वही घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस ने पीड़ित पक्ष का मेडिकल मुआयना कराने के बाद सुसंगत धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दिया है।

## कार्यवाहक प्रधानाचार्य को दी गयी विदाई

**बलिया।** सेवानिवृत्ति के बाद भी जिम्मेदारियां कम नही होती। समाज के प्रति उस शख्स का दायित्व और भी बढ़ जाती है। विरले ही होते है जो इन दायित्वो का बखूबी निर्वहन करते हुए समाज में अपनी उपयोगिता को साबित कर दिखाते है, दिग्विजय नारायण सिहं भी इसी कड़ी में आते है। आज आवश्यकता इनके व्यक्तित्व से सीख लेने की है। यह बाते संस्था टाउन पालीटेक्निक बलिया के विभागाध्यक्ष ब्रजभूषण ने कही। वह शुक्रवार को संस्था के कान्फ्रेस रुम में आयोजित संस्था से सेवानिवृत्ति कार्यवाहक प्रधानाचार्य दिग्विजय नारायण सिह की विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि कार्यवाहक प्रधानाचार्य के रुप में इनके योगदान को भुलाया नही जा सकता। इनके कड़े अनुशासन के बीच जिस तरह संस्थाहित एवं छात्र-छात्राओं के हित के लिए कार्य किया उस सिलसिले को आगे भी कायम रखने का प्रयास करना होगा। दिग्विजय नारायण सिंह ने कहा कि बड़ा मुश्किल क्षण होता है जब हमें किसी से विदा लेना होता है यह दिन मेरे लिए प्रेरक की भूमिका अदा करेगा। ई. ब्रजभूषण द्वारा अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेट किया गया। अनिल कुमार शर्मा, राकेश कुमार यादव, विनोद कुमार, निखिलेन्द्र नाथ मिश्रा आलोक कुमार सिंह, शक्ति प्रकाश रजनी कान्त श्रीवास्तव, राजनाथ, आशुतोष कुमार राय, अमित रजन, जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, रवि प्रकाश सिंह, राधेश्याम, सुरेश चन्द्र राम, मीना, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, सुमित सिंह, अजीत कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। इसके बाद अध्यक्ष प्रबन्ध समिति के आदेश द्वारा विजय कुमार सिन्हा प्रवक्ता इलेक्ट्रिकल/प्रभारी विभागाध्यक्ष विद्युत को प्रधानाचार्य का कार्यभार ग्रहण किया गया।



## श्रद्धालुओं ने की यज्ञ मंडप की परिक्रमा

**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के ग्राम बहुता चक उपाध्याय स्थित शिवमंदिर के प्रांगण में चल रहे श्रीमद् भागवत महायज्ञ में भक्ति रस की सरिता बह रही है। यज्ञाचार्य आनंद जी महाराज की देखरेख में वेदी पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों की घूम रही। जयकारे के उद्घोष के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा का क्रम जारी है। विद्वान आचार्यों की देखरेख में महायज्ञ में मानव कल्याण के लिए पावन आहुतियां दी जा रही हैं। कथावाचक आचार्य आनंद जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सभी धार्मिक कथाओं का सार है। कथा को सुनने से आत्मिक शांति की अनुभूति और मन निर्मल हो जाता है। उन्होंने देवर्षि नारद की भक्ति-भावना की संगीतमय प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान यज्ञ, हवन और पूजन- अर्चन के साथ कथा प्रवचन का क्रम जारी रहने से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बन गया है। मौके पर मंटू सिंह, विपुल उपाध्याय, गब्बर सिंह, श्रीभगवान यादव, दीनानाथ, दीनदयाल आदि मौजूद रहे।

# शराब के साथ छह तस्कर गिरफ्तार, 12 फरार

जनसंदेश न्यूज

**बांसडीह (बलिया)।** कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर में अवैध तरीके से देशी कच्ची शराब बनाने के ठिकाने पर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 210 लीटर अपमिश्रित देशी शराब, शराब बनाने के उपकरण, भारी मात्रा में लहन, शराब बिक्री के 55730 रुपया नगद, दो मोटरसाइकिल, दो स्मार्ट फोन, एक कीपैड फोन, 11 पायल, 4 हाथ की मेहंदी, एक कमरबंद, नाथिया, झुमका, मंगलसूत्र, 8 बिछिया सहित अन्य आभूषण अन्य सामग्री को जब्त किया है। पुलिस ने मौके से शराब बनाने में शामिल एक पुरुष सहित पांच महिलाओं को गिरफ्तार कर चालान न्यायलय कर दिया,वही शराब बनाने में शामिल 12 अभियुक्त मौके से फरार हो गए। इस संबंध में कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र के चांदपुर 55 में अवैध देशी शराब बनाने और बेचने की सूचना पर पुलिस कर्मियों के साथ दबिश दी गई। दो गाडि?ं से पहुंची पुलिस फोर्स ने शराब बनाने वाले ठिकाने पर धावा बोला। महिला पुलिस कर्मियों ने पांच महिलाओं सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। इस आपाधापी में 12 लोग फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से पकड़े गए अभियुक्तों के घर के आसपास से जमीन में गड़े ड्रम में भरी करीब 14 हजार लीटर लहन को नष्ट कराया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में सुमन, पिंकी, सरिता, रीमा, प्रियंका के साथ एक पुरुष अभियुक्त मकुन राजभर है। फरार अभियुक्तों में राजाराम, सनम, मिठ्ठू, मुन्ना, विमलेश, पिंटू, अविनाश, भोला, पूजा, सुगमतिया, राम अवध, दिनेश निवासी चांदपुर के नाम शामिल है।

## छात्रा को भगाने में तीन शिक्षकों पर मुकदमा

**बेल्थरारोड (बलिया)।** उभांव थाना क्षेत्र के एक स्कूल पर सीबीएसई 10वीं की बोर्ड की परीक्षा देने पहुंची नाबालिग छात्रा को स्कूल का शिक्षक ही बहला फुसला कर भाग ले गया। किशोरी को भगाने में स्कूल के अन्य दो शिक्षकों के ऊपर भी सहयोग किये जाने का आरोप है। जिसके कारण किशोरी के पिता ने लिखित तहरीर पर उभांव थाना पुलिस ने देर रात बीएनएस की धारा 137 (2) 61 (2) ए के तहत घटना में शामिल तीन शिक्षक सहित अन्य के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना बीते मंगलवार की है। उभांव थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है। मुकदमा दर्ज के अनुसार किशोरी कक्षा दसवीं की परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। घर नहीं पहुंची। जिसके बाद उसकी तलाश की गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिला किशोरी की उम्र 16 वर्ष बताई जा रही है।

# शिकायतों के निस्तारण में न करें लापरवाही: डीएम

चेतावनी

### संपूर्ण समाधान दिवस में 65 शिकायतों में से आठ का हुआ तत्काल निस्तारण, 5 टीमें मौके पर भेजी गई



**मऊ।** डीएम प्रवीण मिश्र के नेतृत्व में षनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील मधुबन में संपन्न हुआ। जनपद के अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मधुबन में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 65 शिकायतें आई, जिनमें से 8 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं 05 शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर टीमों को भेजा गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक राजस्व विभाग से 46, पुलिस विभाग से 02, विद्युत विभाग से 04, एसीओ मधुबन से संबंधित 06, पंचायती राज विभाग से 02, नगर पंचायत से 03 जल निगम से 01 तथा विकास विभाग से 01 संबंधित थी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करे। लापरवाही करने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार तहसील मोहम्मदाबाद गोहाना में कुल 74 शिकायतें आई जिनमें 6 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया तथा 6 शिकायतों की निस्तारण हेतु मौके पर संयुक्त टीमों को भेजा गया।

संपूर्ण समाधान दिवस पर जन सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक इलमारन जी, उप जिलाधिकारी मधुबन अखिलेश कुमार तथा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं का यथाशीघ्र करें निस्तारण : जिलाधिकारी

**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों ने अपने समस्याएं एवं शिकायतों से अवगत कराया, जिन भूतपूर्व सैनिकों ने समस्याएं एवं शिकायतों से अवगत कराया उन में लल्लन यादव ने पक्की नाली के निर्माण की मांग की, राजेश कुमार दुबे एवं संतोष कुमार सिंह ने अपने मोहल्ले में बहने वाली नाली पर पटिया एवं स्ट्रीट लाइट लगाने, ओमप्रकाश राय ने बिना बैनामा के विपक्षी द्वारा नामांतरण करने एवं स्वयं के ऊपर फर्जी एफ आई आर दर्ज होने, मुकेश सिंह ने जमीन की खतौनी में दूसरे का नाम चढ़ने, आवासीय पट्टा पर विपक्षी द्वारा मकान निर्माण पर रोक लगाने, रामानुज मौर्य ने स्वयं की जमीन में विपक्षी द्वारा जबरदस्ती मकान निर्माण करने, राम विजय ने बाउंड्री वॉल पर पड़ोसी का गिरे पेड़ को न हटाने, प्रेम प्रकाश यादव ने जनपद में कैंटीन स्थापना की मांग तथा ईएचएसएच से जनपद के मुख्य अस्पतालों को संबद्ध करने, शिवकुमार पांडे ने जमीन नापी की मांग, धनई यादव ने अधिक बिजली बिल आने की शिकायत तथा उस पर कोई सुनवाई न होने, जयप्रकाश यादव ने चक मार्ग पर अवैध कब्जे को हटाने तथा इंद्राज सिंह एवं दुर्गावती चतुर्वेदी ने पैमाई जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गंभीरता पूर्वक भूतपूर्व सैनिकों द्वारा उठाए गए समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। जिलाधिकारी ने शिकायतों के अति शीघ्र निस्तारण हेतु आश्वस्त भी किया। उन्होंने कहा कि जो प्रशासन स्तर की शिकायतें हैं, उन्हें शीघ्र ही जिला प्रशासन दूर करने का प्रयास करेगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह, क्षेत्राधिकार शीतला प्रसाद पांडे सहित बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त व डीआईजी ने लोगों की सुनी समस्याएं

**मऊ।** मण्डलायुक्त विवेक एवं डीआईजी सुनील कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से षनिवार को तहसील मुहम्मदाबाद गोहना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुना गया। इस अवसर पर समस्त संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं को निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान कुल 74 मामले आये। जिसमे से 06 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 68 मामलों के निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाते हुए मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 39, पुलिस के 13 एवं अन्य के 22 मामले शामिल हैं। मण्डलायुक्त एवं डीआईजी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसका निस्तारण शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, सीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'प्रतिभाशालियों का गढ़ है पूर्वांचल, पूरे देश में महत्वपूर्ण पदों पर कर रहे काम'

मऊ। पूर्वांचल प्रतिभावान लोगो की कमी नही है। यहां के लोग बहुत ही ईमानदार और मेहनती है। हर जगह प्रतिभावान लोगो की जरुरत है। आज पूरे देश में पूर्वांचल के लोग महत्वपूर्ण पदों पर हैं। अकेले मेरे यहां आपके यहा से करीब 200 लोग हमारे यहा काम करते है। जो दिन रात एक करके हमारी इस कम्पनी को नयी ऊचाईयो तक पहुचा रहे हैं। उक्त बाते शनिवार को मूंगमास गाव मे आए गुजरात, महाराष्ट्र के प्रसिद्ध उद्योगपति विशाल नारायन जजोदिया ने कहा। गुजरात, उत्तराखंड, पान्डिचेरी, महाराष्ट्र एवं अन्य कई देशो मे फैले प्रसिद्ध दवा कंपनी स्वाती स्पेन्टोस प्राइवेट लिमिटेड के मालिक एवं मूंगमास निवासी रहे स्व. ओमप्रकाश राय के पुत्र प्रसिद्ध उद्योगपति विशाल नारायन जाजोदिया 28 फरवरी को वाराणसी एवं वहा से मूंगमास गाव आए। अपने कम्पनी मे कार्यरत कर्मचारियो के घर गये। जहां शनिवार को प्रस्तावित धन्यवाद एवं मिलन समारोह मूंगमास गाव मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनरल मैनेजर दीपक राय ने कम्पनी मे अपनी यात्रा का वर्णन किया। बताते चले कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया एवं उनके दुरदर्शी सोच से प्रभावित विशाल अपना सारा ध्यान भारत मे ही मैन्युफैक्चरिन्ग मे लगाए है। अपने यहा मऊ, बलिया, गाजीपुर सहित पूरे पूर्वान्चल के करीब 300-400 लोगो को रोजगार प्रदान किए है। जिसमे से अकेले मूंगमास से ही 100 के आस पास के लोग है। गुंज एक गुहार सेवा संस्थान एनजीओ संचालिका पूजा राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशाल को मऊ के लोगो पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद किया और मऊ मे नई कम्पनी खोलने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर रामचरित मानस पाठ का शुभारम्भ 27 फरवरी को गाव के हनुमान मन्दिर पर हुआ। कार्यक्रम मे गाव एवं छेत्र के सम्मानित लोगो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को मुख्य रुप से सहजानंद राय, अशोक सिंह, घोसी एसडीएम राजेश अग्रवाल, घोसी ब्लाक प्रमुख रामकृष्ण यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुजीत सिह और अन्य गणमान्य अतिथि भाग लिए। कार्यक्रम का संचालन स्वाती स्पेन्टोस प्राइवेट लिमिटेड युनिट 01 के क्वालिटी कन्ट्रोल के ईन्चार्ज अभय राय ने किया। कार्यक्रम मे कम्पनी के उदित, अभय, महेश, अनुज, केउर पटेल, अजीत एवं अन्य ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## मनमाफिक काम को लेकर ठेकेदार ने सभासद प्रतिनिधि को दी धमकी

**कोपागंज, मऊ।** मनमाने काम को लेकर नगर पंचायत के एक ठेकेदार द्वारा सभासद प्रतिनिधि को धमकाने और गाली-गलौज करने के बाद मामला तूल पकड़ लिया है। उधर मामले को रफा-दफा करने को लेकर ईओ चेयरमैन प्रतिनिधि कोशिश में लगे हुए हैं वार्ड नंबर तेरह के सभासद प्रतिनिधि बुद्धिराम राजभर है। इनके वार्ड में गन्दे पानी के निकाली के लिए नाला का निर्माण चल रहा है। बताया जाता है कि शनिवार को सभासद प्रतिनिधि निर्माण स्थल पर पहुंचे और गलत जगह पर नाला निर्माण किए जाने का विरोध करते हुए काम रोकवा दिया। जैसे ही जानकारी ठेकेदार को हुई तो तो उसने सीधे सभासद प्रतिनिधि के मोबाइल पर धमकियां देते हुए कहा कि काम होने दो नही तो तुम्हें ठीक कर दूंगा।

## राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल सात विद्यार्थी किये गये सम्मानित

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** स्थानीय ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सुरहुरपुर और मालव में शनिवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी सफल विद्यार्थियों को गणमान्य अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने माल्यार्पण कर उपहार प्रदान किया और मुँह मीठा कराके हौसला आफजाई की। सुरहुरपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के 06 और मालव के 01 विद्यार्थी ने जिले के कुल 147 सफल विद्यार्थियों में अपना नाम शुमार कराया है। सुरहुरपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय अपने शैक्षिक, प्रशासनिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए प्रति वर्ष सुर्खियां बटोर रहा है। इस साल भी मुहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक का यह इकलौता वह विद्यालय है, जहां के 06 विद्यार्थी आशीष सरोज, सुधांशु, अनुराग चैहान, जया यादव, अनूप और अनिकेत यादव ने जिला सूची में अपना स्थान बनाये हैं। इस योजना के तहत सफल छात्रों को इंटर तक की शिक्षा तक चार साल शासन द्वारा प्रतिमाह एक हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता संजय तिवारी, प्रधानाध्यापक द्वय विजय सिंह व स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित किया। संचालन सतीश मौर्य व धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापिका प्रतिमा राय ने किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी श्वेता मौर्या ने सफल बच्चों को बधाई संदेश भेजा। कार्यक्रम में श्रवण, रामप्रवेश, विजय शंकर, गीता सुमन, आशा, पारस राम, पंकज, विनोद आदि मौजूद रहे।

# डीसीएसके पीजी कॉलेज में लोक रंगोत्सव का आयोजन




**मऊ।** देवश्री न्यास मऊ द्वारा 27 व 28 फरवरी को आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य संगम के दूसरे दिन लोक रंगोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत शुक्रवार की शाम को जीवन लाल और उनके साथियों द्वारा धोबिया लोक नृत्य एवं आनंद चैहान और उनके साथियों द्वारा गोड़ऊ लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गई। लोक रंगोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जननायक चन्द्रशेखर वि.वि. के कुलपति प्रो. संजीव गुप्ता, विशिष्ट अतिथि एलएस कालेज के भोजपुरी विभाग के अध्यक्ष प्रो. जयकांत सिंह, कार्यक्रम के संयोजक प्रो. शर्वेश पाण्डेय एवं अन्य सम्मान्य अतिथियों ने माँ वाग्देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शिवांशी, तान्या व नीशू की टीम ने सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया। देवश्री न्यास ने एक अच्छी परम्परा की शुरूआत करते हुए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद के चार लोगों को देवश्री न्यास अलंकरण से अलंकृत किया, जिसके अन्तर्गत भोजपुरी के वरिष्ठ कवि पं. दयाशंकर तिवारी को भोजपुरी साहित्य के क्षेत्र में, जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. गंगासागर सिंह को चिकित्सा के क्षेत्र में, आनंद प्रताप सिंह को पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु तथा देवाश्रम संस्था के निदेशक पीएन सिंह को लावारिस शवों के दाह संस्कार हेतु सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रो. संजीव गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए कहा कि लोक में जो घटित हुआ है वही हमारी विरासत व पहचान है। जब हम अपनी बोली में बात करते हैं तो आत्मीय रूप से जुड़ते हैं। जो लोकानुभव समाज में व्याप्त है वही हमारे वास्तविक ज्ञान का स्रोत हैं। आज लोक संस्कृति के संरक्षण की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि प्रो. जयकांत सिंह ने बताया कि भोजपुरी लोकजीवन का सांस्कृतिक पक्ष बहुत मजबूत है। लोक पहले और वेद बाद में आया। मैं तो यह मानता हूँ कि लोक दूध है तो वेद मलाई है। ऋचा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सोनी धापा इण्टर कालेज की छात्राओं ने विभिन्न लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के संयोजक प्रो. शर्वेश पाण्डेय ने किया। संचालन प्रो. सीपी राय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन आनंद प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सह संयोजक डॉ. कमलेश राय, प्रो. कंचन राय, देवेश राय, सचिन्द्र सिंह, ब्रजमोहन पाण्डेय, प्रो. उदय प्रताप सिंह, प्रो. ब्रजभूषण मिश्र, बृजेश गिरि, नूपुर, पूनम, सचिन्द्र सिंह, देवभास्कर तिवारी, पूजा, आदि सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### लिटिल चैम्स कॉन्वेन्ट स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन



**बेल्थरारोड (बलिया)।** स्थानीय नगर के बांसपार बहोरवा मार्ग स्थित लिटिल चैम्स कान्वेन्ट स्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक छविनाथ विश्वकर्मा ने आज की शिक्षा पद्धति पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का मनोरंजन भी अति आवश्यक है। वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुति को देख उन्होने सराहा, और अपने संदेश में कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा की प्रगति निरन्तर मेहनत तथा लगन से करनी चाहिए ताकि आने वाले समय में वे डाक्टर, अधिकारी, इंजीनियर आदि बनकर अपने माता-पिता, गुरुजन सहित क्षेत्र व जनपद का नाम उज्जवल कर सके। स्कूल के प्रबन्धक रमेश शर्मा एवं प्रिंसिपल सीमा शर्मा ने वाषिकोत्सव में अपने सहयोगियों संग शिक्षक/शिक्षिकाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने नाटक के माध्यम से मोबाइल चलाने के दुष्प्रभाव की जहां प्रस्तुति की वहीं क्लास 4,5 और 6 के बच्चों द्वारा योगासन के माध्यम से पिरामिड बनाने की प्रस्तुति दी। इसके अलावे ग्रुप डांस, गजल, हास्य की प्रस्तुति, यातायात जागरुकता, कठपुतली डांस, नेकी व्यर्थ नहीं जाती आदि की प्रस्तुतिकरण बच्चों ने की। इन कार्यक्रमों में आराध्या, सीवी, सान्वी, अरीबा, आलिया, अलिशा, श्रेया, शिवांगी, अदीबा, वंशिका, आर्यन, रजत, अमन, अभिनव, शौर्य, मयंक, रमसा, हुजैफा, हसन, काशवी, कार्तिक आदि ने अपनी प्रस्तति दी। स्कूल परिवार से सुधीर, विशाल, योगेश, मारकंडेय, विष्णु, आदित्य कृष्णा, ओम, शैलेश, वरुण, शाहिद, रीता, कु0 खुशबू, वन्दना कसेरा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रबन्धक रमेश शर्मा एवं संचालन अंजली विश्वकर्मा, मनिषा एवं अरशद हिन्दुस्तानी ने संयुक्त रुप से किया।

### खेलकूद में छात्राओं ने दिखाया अपना हुनर



**रसड़ा।** श्रीमती फुलेहरा महिला पीजी कालेज कमतैला रसड़ा के मैदान में दूसरे दिन शनिवार के दिन विद्यालय के प्रबंधक गोविंद नारायण सिंह प्राचार्य विनय कुमार गिरी संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर खेल का प्रारंभ किया। शनिवार को खेलों में छात्राओं ने अपने हौसला जमकर प्रदर्शन किया और अपनी सभी खेलों से उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। इस मौके पर कबड्डी को-को बैडमिंटन वॉलीबॉल ऊंची को लंबी कूद गोला तो शतरंज जूडो कैरमबोर्ड आदि में छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर मीरा सिंह, प्राचार्य डॉ विनय कुमार गिरी, सुधाकर सिंह, अंजनी सिंह, वीरेंद्र मोर्या, रेफरी के भूमिका में संजय सिंह, अरुण सिंह, अजय सिंह, मुकेश यादव, रहे। अंत में मीरा सिंह द्वारा खिलाडिों को हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

### महापंचायत में अधिवक्ताओं ने सरकार के विरुद्ध फूंका बिगुल

**बलिया।** पूरे प्रदेश के बार एसोसिएशन द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक अधिवक्ताओं के भिन्न भिन्न मुद्दों एवं राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा तानाशाही व मनमाना रुख अख्तियार करने एवं अधिवक्ताओं के विरुद्ध फर्जी प्राथमिकी दर्ज कराने अधिवक्ता संशोधन विधेयक संशोधन 2025 प्रस्तावित करने को लेकर एकत्रित अधिवक्ताओं ने क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन के ऊपरी तल पर अधिवक्ता सभागार में महापंचायत हुई। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के वाराणसी से अवधेश सिंह के नेतृत्व में जौनपुर के सुभाषचंद्र यादव, आजमगढ़ से वीरेंद्र यादव, मेरठ से रविन्द्र कुमार सिंह, प्रयागराज से दिनेश पांडे, बलरामपुर से भगवानदास सिंह, पीलीभीत से मोहन गिरी, देवरिया से सिंहासन गिरि, बस्ती से अजय सिंह, कानपुर से नरेंद्र त्रिपाठी, बलिया से रणजीत सिंह, देवेंद्र कुमार दूबे, व राजेश श्रीवास्तव, गोरखपुर से भानु प्रताप पांडे, सिद्धार्थनगर से इंदु कुमार सिंह, अयोध्या से गिरीश तिवारी, आंबेडकर नगर से के डी शुक्ला, सोनभद्र से सत्यदेव पांडे, मऊ से दरोगा सिंह, मिजार्पुर से संजय उपाध्याय, समेत आदि जिलों के अध्यक्ष मंडल एवं अन्य पदाधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ताओं की सहभागिता रही। अधिवक्ताओं कहा कि विधि कार्य विभाग भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 वापस लिए जाए। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू किया जाए। संचालन रामविचार यादव ने किया।

### सपा, बसपा छोड़ दर्जनों ने ली आजाद समाज पार्टी की सदस्यता

**रसड़ा।** ग्राम सभा फतेपुर में शनिवार को जिला प्रभारी सतीश चन्द्र की अध्यक्षता में आजाद समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। मुख्य अतिथि आजमगढ़ मंडल प्रभारी डॉक्टर राजकुमार भारती रहे। बैठक के दौरान आजाद समाज पार्टी ने बूथ गठन की प्रक्रिया को भी पूरा किया, जिसमें दर्जनों लोगों ने बसपा और सपा जैसी अन्य पार्टियों को छोडकर आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ली। जिसमें समाजवादी पार्टी छोडकर आए शब्बीर अहमद को बलिया जिला का जिला संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा मुख्य अतिथि आजमगढ़ मंडल प्रभारी डॉक्टर राजकुमार गौतम ने कहा, कि आजाद समाज पार्टी गरीब, शोषित और वंचित वर्गों की आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम चाहते हैं कि हर वर्ग के लोगों को न्याय और समान अधिकार मिले। बैठक में राम जी, रामबाबू, सुनील, हरिंदर राम, सलीम, हबीब, मंसूर, दिलशाद आदि उपस्थित रहे।

### युवक की मौत के मामले में नगरपंचायत बैरिया पर मुकदमा

**बैरिया (बलिया)।** नगर पंचाया बैरिया के एक कस्बे के कुंवर टोली अवस्थित नगर पंचायत के गड्ढे में डूब कर गुरुवार की रात कुंवर संदीप सिंह 32 वर्ष पुत्र कामेश्वर कुंअर की मौत के मामले मे चचेरे भाई मनीष कुमार के तहरीर पर नगर पंचायत बैरिया के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला पुलिस ने दर्ज किया गया है। प्रभारी कोतवाल सुशील कुमार दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर शुक्रवार को नगर पंचायत के खिलाफ अपराध संख्या 94/2025 धारा 106 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 12 मामलों में किसी का भी नहीं हुआ निस्तारण

**बेल्थरारोड।** तहसील सभागार में एसडीएम निशांत उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 12 शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए। इनमें किसी का भी मौके पर निस्तारण नहीं किया गया। सभी प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए संदर्भित कर दिया। इनमें राजस्व, पुलिस, विकास व अन्य विभागों से संबंधित मामले शामिल हैं, जिसके निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। एसडीएम उपाध्याय ने संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निर्धारित समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया।

### इंस्टाग्राम पर अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**दोहरीघाट, मऊ।** साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। दोहरीघाट पुलिस ने इंस्टाग्राम पर अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान निरंजन राव पुत्र वीरेंद्र प्रसाद निवासी चकभगवानदास, थाना दोहरीघाट, जनपद मऊ के रूप में हुई है। थाना दोहरीघाट पुलिस टीम ने आरोपी को षनिवार को सुबह करीब 10:05 बजे उसके घर से गिरफ्तार किया। सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी के कारण लोगों में आक्रोश फैल गया था। इस मामले में थाना दोहरीघाट में मु०अ०सं० 0023/2025 धारा 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सुभाषचंद यादव, हेड कांस्टेबल राजबहादुर यादव, कांस्टेबल संदीप यादव शामिल रहे।

### होली को लेकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ विशेष गाड़ी का होगा संचालन

**मऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 07, 09, 14 एवं 16 मार्च, 2025 को तथा मऊ से 09, 11, 16 एवं 18 मार्च, 2025 को 04 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 07, 09, 14 एवं 16 मार्च, 2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान कर ठाणे से 12.38 बजे, भुसावल से 19.15 बजे, कटनी से 04.50 बजे, प्रयागराज छिवकी से 11.05 बजे, वाराणसी जं. से 16.00 बजे, जौनपुर से 18.15 बजे तथा औंड़िहार से 19.10 बजे छूटकर मऊ 20.20 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 01124 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 09, 11, 16 एवं 18 मार्च, 2025 को मऊ से 05.50 बजे प्रस्थान कर औंड़िहार से 07.00 बजे, जौनपुर से 08.35 बजे, वाराणसी जं. से 10.00 बजे, प्रयागराज छिवकी से 14.20 बजे, मानिकपुर से 17.02 बजे, दूसरे दिन खंडवा से 04.43 बजे, भुसावल से 06.55 बजे, जलगांव जं. से 07.18 बजे, नासिक रोड से 10.30 बजे तथा ठाणे से 14.55 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 16.45 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 09, शयनयान श्रेणी के 06, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 03 तथा एसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।


## मूल्यांकन

# जीवनानुभों का साहित्यिक प्रतिबिंब

**डॉ. रमेश चन्द मीणा**



डॉ. विवेक कुमार मिश्र का प्रथम कहानी संग्रह ऱगिलुभाई एवं अन्य कहानियाँऱ केवल एक कहानी संग्रह नहीं, बल्कि जीवनानुभवों, सामाजिक यथार्थ, मानवीय संवेदनाओं और सांस्कृतिक चेतना का साहित्यिक प्रतिबिंब है। इसमें संकलित दस कहानियाँ ग्रामीण जीवन की सहजता, प्रकृति के प्रति आत्मीयता, सामाजिक बदलाव और मानवीय संबंधों की गहराई को दशार्ती हैं। लेखक का दृष्टिकोण विशुद्ध भारतीय है, जिसमें परंपरा और आधुनिकता का सामंजस्य विद्यमान है। इन कहानियों की सबसे बड़ी विशेषता उनकी वास्तविकता और संवेदनशीलता है, जो पाठक को सीधे उनके परिवेश से जोड़ती हैं। 1. चक्की पर चाक होता मन- यह कहानी ध्रुपद कुमार और लाली के माध्यम से प्रकृति और मनुष्य के गहरे संबंध को रूपायित करती है। चक्की के दो पाटों की भांति पुरुष और प्रकृति के बीच आकर्षण और संघर्ष का संतुलन यहाँ प्रतीकात्मक शैली में उकेरा गया है। ग्रामीण प्रेम की निश्छलता और जीवन की जटिलता इस कथा का भावनात्मक आधार है। प्रतीकों के माध्यम से लेखक ने जीवन-दर्शन की गहराइयों को स्पर्श किया है। 2. अथ संकटा प्रसाद- यह कथा महुआ प्रसाद और महुआ के वृक्ष के बीच अटूट संबंध को चित्रित करती है। यहाँ महुआ केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि लोक संस्कृति और सामाजिक चेतना का प्रतीक है। पेड़ों के संरक्षण की अवधारणा के साथ यह कहानी पर्यावरणीय विमर्श को भी जन्म देती है। संकटा प्रसाद जैसे हास्यबोध से भरपूर चरित्र कहानी को मनोरंजक बनाते हैं, जिससे यह पाठक के भीतर गहरी संवेदनशीलता जागृत करती है। 3. कटहल का पेड़- लेवा मिसिर जैसे ठेठ ग्रामीण पात्र के माध्यम से लेखक ने हास्य और ग्रामीण जीवन की सहजता को सजीव किया है। यह कहानी गाँव के यांत्रिक बदलाव और परंपरागत जीवनशैली के द्वंद्व को उजागर करती है। कटहल के पेड़ के प्रतीकात्मक उपयोग से यह कथा सामाजिक परिवर्तनों की बारीक पड़ताल करती है, जिससे यह मात्र हास्य-कथा न रहकर गहरे सामाजिक यथार्थ का चित्रण बन जाती है। 4. बेंगु चाचा और किस्तों में किस्से- बेंगु चाचा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि लोककथाओं की जीवंत परंपरा का प्रतीक हैं। उनकी किस्सागोई समाज को आनंदित करती है और जीवन के संघर्षों से परे ले जाती है। यह कहानी दिखाती है कि ऐसे पात्र समाज में कितने आवश्यक हैं, जो दुनिया की जटिलताओं से मुक्त कर, जीवन को हास्य और आनंद से भर देते हैं। मौखिक परंपरा की सजीवता को यह कहानी विशेष रूप से स्थापित करती है। 5. गिलुभाई- संग्रह की शीर्षक कथा गिलुभाई समसामयिक यथार्थ और डिजिटल दुनिया के प्रभावों को बारीकी से विश्लेषित करती है। यह कहानी आभासी दुनिया और सामाजिक अस्तित्व के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करती है। लेखक ने यह दशार्ने में सफलता पाई है कि तकनीकी युग में मानवीय सरोकार किस प्रकार प्रभावित हो रहे हैं और कैसे व्यक्ति अपनी पहचान बनाए रखने के लिए संघर्षरत है। 6. सूप के ऊपर मलाई- इस कथा में सूप केवल एक पेय नहीं, बल्कि जीवन का प्रतीक बन जाता है। यह कहानी छोटी-छोटी खुशियों और मूल्यों को 'रससिक्त' करने की प्रक्रिया को दशार्ती है। भौतिकता के परे जीवन के गूढ़ अर्थों को समझने के लिए यह कथा प्रेरित करती है, जिससे इसकी प्रभावशीलता और भी बढ़ जाती है। 7. लाल गाड़ी, लाल साहब- इस कथा में 'लाल' रंग के माध्यम से सत्ता, मानवीय स्वभाव और व्यक्तित्व की परतों को खोला गया है। यह केवल एक गाड़ी और साहब की कहानी नहीं, बल्कि लाल रंग के प्रतीक के माध्यम से सामाजिक विडंबनाओं पर तीखी दृष्टि डालती है। लेखक ने मानवीय व्यवहार और उसके परिवर्तनशील स्वभाव का जो सूक्ष्म अवलोकन किया है, वह इस कहानी को विशिष्ट बनाता है। 8. स्कूटी और दीवार और खुदा नाम- यह कहानी जयपुर की ऐतिहासिकता और आधुनिकता के द्वंद्व को दशार्ती है। रिया और देवेश के माध्यम से केवल एक प्रेम कथा नहीं, बल्कि वास्तुकला, शहर की आत्मा और समय के बदलावों को भी अभिव्यक्त किया गया है। लोकबोध और आधुनिक बोध का जो समन्वय इसमें देखने को मिलता है, वह पाठक को गहरे स्तर पर प्रभावित करता है। 9. जटेश्वर बनाम जामबहु- इस कथा में शराब के जाम के प्रतीक द्वारा सामाजिक चिंतन और कटु यथार्थ को बुना गया है। यह कहानी केवल नशे की समस्या तक सीमित नहीं, बल्कि उसके सामाजिक और मानसिक प्रभावों को भी गहराई से उजागर करती है। मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण यह कहानी समाज में व्याप्त एक गंभीर मुद्दे पर विचार प्रस्तुत करती है। 10. खिड़की- यह कहानी दस खिड़कियों के माध्यम से जीवन-दर्शन को समझने का एक नया दृष्टिकोण प्रदान करती है। जीवन के विभिन्न पहलुओं को देखने और समझने का एक विस्तृत कैनवास यह कथा पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करती है। दार्शनिकता और सांकेतिकता से परिपूर्ण इस कहानी की विशेषता यह है कि यह पाठक को हर परिस्थिति में नए दृष्टिकोण से सोचने की प्रेरणा देती है।




इस संग्रह की कहानियाँ केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक, दार्शनिक और मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श प्रस्तुत करती हैं। ग्रामीण संवेदनशीलता व प्रकृति और मनुष्य के संबंध को इन कहानियों में अत्यंत आत्मीयता और सूक्ष्मता से उकेरा गया है। लेखक ने महुआ, कटहल, चक्की, लाल रंग, खिड़की जैसे प्रतीकों का प्रभावी प्रयोग किया है, जो कहानियों को गहरी अर्थवत्ता प्रदान करते हैं। भाषा सहज, प्रवाहमयी और भावनात्मक गहराई से युक्त है। संवादों में स्थानीयता और यथार्थ का रंग स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। कहानियों में ललित निबंध की सी संवेदनशीलता और सौंदर्यबोध झलकता है, जिससे वे केवल किस्सागोई न होकर, साहित्यिक दृष्टि से भी उत्कृष्ट बन जाती हैं। समस्त संग्रह देश, काल व वातावरण से सिक्त हैं।

प्रस्तुत कहानियाँ लेखक के जीवन से जुड़ी हैं, जिससे वे अत्यंत प्रामाणिक लगती हैं। इसमें लोकबोध, पर्यावरण चिंतन, आधुनिकता के प्रभाव और सामाजिक बदलावों की झलक स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। डॉ. विवेक कुमार मिश्र की लेखनी सहज, संवेदनशील और प्रभावशाली है, जो पाठक को न केवल भावनात्मक रूप से जोड़ती है, बल्कि उसे सोचने पर भी मजबूर करती है। यह संग्रह निश्चित रूप से हिंदी कथा-साहित्य में एक महत्वपूर्ण योगदान है और साहित्य प्रेमियों तथा शोधार्थियों के लिए पठनीय एवं संग्रहणीय कृति सिद्ध होगी।

पुस्तक का नाम - गिलुभाई एवं अन्य कहानियाँ, लेखक का नाम - विवेक कुमार मिश्र, प्रकाशक - वेरा प्रकाशन

**(सहायक आचार्य- चित्रकला, राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा, संपर्क 9816083135)**

---

**('ऐक्टिंग एंड बियांड' यानी अभिनय और उससे आगे। यह मशहूर रंगमंच विशेषज्ञ प्रसन्ना की महत्वपूर्ण पुस्तक है। इसमें रंगमंच, उसके विभिन्न पहलुओं और आम जन से उसके जुड़ाव तथा बदलाव में उसकी भूमिका पर गंभीरता से विचार किया गया है। जल्द ही यह हिंदी में भी उपलब्ध होगी। सोशल ऐक्टिविस्ट भर रंगमंच में सक्रिय भूमिका निभा रहे राकेश जी इसका अनुवाद कर रहे हैं। इस पुस्तक की भूमिका से आप इसकी गंभीरता और जरूरत का अनुमान लगा सकते हैं। राकेश जी के सौजन्य से प्रस्तुत है पुस्तक की भूमिका।)**

# अभिनय का अंतरंग और बहिरंग, एक सफर

**प्रसन्ना**

हालाँकि इस पुस्तक का लेखन कुछ वर्ष पहले शुरू हुआ था, लेकिन यह आगे नहीं बढ़ पा रही थी। इसका कारण यह था कि मैं एक ऐसी पुस्तक नहीं लिखना चाहता था जो केवल तकनीकी शब्दजाल से भरी हो। मुझे तकनीकी शब्दों से चिढ़ है। वास्तव में, पूरी दुनिया अब तकनीकी शब्दजाल में उलझ चुकी है। यह पाप करने के बाद, अब दुनिया को यह एहसास हो रहा है कि हम खुद को उस प्रौद्योगिकीय विनाश से नहीं बचा सकते जिसे जलवायु संकट कहा जाता है।

मैं रंगमंच से जुड़ा हूँ—एक ऐसा क्षेत्र जो तकनीक के ठीक विपरीत है। रंगमंच सजीव संवाद और मानवीय अभिव्यक्ति के लिए है। इस असाधारण सत्य-खोजी खेल में अभिनेता केंद्र में होता है, न कि पैसा। हम स्वचालित दुनिया के ठीक उलट हैं। लेकिन अब हमें एक तरह का बंधुआ मजदूर बना दिया गया है, भले ही हमें अच्छा वेतन मिलता हो। हम अब एक अराजक और हिंसक डिजिटल मनोरंजन का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने वाले मजदूर भर रह गए हैं। इस अजीब स्थिति में, यह पुस्तक अभिनेता को फिर से सच्ची अभिनय प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास करती है।

सच्ची अभिनय प्रक्रिया, मैं महसूस करता हूँ, केवल अभिनेताओं के लिए ही नहीं, बल्कि नागरिकों के लिए भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। बस, दोनों इसे विपरीत दिशाओं से अपनाते हैं। अभिनेता जो एक झूठ से शुरू करते हैं, वे इसे प्रेरित अभिनय कहते हैं।

संवाद अदायगी का सत्यः यह पुस्तक एक और महत्वपूर्ण विषय की वकालत करती है—संवाद अदायगी। संवाद तभी सत्यपूर्ण लगता है जब उसे, और वह भी केवल आवश्यक होने पर, किसी क्रिया के बाद बोला जाए। यह सिद्धांत सिर्फ. अभिनेताओं पर ही नहीं, बल्कि नागरिकों पर भी लागू होता है। लेकिन आज हर कोई यूँ ही बोले जा रहा है, मानो सत्य सिर्फ. शब्दों का खेल हो।

इसका कारण यह है कि क्रिया, प्रेरणा, गतिविधि और उत्पादकता—ये सभी चीजें हमसे मशीनों ने छीन ली हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि अब यह मायने नहीं रखता कि बोले गए शब्द सत्य हैं, असत्य हैं, आवश्यक हैं या अनावश्यक। आज हर कोई बस एक दिखावटी प्रतिबद्धता में फंसकर कुछ भी बोल देता है, जो उस क्षण उसके मन में आता है।

यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए सच है जो आध्यात्मिक और राजनीतिक नेतृत्व की स्थिति में हैं।

श्रम और सच्ची क्रियाः यह कठोर सत्य मुझे तब समझ में आया जब मैंने एक ग्राम्य हथकरघा सहकारी संस्था चरखा में श्रम किया। वहाँ मुझे एहसास हुआ कि सच्ची क्रिया के सबसे निकट श्रम ही है। मैंने यह भी जाना कि हमारे देश की लंबी और गौरवशाली आध्यात्मिक परंपरा के मूल में श्रम ही रहा है। और इस परंपरा का अंतिम प्रतिनिधि गांधीजी थे। उन्होंने यदि चरखा को ध्यानमय क्रिया का माध्यम चुना, तो अन्य संतों ने श्रम के अलग-अलग उपकरणों को अपनाया। कुछ ने भिक्षा मांगने तक को अपनाया।

पुस्तक का रूपांतरणः इस सत्य को ठीक से कहने के लिए, मैंने महसूस किया कि यह पुस्तक अनुभव-आधारित होनी चाहिए। इसलिए मैंने खुद को ग्लैमर सिटी मुंबई के 'अभिनय बस्ती' में स्थापित किया और इस पुस्तक को वहीं केंद्रित किया। मैंने इसे एक अच्छे नीयत वाले अभिनय शिक्षक और युवाओं के एक समूह के बीच संवाद के रूप में फिर से लिखना शुरू किया। तब पुस्तक आगे बढ़ी।

वहाँ मैंने खुशी भी महसूस की और दुख भी। अभिनेताओं की बस्तियों में रहना एक झकझोर देने वाला अनुभव था, लेकिन वहाँ की ऊजार्वान और संघर्षरत युवा पीढ़ी से संपर्क कर मुझे अत्यंत खुशी हुई।

ये युवा गहरे और व्यक्तिगत रूप से अपनी भावनाएँ व्यक्त करना चाहते हैं। वे अभिनेता, गायक, नर्तक, लेखक—कुछ भी बनना चाहते हैं। लेकिन उनमें एक चीज की कमी है—सच्ची क्रिया। और इसके लिए मैं हम, बूढ़ों को जिम्मेदार मानता हूँ।

ग्लैमर बनाम थिएटरः यह एक विपर्यय (पैराडॉक्स) है। हमने जीवंत रंगमंच और डिजिटल मनोरंजन के बीच का अंतर मिटा दिया। हमने इसको वह और उसको यह समझ लिया। और अब हम युवा पीढ़ी को दोष दे रहे हैं।

लेकिन मुझे युवा पसंद आए। उनकी अजीब पोशाकों और व्यवहार के बावजूद, उनमें से अधिकांश सभ्य इंसान लगे। उनके अजीब फैशन और आदतें सिर्फ उनका बचकाना विरोध प्रदर्शन थीं।

मैंने खुद पाँच दशकों तक मुंबई से बचने की कोशिश की क्योंकि मैं जीवंत रंगमंच से अभिनेताओं के पलायन का विरोध कर रहा था। लेकिन अब, जब मैं खुद इस बस्ती के भीतर था, तो मैंने स्थिति को और स्पष्ट रूप से देखा।

ग्लैमर का क्रूर नियमः ये युवा शिक्षित और प्रेरित हैं। लेकिन ग्लैमर इंडस्ट्री की स्थिति को देखते हुए, इनमें से अधिकांश शीर्ष तक नहीं पहुँच पाएंगे। लेकिन हाँ, वे निश्चित रूप से नीचे तक पहुँच जाएंगे। क्योंकि ग्लैमर की दुनिया का नियम यह है कि एक सुपरस्टार बनाने के लिए लाखों 'नॉन-स्टार्स' का निर्माण किया जाता है।

ग्लैमर लॉटरी से भी बदतर हैः राष्ट्रीय संकटः गेटो (बस्ती) में तब्दील होता अभिनय

अभिनेताओं, अभिनय और सत्य का यह गेटोकरण (बस्तीकरण) एक राष्ट्रीय संकट से कम नहीं है। हजारों युवा अपने घरों, यहाँ तक कि अच्छी नौकरियों को छोड़कर, इस






अंधकूप में आ रहे हैं।

कल्पना कीजिए! यही वे युवा हैं जिन्होंने कभी महान राष्ट्रीय नेताओं को जन्म दिया था। इन्होंने हमें स्वतंत्रता दिलाई, हमारे वैज्ञानिक, शिक्षक, विद्वान और कलाकार दिए। सोचिए, अगर विवेकानंद या भगत सिंह किसी और परिस्थिति में मुंबई के ग्लैमर गेटो में चले जाते? हमने मुंबई का निर्माण किया। और मुंबई ने इस भयावह गेटो का निर्माण किया।

हमने युवा पीढ़ी के हर पहलू का गेटोकरण कर दिया। अब कोई भी प्रकार की बयानबाजी—चाहे वह हिंदुत्व की हो, कट्टरपंथी इस्लाम की हो, या समाज-उत्तरदायित्व की—हमें इस अपराध से नहीं बचा सकती।

आभार और समर्पणः इस पुस्तक को लिखने में युवा अभिनेता मित्रों ने मेरी मदद की। वे बहुत अधिक हैं, इसलिए मैं उनके नाम नहीं ले सकता, लेकिन उनका धन्यवाद करता हूँ।

विश्वास, जो एक अभिनेता और फोटोग्राफर हैं, ने बस्ती, समुद्र, इमारतों, पक्षियों और नाट्य प्रदर्शन की अद्भुत तस्वीरें खींची, जो यहाँ रूपांतरित रूप में उपयोग की गई हैं।

---

# हिन्दी और हमारी 'हिन्दी'

**भाषा चर्चा**

**विनोद शाही**



हिन्दी के विकास का सवाल तब पैदा होता है, जब हम स्पष्टता के साथ यह जान रहे होते हैं कि हम किस हिन्दी की बात कर रहे हैं?

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें आज भी यह सवाल पूछना पड़ता है कि हम किस हिन्दी के विकास की बात कर रहे हैं? क्या हम उस हिंदी की बात कर रहे हैं, जो संख्या-बल के आधार पर दुनिया की तीसरी या चौथी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है? या वह हिंदी, जो ज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी होने से जुड़े अपने अतीत गौरव को एक हद तक गंवा चुकी है? क्या यह वह हिंदी है, जिसे हम भारत में सांस्कृतिक समन्वय की भाषा के तौर पर देखते हैं? या वह हिंदी, जो उर्दू से अपनी अलहदगी के भंवर में फंसी हुई सांप्रदायिक आधार पर विभाजित हो चुकी है? क्या यह वह हिंदी है, जो अपने आविर्भाव काल में देश-विदेश की बहुत सी भाषाओं के साथ संवाद करने की स्थिति में दिखाई देती रही है? या वह हिंदी है, जो आज अपने राष्ट्रीय वर्चस्व को राजनीतिक रूप में स्थापित करने की फिराक में है? क्या यह वह हिंदी है, जिसे हजारी प्रसाद द्विवेदी 'मुसलमानी भाषा' कहते हैं? या वह हिंदी है, जिसे हम वैदिक पृष्ठभूमि से जोड़ते हुए अपनी परंपरा और संस्कृति के अंतर्विकास की अविच्छिन्न धारा की परिणति मानते हैं?

ये सवाल इसलिये जरूरी हैं, क्योंकि जिसे हम साहित्यिक या अकादमिक हिन्दी' की तरह प्रचलित होता देख रहे हैं, वह हिन्दी के हिन्दी की तरह प्रकट होने के इतिहास की अनदेखी करती है। अतः वह एक तरह की 'आत्म-विरुद्ध धारणा' बन जाती है।

दूसरी तरफ हिंदी का हिंदुस्तानी वाला सामान्य संसार है। बोल-चाल की भाषा के मुख्य आधार के रूप में वह, मुकाबलतन अधिक प्रचलन में दिखाई देता है। परंतु हमारे समय तक आता आता हिंदी का यह रूप, स्वतंत्रता संग्राम से पाए हुए अपने संघर्षशील सरोकारों को बहुत पीछे छोड़ चुका होता है। अब वह सूचना-तंत्र से लेकर फिल्मों की दुनिया तक के लिए इस्तेमाल में तो खूब आ रहा है, परंतु गहरे सांस्कृतिक संस्कारों और माणवीय रूपांतरण की प्रक्रियाओं से कुछ खास संचालित होता दिखाई नहीं देता।

हालांकि अपने आविर्भाव काल में हिंदी, अपने स्वरूप में इस तरह अंतर्विभाजित नहीं थी। यह तब की बात है, जब रेशम-मार्ग के रास्ते अचानक तेज हो गई व्यापारिक आवाजाही, हमारे भाषा-परिदृश्य को आमूल-चूल बदल रही थी। व्यापारियों के बहु-देशीय आदान-प्रदान की अंतः-क्रियाएँ, हिन्दी को हिन्दी बनाने का आधार प्रदान कर रही थीं। ऐसे में संस्कृत से उपजी विविध अपभ्रंशों के, अरबी-फारसी के साथ हुए आत्मीय संवाद एवं परस्पर आत्मसातीकरण से, हिन्दी का जन्म हुआ है। व्यापारियों की यह जुबान, फिर जब धीरे-धीरे हमारी संस्कृति की जुबान भी बनने लगती है, तब हिंदी को हिंदी होने का मजबूत आधार मिल जाता है। व्यापारियों की भाषा उसे जमीन देती है और विविध संस्कृतियों का आकाश उसे उसकी आत्मा। इस तरह प्रचलन की भाषा और सोच-विचार की भाषा में आमतौर पर जो फर्क दिखाई देता है, वह हिंदी के आविर्भाव काल में करीब-करीब अनुपस्थित है। वहां हमारे लोग जिस जुबान में बोलते हैं, उसी जुबान में साहित्य की रचना भी करते हैं।

सांस्कृतिक धरातल पर यह दौर, भारतीय और इस्लामी संस्कृतियों के भारत-भूमि पर महा-मिलन का दौर है। तब बरास्ते अफगानिस्तान, भारत आने वाले सूफियों के साथ, हमारे सिद्धों-नाथों-योगियों के अंतरंग संवाद घटित होते हैं। यह संवाद ही दर्शन और साहित्य की एक नयी भाषा के रूप में गहरा जाते हैं।

इस तरह हिन्दी के भाषागत विकास की असल जमीन, अंतरानुशासनात्मक स्वरूप वाली हो जाती है। ज्ञान के स्रोत पीछे संस्कृत व अरबी-फारसी में उपलब्ध, दोनों विशिष्ट धाराओं का संगम-स्थल हो जाते हैं। हिन्दी में प्रयोग में आने वाला एक-एक शब्द इन दोनों ज्ञान-धाराओं के भीतर से अर्थ पाता है और तब कहीं जाकर अपने में अन्तर्विकास करता है।

हिंदी के आविर्भाव की इस सांस्कृतिक-भूमि को अपनी निगाह में रखेंगे, तो यह समझ पाना कठिन नहीं होगा कि हिंदी के स्वरूप की सम्यक व्याख्या के लिए हमें उसकी दार्शनिक पृष्ठभूमि की ओर देखना ही पड़ेगा। वहां पीछे जो दार्शनिक परिदृश्य दिखाई देता है, वह भारतीय और मध्य-एशियायी वैदिक तथा इस्लामी संस्कृतियों के बीच संवाद का आधार बनता है।

अगर हम हिंदी के पहले कवि सरहपा की सांस्कृतिक चेतना के स्रोतों को ही ध्यान से देखते हैं, तो उनसे एक कवि की ही नहीं, हिंदी भाषा के वैचारिक ताने-बाने की खबर भी, मिलनी आरंभ हो जाती है। हम पाते हैं कि उनके गुरु जैन थे और गुरु के गुरु बौद्ध। उनके गुरु ने अनेकांतवाद का दर्शन विकसित किया था, तो गुरु के गुरु ने अपोवाद का। भारत की दर्शन परंपरा में ये दोनों मत सर्वाधिक प्रजातांत्रिक और बहुलता-धर्मी माने जा सकते हैं। इनकी वजह से एक ऐसा उदारता-पूर्ण विचार-परिदृश्य तैयार होता है कि भारत दो महान संस्कृतियों के ज्ञान के स्रोतों के बीच आपसी संवाद के लिए खुल जाता है। इससे हमारे सामने आखिरकार जो भाषा प्रकट होती है, उसका नाम है हिंदी। दार्शनिक या ज्ञान-मूलक संवाद-धर्मिता हिंदी को हिंदी बनाती है।

इसलिए हिंदी के स्वरूप को भाषा-वैज्ञानिक तरीके से ही समझते रहने से न केवल हमारी समझ अधूरी और अपर्याप्त रहती है, उससे अनेक भ्रम भी पैदा हो सकते हैं। उनके निराकरण के लिए जरूरी है कि हम हिंदी की इस भाषा-दार्शनिक अंतः-संरचना को ठीक से समझने का एक गंभीर प्रयास करें।

हिंदी के इस आविर्भाव काल के बाद बारी आती है, उसके विकास के विविध चरणों को समझने की। तो बाद के समयों में कुछ ऐसा घटता है कि एक भाषा के रूप में हिन्दी, अनेक रूपों में अन्तर्विभाजित हो जाती है। यहां तक कि हिंदी के असल स्वरूप को ढापने वाले अनेक छद्म विकास-रूप भी उसपर आरोपित हो जाते हैं। जैसे कि आधुनिक और मध्यकाल के संक्रांति-काल में उसका रेख्ता, हिंदुस्तानी या हिंदवी वाला रूप सामने आता है। फिर औपनिवेशिक दौर में इस भाषा का 'हिन्दी' और उर्दू' के रूप में अन्तर्विभाजन हो जाता है। वह इसके भाषागत विकास को रोकने की एक मुख्य वजह सिद्ध होता है।

भाषा के विकास का आधार होते हैं, उस भाषा के अपने ज्ञान-मूलक स्रोतों के साथ सम्बन्ध। औपनिवेशिक दौर में हिंदवी का हिन्दी व उर्दू में जो अन्तर्विभाजन हुआ, उससे ये दोनों भाषाएँ, जो मूलतः एक थीं, एक-दूसरे के विरोध में खड़ी होकर अपनी शक्ति गंवाने लगीं। फिर एक धरातल पर यह दोनों भाषाएं प्रतिक्रियावादी, मूलवादी और पुनरुत्थान-वादी हो गयीं। इससे संस्कृत व अरबी-फारसी के सामाजिक यथार्थ में जो ज्ञानमूलक सूत्र, एक-दूसरे से गुंथे थे, वे एक-दूसरे के विरोध को मुखरित करने वाले तर्कों में बदल गये। यहां तक कि वे उसके विकास के विरोध में आ खड़े हुए। इस तरह अपने स्रोतों को, आपसी लड़ाई में उलझा पा कर हिन्दी, अपने ज्ञान-मूलक विकास के लिए अंग्रेजी की ओर देखने लगी। यह अंग्रेजी, हमारी शिक्षा की भाषा के तौर पर तो वर्चस्वी हो गई, पर हमारी 'संस्कार'-भाषा कभी नहीं बन सकी।

दरअसल किसी भाषा का विकास, उन बीज-शब्दों पर निर्भर होता है, जिनका सम्बन्ध, हमारे चित्त की स्मृति-परम्पराओं व संस्कारों से होता है। ये शब्द, उन विचार-श्रृंखलाओं से जुड़े होते हैं, जो हमारे जीवन और समाज को चेतन-अचेतन रूप में संचालित करते हैं। यह संचालन हमारे भीतर मौजूद मूल्य-चेतना के द्वारा होता है, जिसका निर्माण सदियों के सुदीर्घ अंतराल में, बड़े संघर्षों व अन्तस्संघर्षों से हुआ होता है। इन मूल्यों का एक पहलू नैतिक होता है, दूसरा निजी या आध्यात्मिक। हमारे सामाजिक व वैयक्तिक रूपान्तर व मुक्ति में इन्हीं की व्यापक भूमिका होती है।

औपनिवेशिक दौर में अंग्रेजी में तथा अंग्रेजी से अनूदित पुस्तकों के जरिये जो ज्ञान हमारे लिये अनिवार्य हो गया, वह 'उपयोगी' होते हुए भी, हमारे आमूलचूल रूपान्तर व हमारी मुक्ति का विधायक नहीं हो सका। 'आधुनिकता' हमारे लिय प्रगति व विकास का विधान करने वाली अवश्य हुई, परन्तु 'भाषा के अंतरंग विकास' की सहचरी होकर गहराई नहीं। इसलिये वह हमारे लिए, 'मूल्यों का अजनबी संसार' बनकर हमारे बीच उपस्थित रही।

यहाँ अब हमें व्यावहारिक रूप में 'अनुवादों की जरुरत होने के बावजूद यह बात अवश्य सामने रखनी होगी कि हम कैसे 'हिन्दी में हुए अनुवादों' को 'हिन्दी की अंतरंग प्रकृति' के सांचे में ढालने का काम कर सकते हैं? यानी हमें 'यथावत अनुवादों' की बजाय, अंग्रेजी व अन्य यूरोपीय भाषा की ज्ञानपरक किताबों के 'रचनात्मक अनुवाद' करने के वारे में सोचना होगा।

दूसरे, औपनिवेशिक दौर में हमें भाषा के तल पर 'हिन्दी' व 'उर्दू' में विभाजित करके कमजोर कर दिया गया। हिन्दी व उर्दू के अध्ययन को, उनके अपने ज्ञान के स्रोतों व उनकी सुदीर्घ परम्पराओं से अलहदा कर-के, हवा में लटका दिया गया। इस तरह हिन्दी व उर्दू, 'ज्ञान की भाषाएँ' न रहकर, केवल 'रोजमर्रा' के प्रयोग की सामान्य भाषाएँ' बन कर रह गयीं। शिक्षा के तल पर हिन्दी व उर्दू का अध्ययन, केवल 'साहित्य का अध्ययन' करने वालों के लिए ही थोड़े-बहुत उपयोग का रहा। हिन्दी व उर्दू में 'ज्ञानानुशासनों का अध्ययन' वेहद पिछड़ा, उथला और अप्रासंगिक हो गया। तो, इस कमी को दूर करने के लिये पुनः 'संस्कृत व अरबी फारसी' के ग्रंथों के अनुवाद करवाये जाने की जरूरत महसूस हुई।

परन्तु लगभग दो-तीन सौ सालों तक ज्ञान के 'विकास के इतिहास' का हिस्सा न रह जाने से अव इन ग्रंथों का अनुवाद भी समय से पिछड़ गयी कितावों का अनुवाद' हो गया है। इसलिये इन किताबों के 'यथावत अनुवाद' भी अब हमारे 'काम के नहीं रह गये हैं'। परन्तु हिन्दी व उर्दू के मिले-जुले मिजाज वाली भाषा का अंतर्विकास हो ही नहीं सकता, अगर हम उनके स्रोत-ग्रंथों के अनुवादों को पुनः अध्ययन के लिये जरूरी नहीं वनाते।

तब क्या किया जाये? अपने ज्ञान के स्रोतों में सम्यक वापसी के लिए हमें, 'रचनात्मक अनुवादो की अपने संस्कारों से मेल खाती हुई प्रासंगिक पुनर्व्याख्या करनी होगी। वहाँ मौजूद उन सूत्रों को रेखांकित करना होगा, जो आधुनिक उत्तराधुनिक ज्ञान-परम्पराओं के मौलिक नव-विकास के बीज अपने में समाहित किये हों

तथापि पहले हमें इस बात को समझना होगा कि हर भाषा की मूल-प्रकृति, उसकी अपनी होती है। अलग और विशिष्ट। कुमारजीव इस बात को समझते थे। उन्होंने बौद्ध-ग्रंथों के चीनी भाषा में जो अनुवाद किए, वे अनुवाद लगते ही नहीं। इसकी वजह यह थी कि उनकी माता चीनी थीं और पिता संस्कृत और पाली के विद्वान। उन्हें वे दोनों भाषाएं, मातृभाषा के रूप में मिली थी। इस वजह से वे एक ऐसा ऐतिहासिक काम कर सके, जो अन्यतम है। उनकी वजह से बौद्ध-ग्रंथ चीनी, जापानी और कोरिया जैसे देशों के लिए ऐसे ग्रंथ हो गए, जैसे कि उन्हें मूल-रूप में उन्हीं की संस्कार-चेतना वाली भाषा में लिखा गया था। बौद्ध धर्म के बहु-देशीय विकास में इस बात की बड़ी भूमिका है। ज्ञान परंपराओं का विकास, भाषा की मूल-प्रकृति की ऐसी बुनियादी समझ के बिना असंभव है।

जैसे कि एक दूसरी तरह से हिंदी के आविर्भाव काल में मुमकिन हुआ। तब हमने अरबी-फारसी की ज्ञान-परंपराओं को अपनी जुबान की तरह बोलना सीखा। वहां कुछ भी पराया नहीं है। ज्ञान के अपने और पराए, दोनों रूप वहां आत्माभिव्यक्ति करने वाले रूपों में बदल गए हैं।

तो हमारे सामने पूछा जाने लायक बुनियादी सवाल यह है कि हिंदी की मूल-प्रकृति क्या है? यहां जो बात समझने की है, वह यह है कि एक भाषा के रूप में हिंदी के केंद्र में क्या है? - वह है 'वाक'। 'वाक', यानी 'अभिव्यक्ति-पक्ष'। यह उसी तरह की चीज है, जैसे सभी भाषाओं की अपनी-अपनी प्रकृति होती है। जैसे हिंदी अगर स्वरूपतः वाक से अधिक संबंधित है, तो अंग्रेजी की मूल-प्रकृति मस्तिष्क की ओर तथा अरबी-फारसी की हृदय की ओर अधिक झुकती हुई मालूम पड़ती है। वाणी, हृदय और मस्तिष्क वाले दो ध्रुवों के बीच संतुलन का काम करती है। तंत्र में वह, 'स्वाधिष्ठान' तथा 'सहसराल' के बीच का 'विशुद्ध' चक्र है। वाणी, वाक का मुखर रूप है। हमारे वैदिक साहित्य की श्रुति-भाषा का केंद्र, वाक है। उसका संबंध, अभिव्यक्ति को, भाषा की बुनियादी वस्तु की तरह ग्रहण करने के साथ है। आधुनिक विज्ञान के नुक्ते-निगाह से इस बात को समझना चाहें तो कह सकते हैं कि तर्क-विवेक का संबंध, मस्तिष्क के बाय हिस्से से है, भाव का दाएं से, जबकि 'स्व'-भाव का दोनों को जोड़ने वाले 'ब्रेन स्टेम' के साथ।

मानव समाज की विविध जातियों के अभिव्यक्ति के तरीके, अलग-अलग जीवन-शैलियों, सभ्यताओं व संस्कृतियों की देन होते हैं। उसी के अनुरूप विविध जातियां, मस्तिष्क के विविध केंद्रों की ओर अधिक झुकी हुई मालूम पड़ती हैं। भाषा की मूल-प्रकृति को, इस तरह के जैव-पक्ष से संबंधित किए बिना नहीं समझा जा सकता। भाषा की इस तरह की दार्शनिक अर्थ-मीमांसा में गहराई में उतरे बिना हम, किसी भी भाषा की मूल-प्रकृति की बाबत स्पष्ट समझ पाने लायक नहीं हो सकते हैं।

यहां एक प्रयास किया गया है, अपनी परंपराओं के भीतर से अपनी भाषा की बुनियादी अर्थ-संरचना तक पहुंचने का। उसके अभिव्यक्ति-पक्ष को स्पष्ट करने का। और यह जानने का कि हम क्या करें, जिससे हमारी भाषा, 'ज्ञान की भाषा' होने के साथ-साथ हमारे मौलिक अग्र-विकास की हेतु हो सके। इतना ही नहीं, वह ऐसी भाषा हो सके, जिसमें हम सोचे ही नहीं, अपनी रूह को बोलता हुआ भी पाएं।

पर ऐसी समझ के लिए हमें भाषा की अर्थ-मीमांसा से लेकर, उसके व्यावहारिक अभिव्यक्ति रूपों तक के विवेचन में उतरना होगा और इसके लिए सिद्धांत और व्यवहार, दोनों को एक-दूसरे का सहचर बनाना होगा।

**( लेखक उपन्यासकार एवं वरिष्ठ आलोचक हैं, संपर्क 9814658 098)**

---

# पिता पर जसवीर त्यागी की कविताएं



### १. पिताजी

मेरे पिताजी कम बोलते हैं
उन्हें कभी खुलकर
हँसते हुए नहीं देखा
अक्सर वे धूप और बारिश में
बाहर होते हैं
मैं कई बार मन ही मन सोचता हूँ
पिताजी अकेले ही
धूप और बारिश से लड़ रहे होंगे
घर आने पर वे चुप रहते हैं
और एक ही कुर्सी पर
बैठे-बैठे घण्टों किताब बांचते रहते हैं
उस वक़्त मानो कोई पुजारी हों
बाहर जाते समय
उनका ध्यान बार- बार
घड़ी पर ही रहता है
शाम को देखता हूँ उनकी आँखों पर
दिन भर की धूल घर बना बैठी है
मुझसे रोज पूछते हैं
आज पढ़ाई की थी..?
मैं कहता हूँ..जी हाँ
उनका कम बोलना
मुझे बहुत सालता है
फिर एक रोज माँ से पूछा था
पिताजी हँसते क्यों नहीं?
माँ ने बताया
पिताजी ऐसे ही होते हैं
ऐसे ही क्यों..?
यही सब तो मैं जानना चाहता हूँ
यकायक मुझे ख़्याल आया
अपने जन्मदिन पर पिताजी के साथ
चार्ली चैपलिन की फिल्म देखूँगा
तब वे जरूर हँसेंगे
लेकिन! नहीं
उस दिन भी सामान्य
हर रोज की तरह
आखिरकार एक दिन
मन बांधकर पूछ ही लिया
पिताजी आप हँसते क्यों नहीं?
मेरी बात सुनकर
पिताजी हँसे थे
और मेरी पीठ थपथपाकर कहा था
बरखुरदार वक़्त को पहचानना सीखो
मैं देर रात तक
वक़्त को पहचानने का
अर्थ खोजता रहा
कुछ हाथ नहीं लगा
उस समय निरा बालक था
बाहर की धूप और बारिश से बेखबर
जब खुद पिता बना
अब समझ पाया हूँ
पिताजी की चुप्पी का कारण
और वक़्त को पहचानने का अर्थ ।

### २. खुशी

बच्चा काफी देर से
बर्फ का गोला लेने की जिद पर अड़ा है
पिताजी बालक की माँग को
अनसुना कर रहे हैं
लेकिन!शायद वो भूल रहे हैं
बच्चें रुचियों के राजा होते हैं
जो एक बार ठान लेते हैं उसे पाकर रहते हैं
बच्चा बर्फ का गोला लेकर खुश है
पिता बच्चे को देखकर खुश हैं
गोला बेचने वाला बेचकर खुश
खुशी किसी एक रूप में नहीं
अलग-अलग रूपों में जन्म लेती है
किसी को लेकर
किसी को देकर
और किसी को देखकर ही खुशी मिलती है।

### ३. रिश्ता

थाली सामने आने पर
भोजन के लिए
जब भी रोटी का टुकड़ा तोड़ता हूँ
अपने किसान पिता का चेहरा याद आता है
क्या रिश्ता है?
रोटी और पिता का
उनके जाने के वर्षों बाद भी
आज तक जिंदा है।

### ४. कद

मेरे पिता ऊँचे कद के थे
मैं उनके कद तक
पहुँच नहीं पाया
पिता को
मेरा कद देखकर
मलाल होता था
मुझे फख्र होता
पिता के ऊँचे कद को देखकर।

### ५. रोना

पिता के संसार से जाने के बाद
वह पहली बार मिला
अपने जिगरी दोस्त से
देखते ही गले मिलकर
फूट-फूटकर रोने लगा
दोस्तों को गले लगा देखकर
आँसू भी एक-दूसरे के गले जा लगे
दो दोस्त संसार से विदा हो चुके
अपने-अपने पिताओं की स्मृति में
खड़े-खड़े देर तक भीगते रहे
जबकि दोनों खुद पिता थे
और बच्चों की तरह रो रहे थे।

### ६. जतन

दोस्त के पिता
कुछ समय पूर्व ही दुनिया से विदा हुए थे
एक दिन उसने कहा-
यार जब भी तुम्हें देखता हूँ
मुझे तुम्हारे पिता याद आते हैं
तुम्हारी कद-काठी,अंदाजेबयां,हाव-भाव
सब अपने पिता पर है
उसकी बात सुनकर
मुझे बरसों पहले संसार से गये
अपने पिता याद आये
और पिता का जिक्र आते ही
दोस्त को भी गुमसुम
किसी अज्ञात की तरफ झाँकते हुए पाया
जीवन में जो बिछुड़ता है एक बार
इंसान उसे
न जाने किस-किस तरह पाने के जतन करता है।

### ७. हाथ बँटाना

जब कभी
घर में मरम्मत का कोई काम होता
पिता मजदूर के साथ काम में लग जाते
लोग कहते-
जब मजदूरी देनी है
तो काम भी मजदूर को करना चाहिए
पिता कहते-
क्या घटता है मेरा?
हाथ पर हाथ धरे रहने से
किसी का हाथ बँटाना अच्छा है।

# सपा के पूर्व एमएलसी के ड्राइवर को मारी गोली

**हालत गंभीर**

### मेंहनगर थाना क्षेत्र में हुई घटना, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

जनसंदेश न्यूज

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिहा गांव में भोज के दौरान शुक्रवार की देर रात समाजवादी पार्टी के पूर्व विधान परिषद सदस्य कमला प्रसाद यादव के ड्राइवर संजय वर्मा को गोली मारने का मामला सामने आया है। इस घटना को उस समय अंजाम दिया गया जब संजय वर्मा मेंहनगर थाना क्षेत्र के मनीहां गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। मामूली कहासुनी में चालक बेलभद्रपुर निवासी संजय वर्मा को नशे में धुत देवगांव कोतवाली के लभुआ कला निवासी विजय यादव ने गोली मार दी। गोली उनके बाएं पैर में लगी। गोली लगते ही गंभीर रूप से घायल संजय वर्मा को इलाज के लिए मंडलीय अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस भी मामले की छानबीन में जुट गई है।


अस्पताल में भर्ती संजय वर्मा।

## चौकीदार के घर था पूजन अर्चन का कार्यक्रम

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** मेंहनगर थाना क्षेत्र के मनिहा निवासी चौकीदार निर्मल यादव के घर पूजन-अर्चन के बाद खान-पान का कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में शामिल होने उनके रिश्तेदार देवगांव कोतवाली के लभुआ कला निवासी विजय यादव भी आया हुआ था। सभी लोग एक जगह बैठकर आपस में बात कर रहे थे। इसी बीच बातचीत और हंसी मजाक के दौरान बात बढ़ गई और विजय ने लाइसेंसी असलहे से गोली चला दी। इससे गोली उनके पैर में जा लगी। गोली लगते ही मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति हो गई। कार्यक्रम में शामिल बड़ी संख्या में लोग मौके से फरार हो गए। वहीं स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से गंभीर रूप से घायल संजय वर्मा को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल आरोपी की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# किन्नर समाज ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

जनसंदेश न्यूज

**अपील**

### क्षेत्र बंटवारे को लेकर किन्नरों में विवाद

### पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन

**आजमगढ़।** किन्नर समाज का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन सौंपा और सुरक्षा की गुहार लगाई। प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बकसपुर थाना बरदह व रूबी ग्राम सुल्तानुपर नवापुरा थाना तरवां के निवासिगण है प्रार्थिनी गण का ऐरिया पूरा पल्हना व लालगंज थाना देवगाँव है। हम लोगो का शादी विवाह व अन्य परियोजन में माँगने का एरिया है। जिसमें रेखा पूर्व प्रधान कस्बा थाना देवगाँव की है।

प्रार्थिनीगण को उक्त एरिये में जाने नही देती है। उनके साथ बाउसंर रहते है। जिनके द्वारा प्रार्थिनीगण को लाठी डण्डे से मरवाया जाता है दो बार घटना घटित हो चुकी है। एक बार समेदा गाँव में गोली भी चलवायी गयी थी।

जिसमे एक प्रार्थिनीगण के समुदाय से मृत्यु हो गयी। फिर धमकी दिया जा रहा है कि राधा और रूबी को गोली से मरवां दूगी। रेखा प्रधान द्वारा परिवार वाले लोगो को साड़ी पहनाकर के उक्त एरिये में मगंवाया जा रहा है। बाहर से 5000 हिजड़ो को बुलवा रही है जिससे शान्ति भंग की संभावना है।


पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने जाते किन्नर।

# डॉ. कन्हैया सिंह जनपद की अमूल्य थाती थे : कलराज मिश्र

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार और प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक की प्रथम पुण्यतिथि नेहरू हाल में मनाई गई। मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र, सारस्वत अतिथि मंत्री अनिल राजभर, मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय राय के साथ विशिष्ट अतिथि एम एल सी देवेंद्र प्रताप सिंह, विक्रांत सिंह रिशु, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सहजानंद राय, पूर्व मंत्री यशवंत सिंह, पूर्व सांसद नीलम सोनकर एवं विभाग प्रचारक दीनानाथ के साथ ही जनपद के प्रख्यात साहित्यकारों ने अपने वैचारिक श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए डॉ. कन्हैया सिंह को अपनी भावांजलि दी। पुण्यतिथि की अध्यक्षता महाराजा सुहेलदेव विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने की।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ. कन्हैया सिंह के चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। डॉ. कन्हैया सिंह के पौत्र इलाहाबाद विवि के हिंदी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. विनम्रसेन सिंह ने पुण्यतिथि पर आए मानद अतिथियों तथा उपस्थित जनमानस का स्वागत करते हुए, अपने दादाजी के जीवनवृत्त तथा साहित्यिक कृतित्व द्वारा राष्ट्रसेवा समर्पणभाव को उद्घाटित करते हुए कहा कि उनका जीवन परिवार से कहीं अधिक राष्ट्र का था, मेरी स्मृतियों के झरोखों में उनके दैनंदिन जीवन के अतिरिक्त उनकी कागज कलम और किताबें ही झलकती हैं जिनमें भारत भारती की अविरल गंगोत्री से राष्ट्र और समाज के हित चिंतन की निर्मल गंगा ही प्रवाहमयी रूप में दृश्यमान होती है, उनके विचार मूल्यों, मानकों और मार्ग पर चलना मेरे लिए न केवल आदर्श है अपितु जीवन का प्रथम और अंतिम लक्ष्य है।

अपने उद्बोधन में पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि डॉ. कन्हैया सिंह जनपद की अमूल्य थाती थे अपने राष्ट्रवादी साहित्यिक चिंतन द्वारा उन्होंने न केवल राष्ट्र प्रथम की उद्घोषणा की अपितु आने वाली पीढ़ियों को भी साहित्य और राजनीति के अद्भुत संगम द्वारा राष्ट्र सेवा की अनुपम प्रेरणा प्रदान की, डॉ. कन्हैया सिंह और मेरा छात्र जीवन से ही पुराना नाता रहा है।

इसीलिये उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को आज के युवा साहित्यकारों और समाजसेवियों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण मानता हूँ। मंत्री अनिल राजभर ने डॉ. सिंह के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका चिन्तन जड़ता का नहीं अपितु दृढ़ता का था जो राष्ट्रहित की समसामयिकता के अनुकूल गतिशील होता रहा।

मुख्य वक्ता संजय राय ने डॉ. सिंह को साहित्य जगत का दैदीप्यमान नक्षत्र बताते हुए कहा कि ऐसे साहित्यकार सदियों में जन्म लेते हैं जो साहित्य के माध्यम से राजनीति में राष्ट्रहित की मशाल को प्रज्वलित कर राष्ट्र को प्रगति की राह पर अग्रसर करते हैं।

कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने डॉ. सिंह को साहित्य,समाज और राष्ट्र का अनुभवी दिग्दर्शक बताते हुए कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व की कृतियों और कर्मों को न केवल याद करना है अपितु उनकी बताई गई राह पर चलते हुए अपने अपने कर्मों को राष्ट्र प्रथम के भाव से समर्पित कर भारतीय मनीषा के माध्यम से जनजागरण की अलख जगाकर देश की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समारोह का संचालन डा. पंकज सिंह ने किया।

इस अवसर पर डॉ. सिंह के परिवारीजन, अखिलेश मिश्रा गुड्डू, माला द्विवेदी, प्रेम प्रकाश राय, शिवनाथ सिंह, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, श्रीकृष्णपाल, जयनाथ सिंह, राकेश सिंह रामा, पवन सिंह मुन्ना, सौरभ बीनू, अवनीश मिश्रा, सहित जनपद के सभी प्रमुख साहित्यकार, चिकित्सक गण, अधिवक्तागण, शिक्षाविद एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।


स्व. डॉ. कन्हैया सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मंत्री अनिल राजभर।


पूर्व सांसद संगीता आजाद को सम्मानित करते पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र।

# महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज विकासखंड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय पटवध कौतुक पर शनिवार को जागृति फाउंडेशन के नेतृत्व में स्वस्थ नारी सुखी नारी माहवारी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशुतोष श्रीवास्तव डायट प्रवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत अध्यापक अखिलेश राय ने किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कनौजिया ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर विपिन यादव स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं डॉ त्रिशिका श्रीवास्तव प्रवक्ता महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय तथा निरुपमा गुप्ता डायट मेंटल ने माहवारी जागरूकता अभियान के तहत स्वस्थ नारी सुखी नारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ विपिन यादव ने बताया कि महिलाओं में माहवारी कोई अभिशाप नहीं है, यह कोई बीमारी नहीं है बल्कि यह महिलाओं का गहना है इसमें शर्माने और घबराने तथा परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह लड़कियों में 11 से 14 साल की अवस्था में शुरू होती है अगर किन्ही लड़कियों में ऐसा नहीं हो रहा है तो इसके लिए डॉक्टर से परामर्श लें। बच्चियों को उम्र के अनुसार जब शरीर में हारमोंस डेवलप होने लगता है और यूट्रस ओवरी डेवलप हो जाती है तो माहवारी शुरू हो जाती है यह कोई अछूत की बीमारी नहीं है पुराने जमाने में लोग इसे अछूत समझ कर पीरियड के दिनों में किसी सामान को छूना, लोगों से दूर रहना माना जाता था लेकिन ऐसी धारणा गलत थी। आज के समय में लोग बेटे के चक्कर में बेटियों की भ्रुण हत्या करा रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए नहीं तो आने वाले समय में बेटे कुंवारे रह जाएंगे। बेटे एक कुल का निर्वहन करते हैं बेटियां दो-दो कुल का निर्वहन करती हैं। डॉक्टर साहब ने इस मामले पर बहुत विस्तृत जानकारी दी और जागृति फाउंडेशन द्वारा उपस्थित महिलाओं तथा बच्चियों को पैड वितरित किया गया। इस मौके पर संजय यादव प्रवक्ता महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, प्रारंभिक शिक्षक संघ जिला उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कमला रानी, कुमुद लता सिंह, ज्ञान शंकर राय, रीना अग्रवाल, शिखा मौर्य महिला शिक्षक संघ अध्यक्ष, महेंद्र पुरी एआरपी, रजत यादव एआरपी,योगेंद्र यादव, घनश्याम यादव, सुधीर निगम, संध्या राय, सुरेंद्र श्रीवास्तव, विनय सिंह, सर्वेश राय, बीना गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।


विद्यालय पर उपस्थित शिक्षक व शिक्षिकाएं।

## आठ लाख रुपये खर्च कर बना अमृत सरोवर निष्प्रयोज्य

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत चमावा में आठ लाख रुपया खर्च कर अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया जिसमें सीढ़ी आदि पक्का कार्य कराने में ढेड़ लाख रुपया खर्च किया गया।साथ ही सरोवर की मिट्टी खुदाई बंधा आदि के निर्माण कराने में साढ़े छः लाख रुपया खर्च किया गया। जल भराव के लिए बोरिंग कराया गया पर अमृत सरोवर में पानी का ठहराव न होने के कारण अमृत सरोवर निष्प्रभावी साबित हो रहा है। ग्राम प्रधान चमावा महताब आलम ने बताया कि अमृत सरोवर का कार्य पूरी निष्ठा के साथ करा रहा था। पानी भरने की भी व्यवस्था की, पर सरोवर में पानी का ठहराव न होने के कारण इसका सुंदरीकरण नहीं कराया गया। बोरिंग से पानी भरने पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जल दोहन कर जल भराव पर नाराजगी ब्यक्त की गई थी जिसके कारण अमृत सरोवर को स्वरूप नहीं दिया जा सका।

## पुलिस ने वापस कराए साइबर फ्रॉड के दो लाख रुपये

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** थाना साइबर क्राइम द्वारा साइबर फ्राड के दो लाख रुपए आवेदक के खाते में वापस कराया गया। पैसे पाकर पीड़ित ने पुलिस की भूरि-भूरि प्रसंशा की। साइबर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व नोडल साइबर थाना सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर अनन्त चन्द्रशेखर के निकट पर्यवेक्षण में साइबर थाना पर पंजीकृत एक मुकदमें की विवेचनाके अनुक्रम में साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए मुकदमा वादी से फ्राड हुए 5 लाख 95 हजार रुपये में से दो लाख रुपये मुकदमा वादी के खाते में वापस कराया गया। शिकायतकर्ता ने जनपदीय उच्चाधिकारियों व साइबर क्राइम पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

मुकदमा वादी जयप्रकाश सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी भीलमपुर छपरा थाना अतरौलिया के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाट्सअप काल करके बेटे को रेप केस में फंसने से बचाने के लिए कुल 5 लाख 95 हजार रुपये खाते में जमा करा ले जाने के सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही थी।रुपए वापसी कराने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार यादव, आरक्षी सभाजीत मौर्य आदि शामिल हैं।



पीड़ित के पैसे वापस कराती पुलिस।

# 31 गांवों में एमएलसी करेंगे सीसी रोड का शिलान्यास

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में शनिवार को मोहनाठ गांव में मुख्य मार्ग से अंदर गांव में जाने वाले खड़ंजा को सीसी रोड बनाने का शिलान्यास भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने किया।

श्री पाठक ने बताया कि वह आज अपने पैतृक आवास रहेंगे औरअपने निधि से होने वाले जनपद के 31 गांव में सीसी रोड का शिलान्यास करेंगे जिसमें रानीपुर, पिपरी, तेजापर, मनियारपुर, मुंडेरा, मठ गोविंद, पाती, हंसना डीह, घनकटा, बनकट जगदीशपुर, शकर कोला, विशुन पूरा, विसईपुर, धरौली, बरईपुर, महादेवपुर, गौरी, वाजिदपुर, बनवारी पट्टी, भीलमपुर छपरा, करमहा, जमीन दशांव, मंगितपुर, छितौनी, उसुरकुढ़वा, आदि गांव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 16 गांव में निर्माण हो चुके सीसी मार्गों का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि निजामाबाद विधान सभा क्षेत्र के सभी भाजपा बूथ अध्यक्षों के घर सोलर लाइट लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार से चारों तरफ विकास कार्य हो रहा है। इस अवसर पर जयराम उपाध्याय, योगेन्द्र कुमार, अखिलेश पाठक, राकेश पाठक, वीरेन्द्र नाथ मिश्र, डॉ. शहनवाज खान, विनोद पांडेय, महेंद्र पांडेय, ज्ञान चंद पाठक, रंजीत चौहान, हरिकेश तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।



एक गांव में सीसी रोड का शिलान्यस करते एमएलसी विजय बहादुर पाठक।

# समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

**चौपाल**

### चार मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण

जनसंदेश न्यूज

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील बूढ़नपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर कुल 112 मामले आये, जिसमें से 4 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 108 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 75, पुलिस के 18, विकास के 6 एवं अन्य के 13 मामले शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी बूढ़नपुर, सीओ बूढ़नपुर एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


बूढ़नपुर तहसील में फरियाद सुनते डीएम व एसपी।

### 27 की सापेक्ष दो मामले हुए निस्तारित

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील प्रांगण के मीटिंग कक्ष में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम सुरेन्द्र नरायण त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया।इस अवसर पर तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांव के 27 फरियादी अपनी समस्या से संबंधित प्रार्थना पत्र दिए जिसमें राजस्व के 16 पुलिस के 10 एक अन्य जिसमें से दो मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को इस आशय के साथ सौंप दिया गया कि शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करा एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर कमल कुमार सिंह तहसीलदार, एसडीओ विद्युत भूप सिंह, राकेश पांडेय, राजेश पांडेय, अशोक कुमार, हितेन्द्र सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भण्डारे का प्रसाद



**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज क्षेत्र के पटवध कौतुक शिव मंदिर पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा एवं मानस यज्ञ के नौवें दिन श्रीकांत पांडेय के नेतृत्व में राहुल दुबे,सौरभ तिवारी, सोनू पांडेय इत्यादि विद्वानों द्वारा मंत्र के साथ हवन-पूजन का कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और यज्ञ नारायण की जय के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में समस्त क्षेत्र वासियों का योगदान रहा। विशेष रूप से ग्राम प्रधान सुरेश्वरी दत्त उपाध्याय उर्फ रमंटू बाबा, वरिष्ठ समाजसेवी श्याम करन राय, सुभाष राय, अमित राय, पप्पू राय, सोनू राय, मुन्ना राय, शिवम राय, अभिषेक राय, टंडन राय आदि का योगदान रहा। कथावाचक मानस मर्मज्ञ ललित नारायण गिरी महाराज कथा संपन्न होने के बाद भी भंडारे की निगरानी करते रहे।

### पांच दिवसीय स्काउट गाइड कैंप प्रारंभ



**लालगंज (आजमगढ़)।** श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय महाविद्यालय लालगंज, के प्राचार्य प्रो. ऋषिकेश सिंह ने बताया कि शनिवार को स्काउट गाइड के पंचदिवसीय कैंप के प्रथम दिवस ध्वज शिष्टाचार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्काउट गाइड नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडागीत, एवं भारत स्काउट गाइड के इतिहास के बारे में चर्चा हुई तथा उसके बाद रोवर्स और रेंजर्स को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर रोवर प्रभारी योगेश दयालु सिंह एवं रेंजर प्रभारी डॉ.दीपनमाला मिश्रा और प्रशिक्षक डॉ.जयंत कुमार पाठक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीउपस्थित रहे।

### 'आप' वर्कर्स ने की महापुरुषों की प्रतिमा की सफाई



**आजमगढ़।** आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव की गरिमामय उपस्थिति में प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह के आह्वान पर जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव के नेतृत्व में महापुरुषों के स्थल पर रैदोपुर स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा पर साफ सफाई किया। प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि आम लोगों में राजनीतिक जागरूकता हेतु सचेत करने के साथ-साथ रचनात्मक कार्य करना भी आम आदमी पार्टी की पहचान है। इसे हम अभियान बनाकर लोगों को जागरूक कर साथ जोड़ने का काम व्यापक स्तर पर करेंगे। जिलाध्यक्ष रविन्द्र ने कहा कि पार्टी का रचनात्मक कार्य हर माह चलाया जायेगा और इसे ब्लाक स्तर तक बढ़ाया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ कृपाशंकर पाठक ने कहा कि जिस प्रकार से महात्मा गांधी जी ने अहिंसा के आधार पर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और उनको देश छोड़ने पर मजबूर किया उसी प्रकार से आम आदमी पार्टी वर्तमान सरकार के तानाशाही रवैए के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी जिससे आम जनता को बेरोजगारी, महंगाई और भुखमरी से निजात मिल सके। इस मौके पर रमेश मौर्य, अनिल यादव, राजेश सिंह, रामरूप यादव, एडवोकेट एमपी यादव, बाबूराम यादव, मुकेश राजभर, तनवीर रिजवी, राजन सिंह उमेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर का घर वापसी पर स्वागत



**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के पखनपुर पठकौली निवासी इंस्पेक्टर बलराम पाठक के सेवानिवृत्त होने के उपरांत शनिवार को फुलवरिया बाजार में पहुंचते ही स्थानीय नागरिकों ने फूल माला से लादकर उनका जोरदार स्वागत किया। बलराम पाठक प्रतापगढ़ जिले के रामगंज पुलिस चौकी प्रभारी के पद से शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। वे नौकरी के साथ ही साथ स्थानीय नागरिकों में अपनी लोकप्रियता बनाए हुए है। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद उनका वाहन जैसे ही फुलवरिया बाजार में पहुंचा। स्थानीय लोग फूल माला पहना कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर पाठक, जितेंद्र शुक्ला, आनंद शुक्ला, महेंद्र पाठक, अरशद खान, सत्य प्रकाश मिश्रा, जितेंद्र सिंह, अनिल पाठक आदि रहे।

### रमजान को लेकर तरावीह की सभी तैयारियां पूरी

**लालगंज (आजमगढ़)।** रमजान माह की आमद पर शनिवार से शुरू होने वाली तरावीह की नमाज की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जहां विभिन्न मस्जिदों की सफाई की गई है, वहीं नमाज के समय में कुछ बदलाव किए गए हैं। इस संबंध में मस्जिदों में नए समय की घोषणा कर दी गई है और लोगों ने शनिवार को पहली तरावीह नमाज के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रमजान में तरावीह एक विशेष इबादत है जो ईशा की नमाज के बाद अदा की जाती है। इस्लामिक विद्वानों का कहना है कि यह सुन्नत है और पैगंबर (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने स्वयं इसे अदा किया है तथा साथियों को इसका पालन करने के लिए उन्होंने प्रोत्साहित भी किया। स्थानीय क्षेत्र में आमतौर पर 20 रकात तरावीह अदा की जाती है। रमजान के दौरान तरावीह में पूरा कुरान पढ़ने व सुनने की कोशिश की जाती है। पुरुष आम तौर पर मस्जिद में तरावीह अदा करते हैं, जबकि महिलाएं इसे घर पर अदा करती हैं। तरावीह की नमाज में विनम्रता के साथ कुरान को सुनना और पढ़ना बहुत सवाब बताया गया है। पैगंबर मुहम्मद साहब ने कहा है जो व्यक्ति विश्वास और सवाब के इरादे से रमजान की रातों के दौरान जागता है (तरावीह पढ़ता है), उसके पिछले गुनाह माफ कर दिए जाएंगे।

### मैजिक की चपेट में आने से युवक घायल

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय कोतवाली के सुदनीपुर के पास शनिवार की सुबह आठ बजे मैजिक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। लोगों ने तत्काल घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। तहबरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गदरा निवासी पोषन पांडेय 25 वर्ष पुत्र अनमोल पांडेय बाइक से अपने घर जा रहा था। अम्बारी-आजमगढ़ राजमार्ग स्थित सुदनीपुर के पास मैजिक की चपेट में आ गया जिससे बाइक सवार पोषन गम्भीर रुप से घायल हो गया। तत्काल 112 की पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को फूलपुर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां युवक की हालत गम्भीर बनी हुई है। पुलिस ने मैजिक गाड़ी को कस्टडी में ले लिया है। घायल युवक के दीदारगंज थाना के मलगांव स्थित ननिहाल में 2 मार्च को शादी है। अपने ननिहाल से वह घर जा रहा था।

### साथी की मौत से सफाई कर्मियों में शोक

**आजमगढ़।** विकासखंड तहबरपुर ग्राम पंचायत बड़सरा आईमा में कार्यत सफाई कर्मी रामकेश राम की दुर्घटना में शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही सफाई कर्मियों में शोक व्याप्त हो गया। साथियों ने उनके घर पहुंच कर सांत्वना दिया। शनिवार को सदर अस्पताल पोस्टमार्टम कराकर उनके पैतृक आवास खरचलपुर पहुंच कर मृतक आत्मा का दाह संस्कार दत्तात्रेय में किया गया। पोस्टमार्टम हाउस पर जिला अध्यक्ष सीपी यादव, जिला महामंत्री ओंकार नाथ, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया, कार्यालय सचिव सुनील सिंह, तहबरपुर ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र कुमार, रन्नु यादव, अवधेश कुमार, श्रीकांत यादव, राममिलन यादव, सरफुद्दीन आदि मौजूद रहे।

### मुक्ति का साधन है राम नाम का संकीर्तन : धुरंधर दास

**आजमगढ़।** समय अत्यंत मूल्यवान होता है बीता हुआ समय कभी लौट कर वापस नहीं आता है अतः समय शक्ति एवं संपत्ति का जो व्यक्ति दुरुपयोग करता है उसका हर तरह से सर्वनाश हो जाता है अहंकार का परित्याग कर राम नाम का संकीर्तन व्यक्ति के जीवन की मुक्ति का सबसे बड़ा साधन है उक्त बाते गुरादरी मठ करहा के महंत धुरंधर दास जी महाराज ने शनिवार को शोभनाथ धर्मशाला में आयोजित श्री शत चंडी महा यज्ञ के पहले दिन श्रद्धालुओं के बीच प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा यज्ञ में देव पूजन, सत्संग एवं दान का बड़ा महत्व होता है अतः तन मन धन से समर्पित होकर जो व्यक्ति यज्ञ में भागीदारी करता है उसे ही ईश्वर का सानिध्य प्राप्त् होता है। महाराज ने कहा कि सेतु बांध निर्माण के समय भगवान राम ने एक पत्थर उठाकर अपने हाथ से जब समुद्र में डाला तो वह पत्थर डूब गया इस पर जब उन्होंने हनुमान से पूछा कि ऐसा क्यों हुआ तो हनुमान ने कहा प्रभु जिसका आप परित्याग कर देंगे वह भवसागर में डूब ही जाएगा यह तो पत्थर है। जिस पर आपका नाम अंकित है वह आपके नाम के सहारे तैर कर भवसागर पार कर जाता है परंतु जिसे आप छोड़ देते हैं वह अधर में ही नष्ट हो जाता है। कथा मंच का संचालन करते हुए शिक्षक कमलेश राय ने कहा इस संसार में आने के बाद व्यक्ति मोह माया अपने पराए के झंझावातो में उलझ कर परमात्मा को भूल जाता है कथा या सत्संग में बिताया हुआ पल ही व्यक्ति के जीवन के सार्थक क्षण होते हैं। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल मद्धेशिया, अवधेश जायसवाल, श्याम कन्हाई लाल श्रीवास्तव, लल्ली सेठ, गोपाल नाटे, अनुज वर्मा, रजत गुप्ता, अमित गुप्ता, सहित अन्य लोगो उपस्थित रहे।

# समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता मिली तो होगी कठोर कार्रवाई : डीएम

**चेताया**

## समाधान दिवस पर 215 प्रार्थना पत्रों में से 18 का हुआ मौके पर निस्तारण

जनसंदेश न्यूज



फरियादियों की समस्या सुनतीं जिलाधिकारी

**लालगंज।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 215 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 18 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के निस्तारण करने हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। समाधान दिवस में ज्यादातर मामले भूमि संबंधी एवं राशन कार्ड से संबंधित नाम जोड़ने एवं कटवाने आदि का छाया रहा।

समाधान दिवस में फरियादी देवघटा पांडेय निवासी देवनारायण पुत्र भीखम ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की चकबंदी कानूनगो द्वारा जबरदस्ती प्रार्थी के चक में चक मार्ग निकाला जा रहा है एवं धमकी भी दिया जा रहा है। मामले में चकबंदी अधिकारी हलिया को निर्देशित किया गया।

कठवार निवासी हरदीप सिंह ने पत्र देकर अवगत कराया कि जल निगम एनसीसी द्वारा हम प्रार्थी के घर के पास 10 घरों का कनेक्शन नहीं दिया गया है जिसको संचालित कराया जाए, जिसमें एक्सीयन को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि फरियादी की समस्या गंभीरता से ले।

फरियादी की समस्या को निस्तारण करने के लिए मौके पर जाकर दो गवाहों के समक्ष फोटोग्राफी कराते हुए निश्चित समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फरियादी की समस्या निस्तारण करने में किसी भी प्रकार की शिथिलता ना करें।

शिथिलता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उप जिलाधिकारी युगान्तर त्रिपाठी, तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार राहुल मिश्रा, खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह, थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने मुस्तैदी के साथ बने रहे। संबंधित विभाग के अधिकारी के साथ राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल मौजूद रहे।

# न्यायालय के आदेश पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तीता गांव निवासी एक महिला ने पति के मौत के बाद न्यायालय के आदेश पर दो नामजद सहित तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के तीता गांव निवासी सविता कोल ने न्यायालय में याचिका दाखिल कर कहा कि बीते 14 नवंबर को पड़ोसी गांव हरबरा निवासी लवलेश कोल तथा छोटेलाल सहित तीन अज्ञात रात्रि में मेरे घर आए और पति सत्यपाल को बुलाकर ले गए। सुबह ग्रामीणों ने देखा तो पति पटपरिया नाले के पास मृत अवस्था में पड़े हुए थे। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई तथा शव को पीएम के बाद 19 नवंबर को हलिया थाने में मृतक पति सत्यलाल की हत्या के मुकदमा की तहरीर दी गई। लेकिन मुकदमा न लिखे जाने पर न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को देर शाम हलिया पुलिस ने हरबरा गांव निवासी लवलेश कोल तथा छोटेलाल सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर लवलेश कोल तथा छोटेलाल सहित तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## युवाओं को सशक्त बनाने के लिए गोष्ठी का हुआ आयोजन

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विषय विकसित भारत के लिए विज्ञान एवं नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना विषय पर ऑन लाइन गोष्ठी आयोजित की गयी। मौके पर राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस पूर्वी उत्तर प्रदेश की राज्य आयोजक संस्था विकास प्रयागराज नैनी द्वारा गूगल मीट के माध्यम से ऑन लाइन कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में बाल विज्ञानी बच्चे, विभिन्न जिलों के विज्ञान शिक्षक, विज्ञान संचारक, पुरा बाल विज्ञानी, विशेषज्ञों ने प्रतिभागिता की। इस दौरान डॉ. शुभम दुबे, असिस्टेंट प्रो. डॉ. आरके आनंद, डॉ. यसके गोयल, डॉ. अंकित चौधरी आदि रहे।

**संक्षेप**

### विवाहिता ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर दी जान

**कछवां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रामापुर में शुक्रवार को सविता देवी 30 वर्ष पत्नी सतीश कुमार हरिजन संदिग्ध परिस्थितियों में गाटर में साड़ी से फंदे पर झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मालूम हो कि पुलिस चौकी भैंसा के अंतर्गत गांव रामापुर गांव के सतीश कुमार हरिजन ने 8 वर्ष पूर्व महुआरी खुर्द विंध्याचल निवासिनी सविता सरोज को अपने प्रेम जाल में फंसा कर प्रेम विवाह कर लिया था जिससे चार मासूम बच्चे भी हैं। शादी के कुछ दिन बाद से सतीश कुमार देसी शराब का सेवन करने लगा। अक्सर दोनों में शराब को लेकर कहा सुनी व मारपीट होता था। लेकिन किसी को ऐसी उम्मीद नहीं थी कि जो पत्नी अपने परिवार घर बार को छोड़कर प्यार में आंधी होकर जिस पर पूरा विश्वास किया, उसमें शादी के बाद इतना बदलाव कि शराब के नशे में वे अक्सर अपनी पत्नी से झगड़ा मारपीट किया करता था। किसको पता था कि शराब एक दिन उसके जीवन का अंतिम काल बन जाएगा। ऐसी उम्मीद किसी को नहीं थी लेकिन शुक्रवार को उसकी पत्नी ने संदिग्ध परिस्थितियों में गाटर से फंदे पर झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना राजगढ़ पर विगत 27 फरवरी को वादी संतोष कुमार पुत्र रामनगीना निवासी बिशुनपुरा थाना राजगढ़ द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध वादी की दुकान से लोहे का एंगिल चोरी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राजगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी राजगढ़ को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना राजगढ़ पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए शनिवार को उप-निरीक्षक रविप्रकाश मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये आरोपी फिरोज पुत्र मोहम्मद खलील निवासी बहुबरा थाना राबर्टगंज जनपद सोनभद्र, गुड्डू उर्फ सरवन पुत्र जगदीश विश्वकर्मा निवासी बिच्छी थाना राबर्टगंज जनपद सोनभद्र व राकेश पुत्र नान्हू निवासी हिन्द्वारी थाना राबर्टगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी गयी चार लोहे का एंगिल बदामद कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### ट्रेलर पर लदा लोहा गिरा नीचे बाल-बाल बचा चालक

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के चुनहवा मोड़ के पास शनिवार की सुबह लोहा लादकर जा रहे ट्रेलर का लोहा राष्ट्रीय राजमार्ग पर नीचे गिर पड़ा। घटना में ट्रेलर चालक बाल बाल बच गया और लोहे की चपेट में आने से ट्रेलर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। महाराष्ट्र के नासिक जिला से लोहा लादकर कोलकाता जा रहा ट्रेलर जैसे ही बरम बाबा मंदिर से आगे चुनहवा मोड़ पर पहुंचा तो चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाते ही ट्रेलर पर लदा लोहा असुंतलित होकर ट्रेलर के आगे के हिस्से से टकराते हुए नीचे गिर पड़ा। घटना में प्रतापगढ़ गांव निवासी ट्रेलर चालक रामप्यारे बाल बाल बच गया। सूचना पर पहुंचे एसआई काशी सिंह ने घटना की जांच पड़ताल किया।

### स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**सीखड़।** क्षेत्र रामगढ़ गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान हरिओम सिंह पटेल के नेतृत्व में किया गया। जिसमें लगभग पचास मरीजों का दांत संबंधित रोगों का इलाज डाक्टर आलोक सिंह द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर दीपक कुमार, अमित सिंह,नील रतन शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### शिक्षामित्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गैपुरा। थाना क्षेत्र के रघईपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पांचवी कक्षा के छात्र 11 वर्षीय दिव्यांश कुमार उपाध्याय पुत्र स्व. अश्विनी उपाध्याय की पिटाई के मामले में पुलिस ने शिक्षामित्र ज्ञानचंद उपाध्याय उर्फ बबून पुत्र प्रेम शंकर के खिलाफ शनिवार को पिटाई करने व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जांच पड़ताल के बाद मामला दर्ज किया गया है। शीघ्र ही नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### अपर जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**चुनार।** संपूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों की समस्याओं को अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने सुना। ग्राम पंचायत हासापुर के नैठी पचवा निवासी संतोष कुमार ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि उसकी माता की मृत्यु 18 अक्टूबर 2024 को हो गई है। लेकिन ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है, हीला हवाली की जा रही है। कुल 77 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें मौके पर चार का निस्तारण हुआ। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार वर्मा, तहसीलदार योगेन्द्र शरण शाह, नायब तहसीलदार संजय सिंह, गरिमा, कल्पना, पुलिस उपाधीक्षक मंजरी राव सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### विवाहिता ने पति पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**गैपुरा।** थाना क्षेत्र के कसधना गांव के मदनपुर मजरा निवासिनी विवाहिता ने पति पर मारपीट कर घायल करने तथा गर्भस्थ शिशु की हत्या का प्रयास करने की तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। गांव निवासिनी ममता देवी ने बताया कि पति अकारण प्रताड़ित करता है। पांच वर्षीय बेटे को भी मारपीट कर घायल कर दिया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कर कार्यवाई की जाएगी।

# धूरिया पंप कैनाल बंद करने की सूचना पर पहुंचे एक्सईएन

जनसंदेश न्यूज

**अफरातफरी**

## मनबढ़ों ने कर्मचारियों को लाठी डंडा लेकर दौड़ाया

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंप कैनाल को कराया चालू

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लघु डाल नहर खंड धुरियाघाट पंप कैनाल पांच दिनों से एक किसान के खेत में लीकेज का पानी जा रहा था जिसके वजह से गेहूं की फसल बर्बाद हो रही थी। कृषक की शिकायत पर पहुंचे अधिकारियों ने शनिवार को चालू करना चाहा लेकिन गांव के लगभग आधा दर्जन लोग पंप कैनाल को चालू करने से यह कहते हुए रोक दिया कि पंप कैनाल में रिसाव के कारण गेहूं की फसल बर्बाद हो रही है।

जमीन का मुआवजा कम दिया गया है जिसे हम लोग वापस कर देंगे। जिसकी सूचना पंप कैनाल पर तैनात जेई विवेक कुमार दुबे ने हलिया थाने सहित उच्च अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों को किसानों ने गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारने के लिए दौड़ा दिया तथा जान से मारने की धमकी देने लगे।

सूचना पर पंप कैनाल के एक्शियन राजाराम चौधरी, एई ज्ञानेश्वर मिश्रा, कैनाल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन दबंगों किसानों द्वारा पंप कैनाल को चालू नहीं करने दिया। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह को देखते ही उपद्रव करने वाले भाग खड़े हुए।

पुलिस की मौजूदगी में कैनाल नहर को चालू कराया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विरेंद्र सिंह ने बताया कि खेत में पानी जाने को लेकर विवाद हुआ था। मामले को संज्ञान में लेते हुए मौके पर सुलह-समझौता कराकर कैनाल को चालू करा दिया गया है।

## परीक्षा में बच्चों ने कामयाबी हासिल कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**जमालपुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता पर आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में क्षेत्र के 38 बच्चों ने कामयाबी हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। परीक्षा में आरबी शिक्षण संस्थान ओड़ी के अठारह बच्चे, मठना इंटर कालेज के सात, जवाहरलाल नेहरू विद्यालय घनश्यामपुर के छह, मुराहू सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज के चार,परशुराम माडल स्कूल गोगहरा के दो एवं देवकली इंटर कालेज जमालपुर के एक छात्र ने सफलता प्राप्त किया। छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन 10 नवंबर को जीआईसी में हुआ था। 28 फरवरी को घोषित परिणाम में आरबी शिक्षण संस्थान ओड़ी की नैन्सी पटेल ने 133 अंक प्राप्त कर जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही आरबी शिक्षण संस्थान के आयुष पटेल ने दसवां रैंक प्राप्त किया। छात्रों की इस कामयाबी पर प्रधानाचार्य रमेश सिंह, अरविंद पांडेय, संजीव पटेल, रेखा सिंह, अभिलाषा त्रिपाठी, नेहा प्रजापति, अंजू सिंह, कमलाकांत राय, ऋषि पटेल, रोशन श्रीवास्तव, केशव प्रसाद सिंह, भवानी सिंह ने बधाई दी।

# आयुक्त व आईजी ने फरियादियों की सुनीं जन समस्याएं

**चौपाल**

## प्रार्थना पत्रों का पूरी पारदर्शिता के साथ करें निस्तारण



फरियादियों की समस्या सुनते आयुक्त व आईजी

**मीरजापुर।** शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मड़िहान मे मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष त्रिपाठी, पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह तथा तहसील लालगंज में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियों की जनसमस्याओं को सुना।

मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि फरियादी को तहसील स्तर पर ही उनकी समस्याओं का निराकरण कर दिया जाए ताकि उन्हें जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। सभी अधिकारी अपने सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों को पूरी पारदर्शिता के साथ निस्तारण करें।

उन्होंने कहा कि निस्तारण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। तहसील मड़िहान में मण्डलायुक्त के समक्ष कुल 64 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 05 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जनपद के अन्य तहसीलों में चुनार में प्राप्त 77 प्रार्थना पत्रों में 04 एवं तहसील सदर में प्राप्त 128 प्रार्थना पत्रों में 11 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# विंध्याचल में पानी बना जहर, 25 बीमार

**लापरवाही**

## जल निगम की पाइप बिछाने के दौरान टूटी पाइप, घरों में पहुंचा गंदा पानी

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** विंध्याचल धाम में दूषित जलापूर्ति के चलते करीब 24 बीमार हो गये। तबीयत बिगड़ने पर लोग सरकारी अस्पताल में पहुंचे। 12 लोगों को भर्ती कराया गया है, जबकि 12 अन्य का प्राथमिक उपचार कर उन्हें छुट्टी दे दी गई। जलापूर्ति के लिए जल निगम की बिछाई जा रहे लाइन में लीकेज के चलते दूषित जलापूर्ति की संभावना नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने व्यक्त किया। जहरीले पानी के चलते कोतवाली रोड़ एवं बरतर मोहल्ले के ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।

विंध्याचल धाम में जल निगम की बिछाई जा रही पाईप लाइन स्थानीय नागरिकों के लिए मुसीबत बन गई। गंदा पानी लोगों के घरों में प्रवेश कर गया। जिसका प्रयोग कर लोग बीमार हुए हैं। डा. एसके सिंह ने बताया कि दूषित पेयजल पीने के कारण लोग बीमार हुए हैं। जिनका इलाज किया जा रहा है।

## गंदा पानी पीने से बीमार होने की शिकायत का डीएम ने लिया संज्ञान

**मीरजापुर।** विन्ध्याचल वार्ड में विन्ध्याचल वार्ड में चिकान टोला, बरतर एवं रोडवेज के आस-पास गन्दा पानी आने की शिकायत प्राप्त हुयी थी, जिसमें कुछ लोग बिमारी के कारण अस्पताल में भर्ती हुये थे, जिसमें गन्दा पानी की आशंका जतायी गयी थी। उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर तत्काल अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मीरजापुर एवं तहसीलदार सदर द्वारा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पानी के सम्बन्ध में जाच की गयी तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ की गयी। साथ ही पानी चलवाकर देखा गया तो पानी साफ आ रहा है जिसकी ओटी टेस्ट करायी गयी ओटी टेस्ट रिर्पोट में पानी शुद्ध एवं साफ प्राप्त हुआ। बिमार हुये लोगों के घरों का निरीक्षण किया गया। ये सभी लोग पानी पीने से बिमार नही हुये थे। साथ ही साथ प्राथमिक सामुदायिक चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया जिसमें कुल 17 लोग भर्ती थे, जिसमें 11 लोग स्वस्थ्य हो गये है तथा शेष 06 लोग का इलाज चल रहा है जिनकी स्थिति ठीक है। वे भी जल्द ही स्वस्थ्य हो जायेगें। उक्तानुसार मौके पर निरीक्षण में पानी स्वच्छ एवं साफ पाया गया है एवं ओटी टेस्ट में पानी शुद्ध पाया गया।

**अधिशासी अधिकारी नपा व तहसीलदार सदर द्वारा कराई गई जांच**

## अवैध कटान को लेकर डीएफओ ने बीट इंचार्ज को किया निलंबित

**हलिया।** वन क्षेत्र अभयारण्य में जगह-जगह हुए अवैध कटान को लेकर डीएफओ ने बताया कि बीट इंचार्ज को निलंबित करते हुए जांच टीम गठित किया गया है। मौके पर पहुंची जांच टीम वन क्षेत्र में हुए किमती लकड़ीयों के कटान का स्थलीय निरीक्षण कर रही है। हलिया वन रेंज के अभ्यारण क्षेत्र के सगरा तथा मटिहरा वन क्षेत्र में कई दिनों से हुए अवैध कटान की शिकायत की गई थी जिसको संज्ञान में लेते हुए रेंजर हलिया ने दो लोगों के विरुद्ध वन अधिनियम के विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। डीएफओ तापस मिहिर ने जांच के दौरान बीट इंचार्ज रामदास को निलंबित कर दिया तथा वन क्षेत्र में हुए अवैध कटान की टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण कर काटे गए पेड़ों की गणना की जा रही है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकार अवध नारायण मिश्र का कहना है कि अवैध कटान में लिप्त दो लोगों के विरुद्ध वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कुम्भ स्नान के दौरान बिछड़ी कर्नाटक की महिला अपने परिजनों से मिली

**मीरजापुर।** कुम्भ स्नान के दौरान सह यात्रियों से बिछड़ी कर्नाटक की महिला छठवें दिन अपने परिजनों से मिली। साथ में यात्रा पर निकले लोगों ने सरस्वती के मिलने पर उसका पुनर्जन्म बताया। उसकी खोज में लगे लोगों ने कहा कि अब आगे की यात्रा शुरू की जायेगी। कर्नाटक से दो छोटी बालिकाओं के साथ 12 लोगों का दल प्रयागराज संगम में नहाने के लिए 22 फरवरी को निकला था। 24 फरवरी को सभी लोग प्रयागराज पहुंचे। संगम पर भारी भीड़ थी। संगम का जल लेने के लिए सरस्वती बोतल खरीदने लगी। इसी दौरान वह भीड़ में अपनों से बिछड़ गई, जो किसी प्रकार मीरजापुर के बरकछा में भटकते हुए पहुंची। गांव में पहुंची महिला को देख लोगों की उत्सुकता बढ़ गया। हिंदी भाषा में बोलने के कारण महिला की भाषा लोगों को समझ में नहीं आ रही थी। गांव में किसी महिला के आने की खबर पर अनिल कुमार पाल उसके पास पहुंचे। राजनैतिक दल से जुड़े होने के कारण उनका संपर्क कर्नाटक से भी रहा। लिहाजा उन्होंने वहा रहने वाले अपने परिचितों से महिला से वार्ता कराया। हिंदी की समझ रखने वाले से महिला के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने महिला के गांव में संपर्क साधा। सरस्वती की जानकारी महिला के साथ यात्रा पर निकले लोगों को इसकी जानकारी मिली। खोज में हलकान यात्री बरकछा पहुंचे और महिला को अपने साथ ले गए। गांव से लोगों ने उसकी विदाई की। इस तरह लोग भावुक नजर रहे। इंद्रावती ने कहा कि भाषा समझ में नहीं आया लेकिन उनकी परेशानी समझ में आ रही थी। घर में आश्रय देने के साथ ही परिवार के सदस्य की तरह रखा। अनिल पाल ने बताया कि कर्नाटक में रहने वाले लोगों से महिला की बात कराई गई। तब कहीं जाकर महिला के बारे में संपूर्ण जानकारी मिली। उनके गांव से संपर्क किया गया। गांव वालों ने यात्रा पर निकले लोगों को संपर्क किया। इस प्रकार लोग बरकछा गांव में आए और महिला को अपने साथ ले गए।

# सेवानिवृत्त होमगार्ड को यातायात कार्यालय से दी गई विदाई

**मीरजापुर।** जनपद के यातायात कार्यालय में तैनात होमगार्ड पीसी रमेश कुमार सिंह को यातायात प्रभारी विपिन कुमार पांडेय व अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा सेवानिवृत्त होने के दौरान विदाई समारोह कार्यक्रम किया गया। रमेश कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय संकटा प्रसाद सिंह कंपनी नगर एक में वर्ष 1996 में होमगार्ड विभाग में भर्ती हुए थे। पिछले दो माह पूर्व यातायात शाखा में कार्यरत थे, जो 28 फरवरी को विभाग से सेवानिवृत हो गए। जिनका पुलिस लाइन स्थित यातायात कार्यालय में यातायात प्रभारी के द्वारा अंगवस्त्र देकर माल्यार्पण कर मां विंध्यवासिनी का स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही यातायात कार्यालय में तैनात टीएसआई रंजीत तिवारी द्वारा भी माल्यार्पण कर विदाई किया गया। साथ ही अन्य यातायात कर्मियों ने भी बारी-बारी से माल्यार्पण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। विदाई समारोह के दौरान कांस्टेबल आकाश, अंगद यादव, एसीसी लखन्दर प्रसाद, अशोक कुमार मिश्रा, रमाशंकर, राजेश समेत होमगार्ड के अन्य जवान व पीआरडी के जवान मौजूद रहे।



विदाई कार्यक्रम में शामिल यातायात प्रभारी व अन्य

## जन चौपाल में डीएम ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**लालगंज।** तहसील क्षेत्र के सेमरी मगरदा गांव में तहसील दिवस के बाद शनिवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने चौपाल लगाकर जनसुनवाई किया। सेमरी मगरदा गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में जन चौपाल में चकबंदी से संबंधित मामलों को सुनकर निस्तारण करने का आश्वासन दिया। डीएम ने कहा कि निस्तारण करके धारा 52 की कार्रवाई की जाए। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी अशोक कुमार त्रिपाठी, चकबंदी अधिकारी मीथिलेश मिश्रा ने काश्तकारों को बारी-बारी से सुन और ससमय निस्तारण करने की बात कही। जिलाधिकारी ने गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिया। इस अवसर पर लेखपाल कमलेश कुमार यादव, पद्माकर यादव, कानून गो मनोज पाठक, रमाशंकर मिश्रा, शमीम अहमद, अशोक सिंह, अनीश खान, अमीर चंद, अमरेश कुमार, कलेक्टर, तुफानी लाल यादव, श्रीनारायण तिवारी आदि काश्तकार मौजूद रहे।

# बैलेट पेपर लूटने पर मिली दो हजार के अर्थदण्ड की सजा

जनसंदेश न्यूज

**फैसला**

## विंध्याचल थाना के बूथ का मामला

## अर्थदण्ड न देने पर 20 दिन का भुगतना होगा कारावास

**मीरजापुर।** मतदान केन्द्र पर उपद्रव कर बैलेट पेपर पर कब्जा करने के चार आरोपियों को न्यायालय ने 2000-2000 के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। विंध्याचल मतदान केंद्र पर 1998 में बसन्तलाल पुत्र अभयनाथ, अभयनाथ पुत्र कालू, प्रभुनाथ पुत्र सूरजू निवासीगण धानीपट्टी व जसवन्त सिंह पुत्र राजबली सिंह निवासी बबूरा को आरोपी बनाया गया था।

विवादित मामले में गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की प्रभावी पैरवी गई। जिसमें थाना विन्ध्याचल पर मतदान केन्द्र पर कब्जा कर बैलेट पेपर कब्जे में लेने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने पैरवी करते हुए गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही कराई।

अधिकारी एसपीओ नीरज कुमार, विवेचक उप निरीक्षक डीएन राय, कोर्ट मुहर्रिर मुख्य आरक्षी सूबेदार यादव व घनश्याम राय तथा पैरोकार आरक्षी पप्पू चौहान ने प्रभावी पैरवी की। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रज्ञा सिंह ने थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत मुकदमे से सम्बंधित चार आरोपी बसन्तलाल अभयनाथ, प्रभुनाथ व जसवन्त सिंह को अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अर्थदण्ड अदा न करने पर 20 दिवस का साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# विंध्याचल में नवरात्रि के पहले बने आर्ट गैलरी

जनसंदेश न्यूज

**निर्देश**

## समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त ने दिया निर्देश

**मीरजापुर।** पर्यटन विभाग के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने कार्यों में तेजी लाने को कहा। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पार कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्र, प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर, सहायक क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अरविन्द राय, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

बैठक में यूपी प्रोजेक्टस कार्पोरेशन लिमिटेड यूनिट 16 के द्वारा कराए जा रहे कार्य मां विन्ध्यवासिनी देवी व तीर्थ से जुड़े पौराणिक कथानक इत्यादि का आर्ट वर्क गैलरी के निर्माण कार्य में जानकारी ली। बताया गया कि गैलरी में 30 मूर्तियां लगाई जानी है। जिसमें 20 मूर्तियों का चयन हो गया है। जो अप्रैल के प्रथम सप्ताह में लग जाएगी। माह के अन्त तक 10 मूर्तियां स्थापित कर दी जायेगी।

मण्डलायुक्त ने कहा कि नवरात्रि से पूर्व मूर्तियों को स्थापित करना सुनिश्चित करें, ताकि नवरात्रि में आने वाले श्रद्धालु इनका अवलोकन कर सकें। मोतिया तालाब के जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण के बारे में अवगत कराया गया कि 80 प्रतिशत कार्य हो चुका है। तहसील सदर के ग्राम में नेगुरा रिबई सिंह स्थित पौराणिक एवं ऐतिहासिक शिव मन्दिर पर 36 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मार्च 2025 तक कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा।

इसी प्रकार नरायनपुर में बैंकुण्ठ महादेव मन्दिर का कार्य प्रगति पर हैं। विन्ध्याचल में 11 स्थानों पर शौचालय का निर्माण कराया जाना है। निमार्णाधीन शौचालय को नवरात्र मेला से पूर्व पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

## दरवाजे पर खड़ी ट्रैक्टर की बैट्री चोरी

**गैपुरा।** थाना क्षेत्र के सिहावल गांव अंतर्गत हनुमानपुर मजरा में बीती रात दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर की बैट्री चोरी होने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। शनिवार की दोपहर गांव निवासिनी विनोजा देवी पत्नी संत कुमार सरोज ने पुलिस को तहरीर देकर बीती रात दरवाजे पर खड़ा ट्रैक्टर की बैट्री अज्ञात चोर द्वारा चोरी किए जाने का आरोप लगाया है। चोरी गए बैट्री की कीमत दस हजार है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है खोजबीन की जा रही है।

# हाईस्कूल गणित में 1486 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

### तीसरे दिन भी नहीं मिले एक भी नकलची



परीक्षा देकर निकलती छात्राएं

**सोनभद्र।** यूपी बोर्ड परीक्षा के आज पहली पाली में हाई स्कूल के गणित और इंटर के फल एवम खाद्य संरक्षण विषय की परीक्षा विभिन्न केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा के तीसरे दिन प्रथम पाली में हाई स्कूल के कुल पंजीकृत 16357छाओं के सापेक्ष 14871 परीक्षार्थी उपस्थित और 1486 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।इंटर के फल एवम खाद्य संरक्षण विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 259 के सापेक्ष 246 उपास्थित और 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले के बोर्ड परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए राज्य स्तर से नामित पर्यवेक्षक भूपेंद्र कुमार सिंह सुबह 8: 30 बजे ही कन्ट्रोल रूम आ धमके और विभिन्न केंद्रों पर चल रही परीक्षा का ऑनलाइन मॉनिटरिंग किया। इसके बाद परीक्षा केंद्र के लिए निकल लिए।आज ही दूसरी पाली में हाई स्कूल के वाणिज्य तथा इंटर के नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा हुई । हाई स्कूल में 265 छात्र पंजीकृत थे जिसमें 262 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 3 छात्र अनुपस्थित रहे। इंटर में 5886 छात्रों के सापेक्ष 5565 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 321 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।सकुशल परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिले पर कमांड एवम कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। सचल दस्ता पूरे दिन सक्रिय रहा। कन्ट्रोल रूम से कमलेश कुमार गुप्त ने बताया कि दोनों पाली में सभी केंद्रों के सभी कक्षों का ऑनलाइन मॉनिटरिंग होता रहा। ज़िला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय, डीसी समग्र शिक्षा, डायट टीम के अतिरिक्त 3 सचल दस्ता टीम विभिन्न केंद्रों पर चक्रमण करती रही। कंट्रोल रूम प्रभारी कालिंदी यादव ने बताया कि तीसरे दिन की परीक्षा भी जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न हुई।

# समाधान दिवस में अफसरों ने सुनी फरियाद

**अवसर**

### जिले के चारों तहसीलों में तहसील समाधान दिवस का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। ओबरा तहसील में जिलाधिकारी बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने तहसील दिवस में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुनते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। जो शिकायत मौके पर जाकर निस्तारण करने योग्य थी, ऐसे प्रकरणों में टीम गठित कर, क्षेत्र में टीम भेजकर शिकायतकर्ताओं के शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया गया। ओबरा में डीएम व एसपी के अलावा डीडीओ हेमेन्त कुमार सिंह, एसडीएम विवेक कुमार सिंह आदि ने 73 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 4 मामलें निस्तारित किये गये और चार टीम को क्षेत्र में भेजकर 24 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 8 मामले निस्तारित हुए, बाकी 65 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील राबर्ट्सगंज में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी व अन्य अधिकारियों ने 109 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 12 मामलें निस्तारित किये और 5 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 5 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 17 मामले निस्तारित हुए, बाकी 92 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील घोरावल में एसडीएम घोरावल राजेश सिंह, सीओ घोरावल राहुल पांडेय समेत अन्य अधिकारियों ने 72 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही चार मामलें निस्तारित किये गये, बाकी 68 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील दुद्धी में एडीएम सहदेव कुमार मिश्रा, एसडीएम दुद्धी निखिल यादव आदि ने 45 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही चार मामलें निस्तारित किये गये और एक टीम को क्षेत्र में भेजकर एक प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस दुद्धी में कुल चार मामले निस्तारित हुए, बाकी 40 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



ओबरा में समाधान दिवस पर समस्या सुनते डीएम व एसपी

## संक्षेप

### बाल वाटिका पर डाला गया प्रकाश



प्रदर्शनी का अवलोकन करते सदर ब्लॉक प्रमुख

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय अखाड़ा मोहाल पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यकम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी धनंजय सिंह ने बुके व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया। अध्यापिकाओं द्वारा लगाए गए टी एल एम प्रदर्शनी का अवलोकन किया तत्पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बाल वाटिका नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्री प्राइमरी शिक्षा बाल वाटिका स्कूल रेडनेस के कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया। वंडर बॉक्स तथा उसके उपयोग पर सुरुचिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। 11 न्याय पंचायत के 55 बच्चों व बाल वाटिका के नोडल अध्यापकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डी सी प्रशिक्षण जय किशोर वर्मा,अर्चना तिवारी ,कमलेश सिंह,मदन सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, संदीप पांडेय, वरुण त्रिपाठी, आनन्द प्रकाश त्रिपाठी, बृजबाला सिंह,अनामिका आदि अध्यापक व अध्यापिका में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन ए आर पी हृदेश सिंह जी द्वारा किया गया।

### तहसीलदार कक्ष में रखे प्राइवेट व्यक्तियों को हटाने की मांग

**ओबरा।** संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील ओबरा में सुनवाई करने पहुंचे जिलाधिकारी को एड. उमेश चन्द शुक्ला ने शिकायती पत्र सौपा। इस दौरान अवगत कराया कि तहसीलदार कक्ष में प्राइवेट व बाहरी अनाधिकृत व्यक्तियों को रखकर न्यायालय के सक्षम अधिकारी तथा पेशकार के मिली भगत से लगातार रेस्टोरेशन के नाम पर बड़े पैमाने पर अनियमता की जा रही है। कहा कि पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा समस्त तहसीलों से बाहरी अनाधिकृत व्यक्तियों को तत्काल बाहर निकालने का आदेश जारी किया गया था। बावजूद इसके ओबरा तहसीलदार कक्ष के सक्षम अधिकारी व पेशकार के द्वारा जिलाधिकारी के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए प्राइवेट व्यक्तियों को रख कर लगातार रेस्टोरेशन व अन्य कई समस्या बताकार भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पत्रक सौपने में एड. अनिल भारती, एड मनीष मिश्रा, एड अमित उपाध्याय, एड आर के दत्ता, एड अनिल राय आदि लोग शामिल रहे।

### शिकायत पर जांच का मिला आदेश

**ओबरा।** स्थानीय पीजी कालेज में शैक्षणिक स्तर लगातार गिरने एवं अन्य कई अनियमितता को लेकर छात्र नेता अभिषेक अग्रहरि की शिकायत पर जांच करने का आदेश दिया गया है।इस शिकायत की जांच राजकीय महिला महाविद्यालय डीएलडब्लू वाराणसी की प्राचार्य को मिली है। जांच अधिकारी ने पत्र भेजकर शिकायत करता अभिषेक अग्रहरि व प्राचार्य सहित महाविद्यालय के समस्त स्टॉप को आगामी 6 मार्च को दोपहर 12 बजे ओबरा महाविद्यालय पर मौजूद रहने का निर्देश दिया है। इस पत्र से महाविद्यालय में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

### पड़ोसियों की सतर्कता से बड़ी दुर्घटना टली

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ओबरा चोपन मुख्य मार्ग पर स्थित एक परिवार में शनिवार की दोपहर चल रहे कलह में पड़ोसियों ने बड़ी घटना होने से बचा लिया। संयोग अच्छा रहा कि समय से पड़ोसियों ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को सभाल लिया। अन्यथा की स्थिति में बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। बताया जाता है कि कमला पेट्रोल पंप के पास स्थित मकान में रह रहे एक परिवार के ससुर ने नाराज होकर गुस्से में अपने ही बहु के ऊपर जला मोबील डालते हुए पूरे घर में मोबील गिरा दिया। यह देख घर के बच्चों डरकर चीख पुकार करते हुए रोने लगे। बच्चों का तेजी से रोना सुनकर पड़ोसियों ने आनन फानन में पहुंच महिला को बचा लिया।

### कार खाई में पलटी, दो महिलाओं समेत तीन घायल



**चोपन।** चोपन थाना क्षेत्र में वाराणसी शक्तिनगर राज्यमार्ग पर एक बड़ी दुर्घटना हुई। पटवध नायरा पेट्रोल पंप के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। घटना में दो महिलाओं और एक पुरुष को चोटें आईं। कार सवार वाराणसी से म्योरपुर की ओर जा रहे थे। पटवध के पास तीव्र मोड़ पर चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा। कार खाई में गिरने से पहले कई बार पलटी। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद की और घायलों को कार से बाहर निकाला। सौभाग्य से किसी को गंभीर चोटें नहीं आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चोपन पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया।

### शौच के लिए निकली महिला की बंधी में डूबने से मौत



**बीजपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पिण्डारी गांव में शुक्रवार सुबह घर से थोड़ी दूर शौच के लिए निकली महिला रामलोचनी देवी 55 पत्नी राजेन्द्र पनिका की पानी मे डूबने से मौत हो गयी। काफी देर तक घर वापस न आने पर परिजन खोजबीन शुरू किए तो बंधे के किनारे महिला का चप्पल दिखाई दिया। शक होने पर परिजनों ने पानी के अंदर काफी खोज बीन की कोशिश कि लेकिन महिला का शव बरामद नही हुआ। घटना की जानकारी बीजपुर पुलिस को दी गयी सूचना पर पहुँचे प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने गोताखोरों की मदत से शाम तक गहरे पानी की तलहटी में बैठी लाश को बाहर निकलवा कर कब्जे में लेकर जांच पड़ताल के बाद शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सीएचसी भेज दिया।

## संघर्ष मोर्चा ने दुद्धी जिला बनाने को बुलंद की आवाज

**दुद्धी।** जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा ने शनिवार को जिला बनाओ विकास कराओ की आवाज जोरदार ढंग से बुलंद करते हुए, कचहरी के मेन गेट पर प्रदर्शन किया। जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा का समूह न्यायिक कार्य से विरत रहकर कोर्ट परिसर के मेन गेट पर जिला बनाओ विकास कराओ के नारे लगाये। दुद्धी बार अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, सत्यनारायण यादव, प्रभु सिंह ने कहा कि जिला बनाओ की आवाज दो दशक से ज्यादा दिनों से उठाई जा रही है। हमारी मांग है कि चुनावी सभा मे कहा जाता है कि सभी मानकों को पूरा करने वाले दुद्धी को सरकार द्वारा जिला बनाई जाएगी। लेकिन सरकार बनने के बाद अभी तक कोई भी निर्णय नही लिया जा रहा है। 2017 से 2025 तक जिला बनाओ पर भाजपा सरकार सिर्फ धोखा ही दिया है। प्रदेश में आठ ऐसे जिले हैं जो दुद्धी जिला के आबादी के बराबर में भी नही हैं। मानक का बहाना बताकर सरकार टाल रही है। इस अवसर पर अधिवक्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कालिया नाग के मान मर्दन की लीला का किया गया मंचन

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** नगर के रामलीला प्रांगण में आयोजित रासलीला के तीसरे दिन कालिया नाग के मान मर्दन की लीला का मंचन किया गया। वृन्दावन से आए कलाकारों ने शानदार लीला का मंचन कर लीला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रासलीला में कृष्ण मित्रों के साथ यमुना नदी के किनारे गेंद से खेल रहे थे। भगवान ने जोर से गेंद फेंकी और वो यमुना में जा गिरी। गेंद भारी होने से वो सीधे यमुना के तल पर चली गई। समस्या यह थी कि उस समय यमुना में कालिया नाग रहता था। पांच फनों वाला नाग बहुत खतरनाक और विषधर था।

उसके विष से यमुना काली हो रही थी और उसी जहर के कारण गोकुल के पशु यमुना का पानी पी कर मर रहे थे। कान्हा बहुत छोटे थे, लेकिन मित्रों के जोर के कारण उन्होंने तय किया कि गेंद वो ही निकाल कर लाएंगे। कान्हा ने यमुना में छलांग लगा दी। कृष्ण ने कालिया नाग की पूंछ पकड़कर उसे मारना शुरू कर दिया। कालिया नाग अपने प्राण की रक्षा के लिए कृष्ण से दुहाई देने लगा। कृष्ण ने उसे यमुना छोड़कर समुद्र में जाने के लिए वचबद्ध किया। इसके बाद कालिया नाग के फन पर नृत्य किया। इस तरह भगवान कृष्ण ने मथुरावासियों को कालिया नाग के साथ यमुना को उसके विष से मुक्ति दिलाई। इससे पूर्व बांके बिहारी की अनुपम छटा की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश दुबे, अविनाश कुशवाहा, समिति के संरक्षक जितेंद्र सिंह, संयोजक राम प्रसाद यादव, अध्यक्ष सचिन गुप्ता, महामंत्री धीरज जालान, सदस्य मनोज सिंह, सन्नु केसरी, विजय कांत मिश्र, डॉ.अनिल पांडेय, संदीप चौरसिया, विनोद केसरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



रासलीला का मंचन करते कलाकार

### राम जन्म की कथा सुन हर्षित हुए श्रोता

**सोनभद्र।** सदर ब्लॉक के ममुआ गांव में आयोजित अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय राम कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस में यज्ञ संचालन कार्य कर रहे आचार्य सौरभ भारद्वाज ने बताया श्री राम कथा के लिए आए चित्रकूट धाम से मानस राजहंस तुलसी किंकर महाराज द्वारा राम जन्म की कथा सुनाई गई। कथा के दौरान राजहंस ने रातचरित मानस की चौचाई का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रात काल उठकर रघुनाथा। मातु-पिता गुरु नावै माथा। अर्थात रघुनाथ प्रातः काल उठते ही अपने माता-पिता गुरु के चरण वंदन किया करते थे आज समाज में भी हर बच्चों को यह संस्कार देने की जरूरत है की माता-पिता और गुरु, ब्राह्मण, शोषित, आदिवासी, गरीब व निर्धन सभी का सम्मान बच्चे किया करें। क्योंकि भगवान ने अपने मुख से कहा है निर्मल मन जन सो मोहि पावा। यज्ञ के आयोजनकर्ता पंडित दीपेंद्र देव विद्यार्थी, यजमान हेमनाथ देव पांडे, यज्ञाचार्य पंडित नागेंद्र नाथ मिश्रा एवं ग्राम वासियों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# कसया खुर्द की चकबंदी प्रक्रिया को रोकने का किया जा रहा प्रयास

**मांग**

### ग्रामीणों ने दी चेतावनी, नियमों का अनुपालन नहीं किया गया तो कलेक्ट्रेट पर देंगे धरना

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज तहसील अंतर्गत कसया खुर्द गांव में शांति पूर्ण माहौल में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को प्रभावित करने और चकबंदी को रोकने के लिए गांव के कुछ लोगों द्वारा तरह-तरह का हथकंडा अपनाया जा रहा है। उच्चाधिकारियों को भ्रमित करने के लिए तथ्य गोपन कर न्यायालय के कार्यों में रोड़ा डालने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कसया खुर्द गांव में चकबंदी का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, चक काट दिया गया है। कुछ लोगों द्वारा पूर्व के सीओ एवं एसओसी न्यायालय में अपील की गई थी जिसका निस्तारण भी दो माह पूर्व कर दिया गया। परन्तु गांव के कुछ किसानो द्वारा चकबंदी कार्य को प्रभावित करने हेतु बार बार आवेदन पत्र प्रेषित कर अधिकारी गणों को भ्रमित किया जा रहा है। जिस स्थान पर एक धुर भी जमीन आरोपी किसान की नहीं है वहां पर उनके द्वारा अपना बताकर रास्ता, नाली,अपने नाम से चक कटवाने की मांग की जा रही है। गांव में चकबंदी विभाग के अधिकारियों द्वारा दो दो बार मौका मुआयना किया जा चुका है। जब अधिकारी गणों द्वारा उक्त आरोप को गलत बताया गया तो चकबंदी विभाग पर दबाव बनाने हेतु उन्हें सस्पेंड कराने अपनी ऊंची पकड़ की बात कहकर देख लेने की धमकी दी जा रही है। अपने आप को विभिन्न संगठन का पदाधिकारी बताकर अधिकारियों से नियम विरुद्ध कार्य कराने का दबाव बनाया जा रहा है। कसया खुर्द के किसानों ने आशंका व्यक्त किया है कि अधिकारी उनके प्रेशर में आकर गलत ढंग से नियम विरुद्ध कार्यवाही कर सकते हैं। गांव के किसान रमाकांत मिश्र, संतोष कुमार, राजन कुमार, प्रवेश कुमार ने जिलाधिकारी से न्याय संगत कार्रवाई की मांग किया। उधर ग्रामीणों ने कहा है कि यदि नियमानुसार न्याय संगत कार्यवाही नहीं की गई तो हम सभी ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

### अनावासीय भवन निर्माण को शासन से जारी हुआ धन

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कौशाम्बी और सोनभद्र जिलों में जिला ग्राम्य विकास संस्थान के अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए 17 करोड़ 69 लाख रुपये की धनराशि जारी करने की मंजूरी दी है। यह धनराशि दो किश्तों में दी जाएगी, जिसमें प्रत्येक जिले को 884.698 लाख रुपये मिलेंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर यह धनराशि जारी की गई है। इस संबंध में आवश्यक शासनादेश जारी कर दिया गया है, जिसमें निर्देश दिए गए हैं कि कार्यदायी संस्था द्वारा धनराशि के व्यय हेतु संगत शासनादेशों में निहित व्यवस्था व निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# विकास के खोखले दावे कर रही बीजेपी सरकारः श्यामलाल पाल

**बोले सपा प्रदेश अध्यक्ष**

### संविधान बचाने को पीडीए जन चौपाल



प्रदेश अध्यक्ष को माला पहना कर स्वागत करते सपाई

**सोनभद्र।** रावर्ट्सगंज नगर स्थित समाजवादी पाटी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव मन्नू पांडेय के निवास पर सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश में पीडीए जन चौपाल के माध्यम से संविधान बचाने और डबल इंजन सरकार के विकास के दावे की सच्चाई आम जनमानस को बताने का काम किया जा रहा है।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने योगी सरकार में तेज कसते हुए कहा कि सूबे में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। संविधान बचाने के लिए पार्टी पीडीए जन चौपाल का आयोजन कर रही है। एनडीए सरकार संविधान व लोकतंत्र को खत्म करने में लगी हुई है। महाकुंभ का आयोजन राजा हर्षवर्धन के समय से होता आ रहा है वे कुंभ में गरीबों को दान देते थे। बीजेपी राजनीतिक लाभ के लिए इसका प्रचार कर रही है। कुंभ के बहाने समाजिक ताने बाने व भाईचारे को खत्म करना चाहती है। राजनिति में धर्म का खेल भाजपा खेल रही है। नई संसद में सेंगोल की स्थापना राजतंत्र का द्योतक है। बीजेपी के लोग 2014 से देश के आजाद होने की बात कर रहे हैं। धर्म व जाति के नाम पर देश को बांटना चाहते हैं। बीजेपी सरकार के संविधान विरोधी कृत्य का विरोध सपा लगातार कर रही है। आगे भी संविधान बचाने की लड़ाई जारी रहेगी। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव, सांसद छोटेलाल खरवार, पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा, रमेश चंद दुबे, संजय यादव, विजय यादव, शिवपाल देव पांडेय, अनिल प्रधान, अशोक सिंह पटेल, सुनील कुमार गोड, शैयद कुरैशी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# चांद का दीदार, रमजान का पहला रोजा आज



दुद्धी में खरीददारी करते लोग

**सोनभद्र/दुद्धी।** जिले सहित आसपास के क्षेत्र में सूरज डूबने के साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोगों की नजरें आसमान पर जम गई थी। सबको इंतजार था रमजान के चांद के निकलने का रमजान के चांद का दीदार शनिवार को हो गया। चांद का दीदार करने के बाद उलेमाओं ने चांद की फजीलतें बयां की मुल्क की मिल्लत और हिफाजत के साथ कामयाबी व तरक्की के लिए दुआएं की गईं। चांद का दीदार होने के बाद मस्जिदों में नमाज-ए-तरावीह की शुरूआत हो गई। जमात के साथ लोगों ने तरावीह की नमाज अदा की। कहीं 10 दिन की तरावीह, कहीं 15 दिन, और कहीं पूरे माह की तरावीह शुरू हुई। इस्लाम धर्म के अनुयाई पहला रोजा आज रविवार को रखेंगे. बेसब्री से रमजान के चांद का इंतजार कर रहे लोगों ने चांद दिखते ही खुशी का इजहार किया और एक दूसरे को मुबारकबाद दी। शाम को बाजार में महिला-पुरुष खरीदारी करते दिखे। इस माह में एक नेकी के बदले 70 नेकियों के बराबर सवाब मिलता है. इस बार के रमजान में 29वां रोजा 13 घंटे 50 मिनट और 30वां रोजा 13 घंटे 53 मिनट का होगा।

## रेलवे ट्रैक पर युवक का मिला क्षत-विक्षत शव हत्या की आशंका



**शक्तिनगर।** थाना क्षेत्र के बीना चौकी अंतर्गत संदिग्ध हाल रेलवे ट्रैक पर 34 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शुक्रवार को सोनू कुमार पुत्र सालिक राम निवासी कोहरौलिया दोपहर को ड्यूटी गया था। बताया जाता है कि वापस आते समय रात को अपने साथियों के साथ शराब भट्टी पर गया था जहाँ नशा ज्यादा होने पर बाइक खड़ी कर पैदल घर जाने लगा। सुबह तक घर न पहुंचने पर परिजनो ने खोजना शुरू किया तो रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत लाश मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस से परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की पुलिस ने संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेज दिया।

# रोजगार के अभाव में युवाओं का हो रहा है पलायन

जनसंदेश न्यूज

**बभनी।** बेरोजगारी का संकट बेहद चिंताजनक है। खेती किसानी भी बेहद पिछड़ी हुई है। बड़ी संख्या युवा रोजी-रोटी के लिए अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं। महिला स्वयं सहायता समूह और नौजवानों को लघु व कुटीर उद्योग लगाने के लिए 10 लाख रुपए अनुदान, खाद्य प्रसंकरण व स्टोरेज की व्यवस्था, उत्पाद खरीद की गारंटी जैसे उपायों से रोजगार सृजन के पर्याप्त अवसर यहां पैदा किए जा सकते हैं। उक्त बातें बभनी दौर में रोजगार अधिकार अभियान के कोआर्डिनेटर राजेश सचान ने कहीं।

बताया कि देशव्यापी स्तर पर रोजगार अधिकार अभियान चलाया जा रहा है जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य व रोजगार की गारंटी करने, देश में रिक्त पड़े एक करोड़ पदों को तत्काल भरने, हर व्यक्ति की सम्मानजनक जीवन की गारंटी करने और सुपर रिच की संपत्ति पर समुचित टैक्स लगाने का सवाल शामिल हैं। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ के एक्स हैंडल पर पोस्ट कर पोखरा स्थित राजकीय महाविद्यालय का तत्काल संचालन करने, बभनी में राजकीय इंटरमीडिएट कालेज खोलने और प्राथमिक विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षकों के रिक्त पदों को तत्काल भरने की मांग की गई है। इस दौरान इंद्रदेव खरवार, संजय गुप्ता, संतोष कुमार, राकेश, हीरालाल खरवार, रामजीत खरवार, राम कुमार जायसवाल, जवाहर खरवार, दलबीर खरवार, राधेश्याम आदि ने अपने विचारों को रखा।

**मामला**

### पोखरा राजकीय महाविद्यालय के संचालन का मुद्दा उठाया

### शिक्षकों के रिक्त पदों को तत्काल भरने की मांग

## स्वीच यार्ड में आग लगने से मचा हडकम्प



**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के स्वीच यार्ड के चार सौ केवी ट्रांसफार्मर में आग लगने से मचा हड़कंप मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। शनिवार की शाम एनटीपीसी सिगरौली परियोजना के स्विचयार्ड 400 केवीडब्लू, आईसीटी -2 ट्रांसफार्मर में हीटिंग के चलते तेल रिसाव होने लगा जिससे आग लग गई आग लगने की सूचना पर हड़कंप मच गया आनन फानन में अधिकारी मौके पर पहुंच कर फायर विग्रेड को सूचित किया सूचना पर परियोजना की फायर विग्रेड पहुंचकर आग पर काबू पा लिया जिससे बड़ी क्षति होने से बच गईं इस सम्बन्ध में परियोजना के कई अधिकारियों से फोन कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया लेकिन किसी ने फोन रीसीव नही किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में पड़े 73 प्रार्थना पत्र, 8 निस्तारित

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक अनील कुमार यादव की अध्यक्षता में तहसील सदर सभागार में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिनमें विभिन्न मामलों के 73 प्रार्थना पत्र पड़े, जिनमें से 08 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण हुआ शेष को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए भेजा गया। संपूर्ण समाधान दिवस दौरान एक फरियादी ने विकास खंड बरहनी के ग्राम पंचायत कल्याणपुर में सफाई कर्मचारी की तैनाती न होने से ग्राम पंचायत में साफ-सफाई नहीं होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने प्रभारी डीपीआरओ को एक सप्ताह में नवीन तैनाती कराकर साफ-सफाई हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में मौजूद सभी अधिकारियों को संबंधित प्रार्थना पत्रों का समय रहते गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए। तहसील दिवस के अन्त में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी को निर्देशित किया कि शिकायत प्राप्त होने पर मौके पर जरूर पहुंचे उनसे बात कर उनको संतुष्ट करे। इस दौरान पीडी डीआरडीए, क्षेत्राधिकारी सदर राजेश राय, डीसी मनरेगा, उपकृषि निदेशक, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, प्रभारी डीपीआरओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



चंदौली तहसील सभागार में समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम व अन्य अधिकारी।

# सिक्स लेन आंदोलन के समर्थन में सिविल बार एसोसिएशन

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** सिविल बार एसोसिएशन अब मुगलसराय में सिक्स लेन सड़क बनवाने के समर्थन में आ गया। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने शनिवार को समर्थन पत्र आंदोलन की अगुवाई कर रहे संतोष कुमार पाठक को सौंपा। विदित हो कि विगत कुछ दिनों से मुगलसराय में सिक्स लेन सड़क बनवाने के लिए आंदोलन चल रहा है जिसमें अब अधिवक्ता भी शामिल हो गए हैं।

सिविल बार एसोसिएशन चंदौली के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने सिविल बार एसोसिएशन चंदौली के समस्त अधिवक्ताओं की तरफ से मुगलसराय के सिक्स लेन के लिए हो रहे आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। अपने समर्थन पत्र के माध्यम से विनय कुमार सिंह ने बताया कि मुगलसराय में जाम की समस्या व सिक्स लेन बनवाने के संदर्भ में संतोष कुमार पाठक एवं दुर्गेश पांडेय एडवोकेट द्वारा प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। सिविल बार एसोसिएशन चंदौली इस बात से वाकिफ है कि मुगलसराय में रोज भीषण जाम लगता है इससे अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारियों व वादकारियों को न्यायालय समय से पहुंचने में रोज विलंब होता है तथा आम जनता को भी मुगलसराय में लगने वाले जाम से अत्यधिक परेशानी होती है तथा रोजाना न्यायिक कार्य बाधित होता है। जिसका एकमात्र समाधान सिक्स लेन सड़क मुगलसराय में नगर में बन जाए, इससे मुगलसराय नगर में जाम की समस्या का समाधान निश्चित रुप से हो जाएगा। इसे देखते हुए सिविल बार एसोसिएशन नगर मुगलसराय में सिक्स लेन सड़क बनाई जाने के पक्ष में हो रहे आंदोलन को अपना समर्थन प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने इस आशय का समर्थन पत्र अधिवक्ता संतोष कुमार पाठक व दुर्गेश पांडेय (पूर्व महामंत्री सिविल बार एसोसिएशन चंदौली) को प्रदान किया। इस अवसर पर राजेश दीक्षित, विनोद सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।



सिक्स लेन सड़क आंदोलन के समर्थन में पत्र देते सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष।

## संक्षेप

### दुबई से शव आने पर तिरगांवा में मचा कोहराम

**चहनियां।** क्षेत्र के तिरगांवा गांव निवासी 45 वर्षीय जयसिंह यादव दुबई में कमाने गए थे, जहां कुछ दिन पहले हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई थी। शनिवार को उनका पार्थिक शरीर दुबई से उनके पैतृक गांव पहुंचा तो गांव में हाहाकार मच गया। स्वर्गीय जयसिंह यादव अपने पीछे पत्नी प्रेमशीला और दो बच्चों को छोड़ गए हैं। पत्नी और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। बताते हैं कि तीरगांवा के जयसिंह 20 वर्ष की आयु में परिवार की माली हालत को देखते हुए दुबई कमाने चले गए थे। वे घर परिवार और गांव के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। लोग उनके आने का इंतजार करते थे। चार दिन पूर्व दुबई में उनकी हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई थी। परिवार के लोगों के अथक प्रयास से बहुत सारी सरकारी औपचारिकताएं पूरी करने में चार दिन का समय लग गया। शनिवार को गांव में पार्थिव शरीर आने पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भारी भीड़ जुट गई। हर किसी की आंखे नम थीं।



मृतक की फाइल फोटो।

### बरकतों का महीना माह-ए-रमजान की दिखी रौनक

**चंदौली।** बरकतों का महीना रमजान शनिवार को चांद दिखने के साथ शुरू हो गया। इस दौरान शनिवार को मुस्लिम बंधुओं ने तरावीह की नमाज अदा की। इसे लेकर पूरे दिन मस्जिदों में साफ-सफाई व नमाज की तैयारियों का दौर चला। इसके साथ ही रविवार से माह-ए-रमजान का पहला असरा भी शुरू हो जाएगा। इसको लेकर मुस्लिम बहुल इलाकों में चहल-पहल बढ़ गई। बाजारों में भी सहरी और इफ्तार के सामान की खरीद-फरोख्त करने से रौनक बढ़ने लगी है। पाक रमजान माह रहमतों और बरकतों का महीना कहा जाता है। यह महीना मुसलमानों के लिए बहुत खास है। रमजान माह को लेकर छोटे-छोटे बच्चों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसलिए इसकी तैयारी को लेकर लोग पूरी सिद्दत से जुट गए हैं। शनिवार एक मार्च को चांद की तस्दीक होते ही मस्जिदों में कुरान तरावीह की नमाज अदा की गई। वहीं रविवार दो मार्च से रोजे का पहला असरा आरम्भ हो जाएगा। रमजान माह में इबादत करने के साथ ही कुरान की तिलावत करने के लिए मस्जिदों के साथ ही घरों में भी तैयारियां शुरू हो गई। वहीं सहरी और इफ्तार के सामानों की भी खरीद-फरोख्त में लोग जुट गए हैं। मुफ्ती रिजवान ने बताया कि रमजान महीना बुराई से दूर रखता है और अच्छाई के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

### सार्वजनिक स्थान पर बनाए जा रहे निजी शौचालय

**चंदौली।** सदर विकासखंड के नेगुरा गांव निवासी प्रहलाद यादव ने जिलाधिकारी के समक्ष शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में न्याय गुहार लगाई। कहा कि मेरी जमीन पर विपक्षी द्वारा कब्जा किया जा रहा है यही नहीं कुछ लोग गांव के जो सार्वजनिक स्थान पर निजी शौचालय का निर्माण कर रहे हैं इन प्रकरण की जांच पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। डीएम ने समस्याओं के समाधान के बाबत पीड़ित को आश्वस्त किया कि इस समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा।

### सम्पूर्ण समाधान दिवसः तीन प्रार्थना निस्तारित




डीडीयू नगर में फरियाद सुनते अधिकारी।

**डीडीयू नगर।** तहसील परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम आलोक कुमार के नेतृत्व में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 61 प्रार्थना पत्र पड़े।जिसमें तीन प्रार्थना पत्र त्वरित कार्रवाई कर निस्तारण कर दिया गया। शेष सभी प्रार्थना पत्रों को लेखपाल व अन्य विभागों को निस्तारण के लिए सुपुर्द कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर मुगलसराय एसडीएम आलोक कुमार, सीओ आशुतोष कुमार, व अन्य विभागों के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

### सड़क पर सीवर का पानी बहने से व्यापारी में आक्रोश



सकलडीहा में सड़क पर बहता सीवर का पानी।

**सकलडीहा।** विकासखंड के पदुमनाथपुर गांव की मुख्य सड़क पर शिविर का गंदा पानी मुख्य मार्ग पर बहाने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त रहा जब जी सकलडीहा कस्बे से जुड़ा रेलवे स्टेशन मार्ग जो प्रतिदिन सैकड़ो दशनार्थी व अन्य ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है वही शिविर के गंदे पानी सड़क पर तैरने से आने जाने वाले ग्रामीण को उसे गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ता है यही नहीं कभी-कभी तेज वाहनों के गुजरने से अगल-बगल के राहगीर वह अन्य लोगों के ऊपर गंदे शिविर का पानी उनके ऊपर भी पड़ जाया करता है इसी के साथ अगल-बगल के ग्रामीणों ने बताया कि इस गंदे शिविर के पानी के कारण कई तरह की बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं जबकि इसकी शिकायत कई बार ग्राम प्रधान से किया गया है परंतु अभी तक नाली निर्माण का कार्य नहीं कराया गया है इस दौरान विकासखंड अधिकारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि इस समस्या का समाधान जल्द ही करा दिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना दूसरे चरण के लिए आवेदन जारी

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। इस सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी डूडा अविनाश कुमार ने बताया कि विधवा, अविवाहित महिला, दिव्यांग जन, वरिष्ठ नागरिक (70 वर्ष से ऊपर), ट्रांसजेंडर, एससी/एसटी (अनुसूचित जाति/जनजाति), अल्पसंख्यक, सफाई कर्मी, पीएम स्वनिधि और पी एम विश्वकर्मा योजनाओं के लाभार्थी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक आवेदक इस बार स्पेशल फोकस ग्रुप के रूप में शामिल किये जाएगें।

कहा कि लाभार्थी के पास कम से कम 330 वर्ग एक आवास दिया जाएगा। आवेदक के परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड लगेगा। प्रति आवास कुल फीट से 500 वर्ग फीट भूमि होनी चाहिए। एपरिवार को स्वीकृत राशि दो लाख पचास हजार है। जो तीन किश्तों में पात्र आवेदक को मिलेगी। जिस परिवार में किसी सदस्य को इस योजना के प्रथम चरण में आवास मिल चुका है।उस परिवार को आवास नहीं मिलेगा। इसके अलावा ऐसे आवेदक, जिनके नाम को 31 दिसम्बर 2023 के बाद केन्द्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति द्वारा काट दिया गया हो।

पीएमए वाई-2 में उनके आवेदन को शामिल नहीं किया जायेगा। इस बार योजना में 12 माह अथवा उससे कम समय में आवास पूर्ण कराने वाले लाभाथियों को पुरस्कार स्वरूप दस हजार का अतिरिक्त भुगतान, वरिष्ठ नागरिक (70 वर्ष से अधिक) को प्रोत्साहन स्वरूप रू. तीस हजार का अतिरिक्त भुगतान और एकल महिलाओं (विधवा / परित्यक्ता आदि) को प्रोत्साहन स्वरूप रू.बीस हजार का अतिरिक्त भुगतान प्राप्त होगा। योजना में आन लाइन आवेदन जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से अथवा स्वयं से किया जा सकता है। आवेदन हेतु तीन लाख तक परिवार की वार्षिक आय का प्रमाण पत्र/शपथ पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग/एस सी/एस टी आवेदकों हेतु जाति प्रमाण पत्र, परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड (मृतक को छोड़कर), जमीन का वैध दस्तावेज, बैंक पास बुक की प्रति आवश्यक होगी द्य आवेदन के समय आवेदक विशेष ध्यान देकर स्पेशल फोकस ग्रुप की कैटेगरी जरूर भरें। उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की कि अन्य जानकारी हेतु अपने नगर निकाय एवं डूडा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

### न्यायालय के शिलान्यास को लेकर डीएम से मिले अधिवक्ता

**चंदौली।** सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीएम निखिल टीकाराम फुंडे से मुलाकात की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा और दिवानी न्यायालय भवन के शिलान्यास की मांग की। इस दौरान सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह ने कहा कि जिले का गठन 1997 में हुआ था। इससे पहले यह वाराणसी जिले का हिस्सा था। 28 साल बीत जाने के बाद भी जिले का भौतिक स्वरूप नहीं बदला है। अधिकतर सरकारी कार्यालय किराए के भवनों में चल रहे हैं।वर्तमान में कोर्ट तहसील और परिषदीय स्कूल के अधिग्रहित भवन में संचालित हो रहा है। विकास भवन के पास कोर्ट भवन के लिए जमीन का अधिग्रहण हो चुका है। शासन से निर्माण कार्य के लिए बजट भी आवंटित है। फिर भी अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।इस स्थिति से न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता और वादकारी परेशान हैं। अधिवक्ताओं में इस विषय को लेकर नाराजगी है। डीएम ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही उनकी मांगों को शासन के सक्षम अधिकारियों तक पहुंचा देंगे। इस दौरान डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश पांडेय, हरेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

# स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र, करे योग रहे निरोगः विनय सिंह



जटाधारी महाविद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

**चहनियां।** क्षेत्र के मारुफपुर स्थित जटाधारी महाविद्यालय में शुक्रवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतिम दिन योग प्रशिक्षक किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन आयुर्वेदिक चिकित्सालय मारुफपुर चंदौली के योग प्रशिक्षक विनय कुमार सिंह अमृता सिंह मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वालित किया। इसके बाद कार्यक्रम मे योग की की महत्ता बताते हुए विनय कुमार सिंह योग के कई टिप्स छात्रो को दिया करे योग रहे निरोग कपाल भाती अनुलोम बिलोम कई अनेक आसान के माध्यम से योग करके छात्रों को सिखाया, वहीं प्रियंका सिंह ने भी सफाई के विशेष महत्व पर बल दिया। वातावरण के अनुकूल स्वयं को समर्पित रखते हुए अपने घर गांव और महाविद्यालय को स्वच्छ रखने में अपनी रचनात्मक भूमिका का पर्याय रखना सुनिश्चित करते हैं, ताकि योग के प्रति आपकी जागरूकता आपके परिवार समाज और देश को एक मजबूत और स्वस्थ जीवन प्रदान करने की कड़ी साबित होगी। इस दौरान विद्यालय के कर्मचारी अध्यापक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष सिंह व संचालन राजेश ने किया तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# ओरवा में टूटी पुलिया पर आने-जाने को मजबूर हैं राहगीर

**सकलडीहा।** तहसील क्षेत्र के ओरवा गांव के अमली माइनर की पुलिया का निर्माण कार्य लगभग 6 महीने से अधर में लटका हुआ है।ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार ने पुलिया को तोड़ तो दिया था परंतु नई पुलिया का निर्माण आज तक नहीं किया गया जिससे प्रतिदिन आने जाने वाले ग्रामीण व राहगीरो को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है वहीं किसी तरह बॉस व बल्ली के सहारे माइनर को पार कर अपने घर को जाने को मजबूर रहते हैं इस अस्थाई व्यवस्था से अब तक कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

सबसे ज्यादा परेशानी उन बुजुर्ग महिला वह साइकिल से आने जाने वाली छात्र-छात्राओं होती है यही नहीं सबसे बड़ी मुसीबत तब बन जाती है कि उसे गांव में अचानक किसी की तबीयत खराब हो जाए और उसे इस पर आना हो उसे वक्त काफी परेशानियों का सामना करना पड़ जाता है वहीं सिंचाई विभाग ने पुलिया के निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत कर कर दिया था परंतु ठेकेदार ने अभी तक काम शुरू नहीं किया और पुरानी पुलिया को पूरी तरह नष्ट कर दिया। स्थानीय निवासी अश्वनी कुमार, सत्येंद्र कुमार, भाई लाल ने शासन व प्रशासन का इस तरफ ध्यान केंद्रित कराते हुए कहा कि जल्द ही इस पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया तो हम सभी ग्रामवासी तहसील मुख्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करने का कार्य करेंगे।



ओरवा में टूटी पुलिया।

### लालतापुर में बाल महोत्सव का हुआ समापन

**नौगढ़।** चिराग केन्द्र लालतापुर के परिसर में आयोजित दो दिवसीय बाल महोत्सव का समापन शनिवार को किया गया। जिसमें आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर-के उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम में घड़ा फोड़, नुक्कड़ नाटक, पपेट शो, गीत संगीत कबड्डी ईत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गणित दौड़ जूनियर वर्ग में आरपी नीतीश कुमार व अंजली गणित दौड़ प्राइमरी वर्ग में शैलेश कुमार मुस्कान प्रदीप कुमार ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में वि.ख.चकिया के चिराग केन्द्र गणेशपुर ने अव्वल स्थान हासिल किया। साइकिल धीमी रेस प्रतियोगिता में अवधेश मंगल व नीतीश कुमार विजेता रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में लालतापुर की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। रस्साकसी प्रतियोगिता में चिराग केंद्र लालतापुर की टीम विजई हुई। इस अवसर पर संस्थान की निदेशक बिंदु सिंह, सुरेंद्र, नीतू सिंह, रामविलास, रामा, जयप्रकाश, राजेश, मन्नू, उमेश, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय वित्त से बने ग्राम प्रधान के कार्यों का हुआ निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज


**चहनियां।** क्षेत्र के सेवड़ी गिरजा मिश्र के मड़ई पर हुए केंद्रीय वित्त से कार्यों का निरीक्षण खण्ड विकास अधिकारी प्रकाश प्रसाद के निर्देश पर आरजेडी बीरेन्द्र कुमार ने किया। निर्माण कार्यों की गहनता से निरीक्षण कर रिपोर्ट अधिकारी को सौंपी। ग्रान प्रधान आशुतोष कुमार सिंह द्वारा सेवड़ी मिश्र के गिरजा के मड़ई में वर्षों से ब्राम्हण और यादव बस्ती में रास्ते की बड़ी समस्या बनी हुई थी। सबसे ज्यादा परेशानी बरसात में होती थी। जिसके देखते हुए ग्राम प्रधान ने ब्लाक प्रमुख अरुण जायसवाल से रास्ते के लिए आग्रह किया था।

जिस पर प्रमुख ने तत्परता से केंद्रीय वित्त से 9 लाख अस्सी हजार रुपये की स्वीकृति देने पर विनय यादव, जीनाथ यादव के घर से होते हुए मन्दिर से होते हुए 200 मीटर का कार्य प्रधान द्वारा हुआ। इस कार्य का खण्ड विकास अधिकारी के निर्देश पर आरजेडी बीरेन्द्र कुमार ने निरीक्षण कर रिपोर्ट खण्ड विकास अधिकारी को सौंपी। इसे लेकर प्रधान ने बताया कि गांव में यह समस्या वर्षों से बनी थी, जो प्रमुख जी ने तत्परता दिखाते हुए कार्य पूर्ण कराया। इसके लिए प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत अधिकारी को धन्यबाद ज्ञापित किया। इस दौरान दीपक सिंह गुड्डू, पवन त्रिपाठी, शिवपूजन मिश्रा, गणेशु मिश्र, आनन्द प्रकाश मिश्रा, गुड्डू मिश्रा, जीनाथ यादव, रामसेवक यादव, सुधीर यादव, नीलकंठ मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।




सेवड़ी गिरजा मिश्र के मड़ई में खण्ड विकास अधिकारी के निर्देश पर निरीक्षण करते आरजेडी बीरेन्द्र कुमार।

# जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए मिल रही दो महीने की डेट



24/04/25
PANDIT KAMALAPATI TRIPATHI DISTRICT HOSPITAL CHANDAULI
Pt. Kamalapati Tripathi District Hospital Chandauli, Chandauli
Chandauli, Uttar Pradesh, India
OUT PATIENT CARD
Address: BICHHIYA KHURD, Chandauli, Uttar Pradesh, India
Category: General
Department/RoomNo: Obst And Gynae / 44
Doctor/Unit: Obst and Gynae General
ABHA ADDRESS: NA
ABHA NUMBER: NA
Fees: ₹1.00/-
OPD Days: Mon,Tue,Wed,Thu,Fri,Sat
Visit Date & Time: 01-Mar-2025 08:27
Valid Till: 15-Mar-2025
Prepared By: Deo Registration



25/04/25
PANDIT KAMALAPATI TRIPATHI DISTRICT HOSPITAL
CHANDAULI
Pt. Kamalapati Tripathi District Hospital Chandauli, Chandauli-232104
OUT PATIENT CARD
Patient Name: MANEESH GUPTA
S/O: NA
Address: Chandauli, Uttar Pradesh, India
Category: General
Department/RoomNo: Physician / 28
Doctor/Unit: Physician General
ABHA ADDRESS: NA
ABHA NUMBER: NA
Fees: ₹1.00/-
OPD Days: Mon,Tue,Wed,Thu,Fri,Sat
Visit Date & Time: 01-Mar-2025 10:54
Valid Till: 15-Mar-2025
Prepared By: Deo Registration

जिला अस्पताल के ओपीडी की पर्ची में उल्लिखित अल्ट्रासाउंड की डेट।

**चंदौली।** जिले के सरकारी अस्पतालों में ईलाज कराना गरीबों व आमजन की पहुंच से दूर होता दिख रहा है। क्योंकि अस्पताल की जो व्यवस्थाएं हैं वह अस्पतालों में पहुंचने वाली लोगों की भीड़ के सापेक्ष नाकाफी है, जिस वजह से लोगों को दवा-ईलाज के लिए अब लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। यह इंतजार दिन व हफ्तों में नहीं, बल्कि महीनों में है। इसकी झलक शनिवार को उस वक्त जिला अस्पताल चंदौली में देखने को मिली, जब अब ईलाज कराने के लिए बिछियां खुर्द की बिंदू देवी अस्पताल पहुंची। वहां उन्होंने ओपीडी में चिकित्सक के पास जाकर अपने मर्ज के बारे में बताया तो उन्हें चिकित्सक द्वारा अल्ट्रासाउंड कराने की परामर्श दिया गया।

इसके बाद जब वे अस्पताल के अल्ट्रासाउंड कक्ष पहुंची तो उन्हें अल्ट्रासाउंड कराने के लिए 24 अप्रैल की डेट दे दी गयी। जब उन्होंने वहां तैनात चिकित्सा स्टाफ से पूछा तो उन्होंने बताया कि मरीजों की लंबी लाइन है और जो डेट दी गयी है उसी तिथि पर ही आपका अल्ट्रासाउंड होगा। इसी तरह चंदौली के मनीष कुमार को 25 अप्रैल की डेट अल्ट्रासाउंड के लिए दी गयी है यानी उन्हें जिला अस्पताल में अल्ट्रा कराने के लिए एक महीने 25 दिन का इंतजार करना पड़ेगा। इसके बाद ही वह रिपोर्ट के साथ संबंधित चिकित्सक से चिकित्सा परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। दिलचस्प यह है कि जिला अस्पताल के ओपीडी की पर्ची 15 दिनों के लिए वैध है और उस पर डेढ़ महीने से ज्यादा की डेट अल्ट्रासाउंड के लिए दी जा रही है। ऐसे में सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। क्योंकि मरीज यदि ऐसी चिकित्सा सेवाओं के भरोसे रहेंगे तो उन्हें उपचार मिलते-मिलते काफी लंबा वक्त बीत जाएगा। यही वजह है कि आम जनता का सरकारी चिकित्सा सेवा से भरोसा उठने लगा है, लेकिन गरीब जनता बेबस व लाचार होकर अस्पताल के चक्कर लगाने को विवश है। बावजूद इसके सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

### चिकित्सक ने सीटी स्कैन के नाम पर मरीज से वसूले पैसे

**चंदौली।** पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन कराने के नाम पर शुक्रवार को इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक की ओर से पैसा वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने जिला अस्पताल से संबंध बाबा कीनाराम मेडिकल कालेज के प्राचार्य को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बताते हैं कि शुक्रवार को शहाबगंज के बायापुर गांव निवासी अजय भारती बीमारी हालत में अपनी पुत्री पूजा को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने हालत गंभीर हालत होने पर पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया और सीटी स्कैन कराने को कहा। जब पीड़ित जिला अस्पताल पहुंचा तो सिटी स्कैन कराने के लिए इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक अपने प्राइवेट चेंबर में ले गए। जैसा कि पीड़ित का आरोप कि चिकित्सक ने कहा कि बाहर 3500 रुपए में सिटी स्कैन होता है और यहां कराने के लिए 500 रुपया देना पड़ेगा। पैसा नहीं देने पर सिटी स्कैन नहीं हो पाएगा। पीड़ित ने चिकित्सक को 400 रुपये देने के बाद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से शिकायत की। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा सत्य प्रकाश ने इसकी शिकायत बाबा कीनाराम मेडिकल कालेज के प्राचार्य अमित कुमार सिंह से करने को कहा। इसकी लिखित शिकायत पीड़ित ने प्राचार्य से की है। इसे गंभीरता से लेते हुए प्राचार्य डॉ अमित कुमार सिंह ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। इसमें जो भी दोषियों का उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# स्पोर्ट्स

दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के शेनझेन में ऑस्ट्रेलिया और सऊदी अरब के बीच एएफसी यू20 एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फोटो खिंचवाते ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच ट्रेवर मॉर्गन (बाएं) और खिलाड़ी सेबेस्टियन एस्पोसिटो।




# साउथ अफ्रीका चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में, इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया



## क्लासन-रासी की फिफ्टी, यानसन-मुल्डर को 3-3 विकेट इंग्लैंड के शर्मनाक प्रदर्शन से अफगानिस्तान बाहर

**साउथ अफ्रीका:** ऐडन मार्करम (कप्तान), रायन रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वान डर डसन, हेनरिक क्लासन (विकेटकीपर), डेविड मिलर, वायन मुल्डर, मार्को यानसन, कगिसो रबाडा, केशव महाराज और लुंगी एनगिडी।
**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान), फिल सॉल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, जैमी स्मिथ, जो रूट, हैरी ब्रूक, लियम लिविंगस्टन, जैमी ओवर्टन, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद और साकिब महमूद।



**कराची।** साउथ अफ्रीका ने चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। साउथ अफ्रीका ने शनिवार को ग्रुप-बी के आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया।

अफ्रीकी टीम ने 180 रन के लक्ष्य को 29.1 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। वहीं इंग्लैंड के शर्मनाक प्रदर्शन से अफगानिस्तान बाहर हो गया। वहीं इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इंग्लैंड की टीम 38.2 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैड के बल्लेबाज जो रूट ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए।

वहीं, जोस बटलर ने 21 और जोफ्रा आर्चर ने अपनी टीम के लिए 25 रन का योगदान दिया। अफ्रीकी गैंदबाज मार्को यानसन और वायन मुल्डर ने 3-3 विकेट लिए वहीं, लुंगी एनगिडी, कगिसो रबाडा ने 1-1 विकेट लिया और केशव महाराज ने 2 विकेट लिये।

इंग्लैंड के द्वारा दिये गये 179 रनों का पीछा करने उतरनी साउफ अफ्रीका की टीम ने 3 खोकर 29.1 ओवर में 181 बनाकर जीत हासिल की और चैम्पियन ट्राफी 2025 के सेमीफाईनल में अपनी जगह बनाई। साउथ अफ्रीका की ओर से रासी वान डर डसन ने नाबाद 72 रन की पारी खेली। हेनरिक क्लासन 64 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने 122 बॉल पर 127 रन की साझेदारी की।

इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर ने 2 एवं रसीद ने 1 विकेट लिया। दक्षिण अफ्रीका का सेमीफाइनल में पहुंचना। दूसरा- अफगानिस्तान का सेमीफाइनल से बाहर होना। दरअसल, अफगानिस्तान की सारी उम्मीदें इंग्लैंड की जीत पर टिकी थीं, वह भी भारीभरकम अंतर से। अगर इंग्लैंड अफ्रीकी टीम को 207 रन से हराता तभी अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचता. अब जबकि इंग्लैंड 207 रन बना ही नहीं सका तो जीत का ये अंतर कैसे होगा। यानी अगर इंग्लैंड यह मैच जीत भी ले तो भी सेमीफाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका ही क्वालीफाई करेगा।

## ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, मैथ्यू शॉर्ट सेमीफाइनल से हो सकते हैं बाहर

**करांची।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बिना कोई मैच जीते सेमीफाइनल में पहुंच चुकी ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लग सकता है। टीम के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट चोटिल हो गए हैं और उनके आगामी मुकाबले में खेलने पर संशय बना हुआ है। शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ लाहौर में खेले गए मैच के दौरान चोट लगी थी, जिसके कारण वह सेमीफाइनल से बाहर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि शॉर्ट अभी संघर्ष कर रहे हैं और उनके ठीक होने के लिए कुछ दिन काफी कम हैं। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि उनकी जगह कौन सा खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन में शामिल होगा, लेकिन माना जा रहा है कि जेक फ्रेजर-मैकगर्क को मौका मिल सकता है। मैथ्यू शॉर्ट ने अफगानिस्तान के खिलाफ 15 गेंदों पर 20 रन बनाए थे, जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। उन्होंने टूनामेंट में अब तक 102 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 83 रन बनाए हैं, जिससे वह टीम के अहम बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइनअप पर असर पड़ सकता है। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में ऑस्ट्रेलिया 274 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही थी और 13 ओवर में एक विकेट खोकर 109 रन बना चुकी थी। लेकिन इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और करीब एक घंटे की देरी के बाद अंपायरों ने गीली पिच की वजह से मैच रद्द करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल ग्रुप बी की अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है।

## न्यूजीलैंड हमेशा से बेहद मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम रही है: राहुल

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के विकेटकीपर और बल्लेबाज केएल राहुल को नहीं लगता कि चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाने के बावजूद टीम इंडिया विनिंग कॉम्बिनेशन में कोई छेड़छाड़ करेगा। न्यूजीलैंड से रविवार को भारत का आखिरी ग्रुप मैच है। न्यूजीलैंड हमेशा से बेहद मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम रही है। टीम इंडिया दुबई में 2021 टी20 विश्व कप में पाकिस्तान से दस विकेट से हार गई थी। इसके बाद न्यूजीलैंड से हारकर भी सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी थी। ऐसे में भारत अपना पुराना हिसाब चुकता करना चाहेगा। राहुल ने कहा कि 2021 में सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाना या टूनामेंटों में अच्छा नहीं खेल पाना हमारे लिए सुखद समय नहीं था। हमने उससे सीखा है और पिछले दो तीन आईसीसी टूनामेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया है। राहुल ने कहा कि हम इस बारे में नहीं सोच रहे हैं कि अतीत में क्या हुआ या क्या अच्छा है और क्या बुरा।

# भारत बनाम न्यूजीलैंड: चैंपियंस ट्रॉफी में टॉप पर पहुंचने की जंग आज

**दुबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपना आखिरी लीग मुकाबला आज न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। इस मैच पर सभी की नजरें टिकी हैं, क्योंकि यह मुकाबला तय करेगा कि ग्रुप ए में कौन सी टीम शीर्ष पर रहेगी। भारत और न्यूजीलैंड दोनों ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं, लेकिन ग्रुप स्टेज में पहला स्थान हासिल करने के लिए यह मैच बेहद अहम होगा। अब तक भारतीय टीम ने टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया और फिर पाकिस्तान को भी 6 विकेट से मात दी। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने भी अपने दोनों मुकाबले जीते हैं। उन्होंने पाकिस्तान को 60 रनों से हराया और फिर बांग्लादेश को 5 विकेट से शिकस्त दी। ऐसे में दोनों टीमें पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेंगी।

इस टूनार्मेंट में अब तक तीन मैच बारिश की वजह से प्रभावित हुए हैं। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था, जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश का मैच भी बारिश के कारण नहीं हो सका। ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच मैच आधा ही खेला जा सका और अंकों का बंटवारा हुआ। ऐसे में फैंस के मन में यह सवाल जरूर उठ रहा है कि भारत और न्यूजीलैंड के मुकाबले पर मौसम का क्या असर पड़ेगा। राहत की बात यह है कि मौसम पूरी तरह से साफ रहने की उम्मीद है। मौसम




विभाग के अनुसार, रविवार को दुबई में तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा और ह्यूमिडिटी 47% तक होगी। मैच के दौरान हवा की गति 29 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है, लेकिन बारिश की संभावना केवल 5% ही जताई गई है। इसका मतलब यह है कि फैंस को पूरे 50 ओवर का रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

भारतीय टीम की अगुआई कप्तान रोहित शर्मा करेंगे, जबकि न्यूजीलैंड की कप्तानी केन विलियमसन के हाथों में होगी। भारत के लिए विराट कोहली, शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी अहम भूमिका निभा सकते हैं, जबकि न्यूजीलैंड की टीम डेवोन कॉनवे, ट्रेंट बोल्ट और मिशेल सैंटनर पर निर्भर रहेगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा। भारत में इसे स्पोर्ट्स18 एचडी और स्पोर्ट्स18 एसडी चैनलों पर लाइव देखा जा सकता है।

भारत और न्यूजीलेंड के बीच यह हाई-वोल्टेज मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। अच्छी खबर यह है कि मौसम पूरी तरह से मैच के अनुकूल रहेगा। मौसम पूवार्नुमान के मुताबिक, दुबई में रविवार को तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है, जबकि ह्यूमिडिटी 47 फीसदी तक रहेगी। हवा की गति 29 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी और आसमान साफ रहेगा। बारिश की संभावना केवल 5 फीसदी है, जिससे पूरे मैच के सुचारू रूप से संपन्न होने की उम्मीद है। वहीं पिच की बात करें तो दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच को धीमा बताया जा रहा है, जहां स्पिनर्स को मदद मिलने की संभावना है। पिच पर गेंद थोड़ा रुककर आती है, जिससे शुरूआती बल्लेबाजों को परेशानी हो सकती है। हालांकि, सेट होने के बाद बल्लेबाजी आसान हो सकती है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर अब तक 8 मैच खेले हैं, जिसमें से 7 में उसे जीत मिली है और केवल 1 में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि जिस तरह पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था, उसी तरह न्यूजीलैंड को भी मात देकर सेमीफाइनल में मजबूती से कदम रखेगी। अब देखना यह होगा कि सुपर संडे का यह रोमांचक मुकाबला किसके नाम होता है।

भारतीय टीम की संभावित प्लेइंग इलेवन - रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जड़ेजा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव।
न्यूजीलैंड की संभावित प्लेइंग इलेवन - विल यंग, डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, रचिन रविंद्र, टॉम लैथम (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, विलियम ओरोर्के।


## न्यूजीलैंड के खिलाफ मैदान में नजर आएंगे रोहित-शमी, दोनों पूरी तरह हैं फिट



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पूरी तरह से फिट हैं और चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने के लिए तैयार हैं। भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में पहले ही जगह बना ली है और रविवार को दुबई में दोनों टीमों का मुकाबला होगा, जिसमें विजेता टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर रहेगी।

पाकिस्तान पर भारत की पिछली जीत के दौरान रोहित और शमी कुछ देर के लिए मैदान से बाहर चले गए थे, जिससे दोनों खिलाड़ियों की फिटनेस पर संदेह हो रहा था। यहां तक कि वे इस मैच के बाद नेट सेशन में भी नजर नहीं आए। टीम के साथ जरूर दिखे थे। विकेटकीपर केएल राहुल ने कहा कि जहां तक उन्हें पता है, किसी के भी मैच को मिस करने की कोई वास्तविक चिंता नहीं है। राहुल ने कहा कि सभी खिलाड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और अगर कुछ दिक्कतें थीं भी तो वे गंभीर नहीं थीं। मोहम्मद शमी ने एक साल से ज्यादा लंबे समय के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की है। वे इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज में लय में नजर नहीं आए थे, लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में 5 विकेट लेकर उन्होंने अपनी काबलियत साबित कर दी।

## डुप्लांटिस ने ऑल स्टार पेर्चे में 11वां विश्व रिकॉर्ड बनाया



**क्लेरमोंट-फेरैंड (फ्रांस)।** स्वीडन के मोंडो डुप्लांटिस ने शनिवार को यहां 2025 ऑल स्टार परचे इवेंट में एक और ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुये 6.27 मीटर की दूरी तय करके 11वीं बार पोल वॉल्ट में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। दो बार के ओलंपिक चैंपियन ने 6.26 मीटर के अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। डुप्लांटिस ने अपने शुरूआती प्रयासों में आसानी से 5.65 मीटर, 5.91 मीटर, 6.02 मीटर और 6.07 मीटर की दूरी तय की।विस्तृत समाचार के लिए हमारी

### वाइपर से मैदान सुखा रहे... पाकिस्तान की खराब व्यवस्था आईसीसी लेगा ऐक्शन ?

लाहौर। चैंपियंस ट्रॉफी के एक अहम मुकाबले में अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया की टीमें आमने-सामने थीं, लेकिन बारिश और खराब ग्राउंड स्टाफ की लापरवाही के चलते यह मुकाबला पूरा नहीं हो सका। अफगानिस्तान की पारी पूरी होने के बाद जब ऑस्ट्रेलिया 12.5 ओवर में 109 रन पर खेल रही थी, तभी बारिश ने मैच रोक दिया। लेकिन असली समस्या तब खड़ी हुई जब लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम का ग्राउंड स्टाफ मैदान को समय पर सुखा नहीं पाया, जिससे मुकाबले को रद्द करना पड़ा। अब खबर यह आ रही हैं कि आईसीसी ने पीसीबी के खिलाफ बड़े एक्शन का मन बना लिया हैं। इस नतीजे से ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंच गई, लेकिन अफगानिस्तान की टीम अब भी मुश्किल में है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।



दुबई टेनिस स्टेडियम में टेनिस स्पर्धा के दौरान ग्रीस के स्टेफानोस त्सित्सिपास नीदरलैंड के टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ अपने सेमीफाइनल मैच में एक्शन में।

# रणजी ट्रॉफी फाइनल : विदर्भ से करुण नायर ने शतक लगाया

## टीम 286 रन आगे, दूसरी पारी में 4 विकेट पर 249 रन बनाए



**नागपुर।** रणजी ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन विदर्भ से करुण नायर ने शतक लगा दिया। दानिश मालेवार 73 रन बनाकर आउट हुए। स्टंप्स तक दूसरी पारी में विदर्भ ने 4 विकेट खोकर 249 रन बना लिए हैं। टीम ने 286 रन की बढ़त बना ली है। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में केरल ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। विदर्भ ने पहली पारी में 379 बनाए। वहीं, केरल 342 रन पर ऑलआउट हो गया। इस तरह विदर्भ को पहली पारी में 37 रन की बढ़त मिली। चौथे दिन विदर्भ ने दूसरी पारी में खेलना शुरू किया। पार्थ रेखडे 1 और ध्रुव शोरे 5 रन बनाकर आउट हुए। दानिश मालेवार ने 73 रन बनाकर करुण नायर के साथ 182 रन की पार्टनरशिप की। उनके बाद यश राठौड़ 24 रन बनाकर आउट हुए। टीम ने 238 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। दिन का खेल खत्म होने तक करुण नायर 132 और अक्षय वाडकर 4 रन बनाकर नॉटआउट रहे। केरल से एमडी नीधेश, जलज सक्सेना, आदित्य सरवटे और अक्षय चंद्रन ने 1-1 विकेट लिया।

### डब्ल्यूपीएल : दिल्ली ने मुंबई को 9 विकेट से हराया

**बेंगलरु।** विमेंस प्रीमियर लीग सीजन-3 के 13वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई, टीम ने मुंबई को दूसरे नंबर पर खिसका दिया। दिल्ली से कप्तान मेग लैनिंग ने फिफ्टी लगाई। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को दिल्ली ने बैटिंग चुनी। मुंबई ने 9 विकेट खोकर 123 रन बनाए। दिल्ली ने 14.3 ओवर में 1 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडियंस ने छठे ओवर में पहला विकेट गंवाया। यस्तिका भाटिया 11 रन बनाकर आउट हुईं। यहां से हेली मैथ्यूज 22, नैट सिवर ब्रंट 18, हरमनप्रीत कौर 22, सजीवन साजना 17 और अमीलिया केर 17 रन बनाकर आउट हुईं। मुंबई से 4 बैटर्स 6 रन से ज्यादा नहीं बना सकीं। टीम ने 9 विकेट खोकर 123 रन का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली से जेस जोनासेन और मिन्नु मणि ने 3-3 विकेट लिए।

## शमी खतरनाक गेंदबाज, हमेशा विकेटकीपरों को चुनौती देने का ढूंढते हैं तरीका

### केएल राहुल ने किया खुलासा, कीपिंग के अनुभव किया साझा



**दुबई।** भारत के विकेटकीपर और बल्लेबाज केएल राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मुकाबले से पहले मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह में से खरतनाक कौन? वाले सवाल का जवाब दिया है। बुमराह चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह अर्शदीप सिंह को मौका मिला है। इस दौरान टीम इंडिया के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं। मोहम्मद शमी का न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन शानदार रहा है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मैच में काफी प्रभावी साबित हो सकते हैं। इस बीच राहुल ने शमी के सामने कीपिंग के अपने अनुभव और चुनौतियों को साझा किया है।

राहुल ने खुलासा किया कि मोहम्मद शमी हमेशा विकेटकीपरों को चुनौती देने का एक तरीका ढूंढते हैं, अक्सर उन्हें फुल-लेंथ डाइव लगाने के लिए मजबूर करते हैं। राहुल ने बुमराह से ज्यादा शमी को तवज्जो दी है और कहा कि विकेटकीपिंग के दौरान शमी के खिलाफ मुश्किल बात यह है कि हर खेल में किसी न किसी तरह वह यह तय करते हैं कि मैं पूरी लंबाई में गोता लगाऊं और फिर वह मुझे स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन करने या कभी-कभी बेवकूफ दिखने के एक या दो मौके देते हैं। उन्होंने कहा कि शमी, बुमराह के साथ मिलकर प्रभाव पैदा करते हैं। राहुल ने हाल के नेट सत्र को याद किया जहां शमी की तेज गति ने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया था। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में नेट पर शमी ने मुझे सीधे बैज पर मारा। इसलिए ये सभी चीजें उसे एक बहुत ही मुश्किल गेंदबाज बनाती हैं जिसके खिलाफ खेलना बहुत मुश्किल है। राहुल ने कहा कि बुमराह दूसरे या तीसरे स्पैल में शानदार गेंदबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि इसका किसी चीज से क्या लेना-देना है, लेकिन वह स्टंप के पीछे भी गेंद को डगमगाते हैं। इसलिए यह बहुत चुनौतीपूर्ण है। अपने प्राकृतिक सीम मूवमेंट से परे, राहुल ने शमी की सटीकता और तीक्ष्णता पर जोर दिया, ऐसे पहलू जिनकी अक्सर सराहना नहीं की जाती है।

## संक्षेप

### गावस्कर ने लगाई इंग्लिश दिग्गजों की क्लास

कहा - भारत पर टिप्पणी से पहले अपनी टीम पर ध्यान दें



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और माइकल एथरटन ने हाल ही में दावा किया था कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत को फायदा मिल रहा है क्योंकि टीम को एक ही स्थान पर खेलने का अवसर मिल रहा है, जबकि बाकी टीमों को लगातार सफर करना पड़ रहा है, जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ रहा है। इस बयान पर भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने करारा जवाब दिया है। गावस्कर ने इंग्लिश दिग्गजों को फटकार लगाते हुए कहा, आप हर वक्त भारत के बारे में ही क्यों सोचते हैं? क्या आपको अपने देश की परवाह नहीं है? भारत को क्या मिला, भारत को क्या नहीं मिला, यही सब कहने से बेहतर है कि आप अपनी टीम पर ध्यान दें। आपकी टीम टूनार्मेंट से बाहर क्यों हुई, उस पर गौर करें। उन्होंने आगे कटाक्ष करते हुए कहा, इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गई, लेकिन ये लोग भारत की स्थिति पर टिप्पणी करने में व्यस्त हैं। उन्हें समझना चाहिए कि उनका वेतन भी उसी से आता है जो भारत क्रिकेट की दुनिया में लाता है। गौरतलब है कि भारत अब तक चैंपियंस ट्रॉफी में अपने सभी मुकाबले जीत चुका है और 2 मार्च को उसका सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारत के सभी मैच दुबई में खेले जा रहे हैं, क्योंकि बीसीसीआई ने पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था, जिसके चलते टूनार्मेंट हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया जा रहा है।

### दुनिया के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर दक्षिण अफ्रीकी के रॉन ड्रेपर का निधन

**नई दिल्ली।** सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। ये टेस्ट क्रिकेटर रॉन ड्रेपर थे, जिनका निधन 98 साल और 63 दिनों की उम्र में हुआ। 28 फरवरी 2025 को उनके निधन की पुष्टि हुई। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर रहे रॉन ड्रेपर ने 1950 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के लिए दो टेस्ट मैच खेले थे। ऑस्ट्रेलिया टीम में उनके एक प्रतिद्वंद्वी रहे नील हार्वे अब 96 वर्ष की आयु में सबसे बुजुर्ग जीवित टेस्ट खिलाड़ी हैं। पिछले दोनों सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर दक्षिण अफ्रीकी के ही थे। इनमें एक नॉर्मन गॉर्डन का नाम शामिल है, जिनका 2016 में 103 साल की आयु में निधन हुआ था और जॉन वॉटकिंस 98 साल तक जीवित रहे। उन्होंने 2021 में अंतिम सांस ली थी। रॉन ड्रेपर का जन्म 24 दिसंबर 1926 को हुआ था। उन्होंने अपने 19वें जन्मदिन पर ऑरेंज फ्री स्टेट के खिलाफ ईस्टर्न प्रोविंस के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण करते हुए शतक बनाया था। 1949-50 में दौरे पर आई ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ प्रोविंस के लिए 86 रन बनाने के बाद उन्हें मेहमान टीम के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए साउथ अफ्रीका की टीम में चुना गया था।



रमजान का महीना रविवार से शुरू हो रहा है। चांद होते ही बाजार में सेहरी और इफ्तार से सम्बन्धित सामानों की खरीदारी में लोग जुट गए हैं। शनिवार को कई लोग खजूर की खरीदारी करते हुए देखे गए।

# जौनपुर



# चार हजार नकदी समेत साढ़े तीन किलो चांदी और 72 ग्राम सोना लेकर चम्पत



ज्वेलरी की दुकान का निरीक्षण करती पुलिस

**चोरी**

**सेंध काटकर ज्वेलरी की दुकान को चोरों ने बनाया निशाना**

जनसंदेश टाइम्स

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के हमजापुर में बीती रात चोरों ने एक ज्वेलरी की दुकान को निशाना बनाते हुए नवागत थाना प्रभारी को सलामी ठोक डाली। इस दौरान दुकान के पीछे सेंधमारी कर चोरों ने चार हजार नकदी समेत साढ़े तीन किलो चांदी और 72 ग्राम सोने को पार लगा दिया। मामले की जानकारी होते ही दुकानदार हतप्रभ हो गया और पुलिस को लिखित रूप से तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

खुटहन थाना क्षेत्र का पटैला निवासी शिवकुमार सोनी क्षेत्र के हमजापुर बाजार में अपने शिवकुमार ज्वेलर्स के नाम पर ज्वेलरी की दुकान किराए के कमरे में कर रखी है। रोजमर्रा की तरह शुक्रवार देर शाम भी वह दुकान का काम काज निबटा कर घर चला गया। इसी बीच उसी रात चोरों द्वारा दुकान के पिछले हिस्से में सेंधमारी करते हुए चोरी की घटना को अंजाम दे डाला गया जिसकी जानकारी शनिवार सुबह मकान मालिक द्वारा उसे दी गई।

घटना की जानकारी होते ही वह हतप्रभ होकर 112 नम्बर पर डायल कर सूचना पुलिस को दी। घटना को लेकर क्षेत्रीय लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। सूचना के बाद चौकी प्रभारी अरविंद कुमार यादव ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए आवश्यक पूछताछ की। पीड़ित की मानें तो दुकान से चोरों ने चार हजार नकदी समेत लगभग दस लाख (साढ़े तीन किलो चांदी और 72 ग्राम सोने) कीमत की ज्वेलरी को पार कर नवागत थाना प्रभारी को सलामी ठोक डाली। फिलहाल पीड़ित द्वारा लिखित रूप से तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। मामले में नवागत थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह से सम्पर्क नहीं हो सका।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे पर केशवपुर गांव के पास एक बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आजमगढ़ जनपद के बरदह थाना क्षेत्र के ठेकमा निवासी युसूफ खान शनिवार को सुबह 11 बजे अपनी बाइक से बाईपास होते हुए जौनपुर शहर की तरफ जा रहा था। जैसे ही युसूफ जौनपुर- आजमगढ़ हाईवे पर केशवपुर गांव के पास पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात तेज रफ्तार कार ने उसे तेज टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से बाइक सवार युसूफ (26) गंभीर रूप से घायल हो गया, उसका सर फट गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी भेजवाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक कार की स्पीड बहुत तेज थी।

## संक्षेप

### शिविरार्थियों ने मलीन बस्ती में की साफ सफाई

**चंदवक।** मां दुर्गा गर्ल्स डिग्री कॉलेज मोरखा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में शिविरार्थियों ने मलीन बस्तियों में स्वच्छता अभियान चलाया। रंगोली प्रतियोगिता के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। समापन समारोह में प्रबंधक दयाशंकर सिंह ने कहा कि शिविर के दौरान जो भी बताया व सिखाया गया उसे शिविरार्थी व्यवहारिक जीवन मे आत्मसात करें। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. आरती सिंह, अशोक कुमार राय, उमाशंकर सिंह, प्रीति सिंह, गोविंद यादव, मयंक सिंह, बिन्देश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल में कला प्रदर्शनी हुई आयोजित

**केराकत।** क्षेत्र के पतौरा गांव में स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्कूल के प्रबंधक सर्वेश्वर सिंह की अध्यक्षता में कला प्रदर्शनीय आयोजित की गई। स्कूल की आठवीं की छात्रा जाह्नवी, सेजल, युवराज, आदित्य, आयुष, अभिनव आदि ने मंचूरियन, एप्पे, गुलाब-जामुन व चौथी क्लास के बच्चे, हर्ष, तमन्ना, रुकसार, जान्हवी, काव्या आदि ने पानी-पूरी, ब्रेड-पकौड़ा इत्यादि बनाकर अपने हुनर का लोहा मनवाया। इस दौरान कार्यक्रम में लगे स्टॉल से सभी ने सामाग्री खरीदकर स्टॉल का लुत्फ उठाया। स्कूल के प्रबंधक सर्वेश्वर सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम कला के प्रति रुचि और समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। छात्र-छात्रा अपने कला परियोजनाओं और अविष्कारों का प्रदर्शन करते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजू, अनिल गौतम, सोनल सिंह, अमर राय, नीतू राय, निवेदिका, डॉली यादव, अजीत प्रजापति, ज्योति यादव, श्रृष्टि, रोहित विश्वकर्मा के अन्य अध्यापकगण मौजूद रहे।

### अजनबी दर्शनार्थी की मदद कर अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार ने कायम की मिसाल

**जौनपुर।** आज जहां भागदौड़ भरी भीड़ में लोग एक दूसरे को नजरअंदाज करते हैं ऐसे में मानवता की मिसाल बने अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के सदस्य। डॉ. अभय प्रताप सिंह शुक्रवार की रात के 9 बजे अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के सदस्य अंकित गुप्ता रामदयाल गंज बाजार में किसी कार्य से गए थे। तभी राजस्थान से दो टूरिस्ट की बस काशी विश्वनाथ मंदिर से दर्शन करके अयोध्या धाम जा रही थी। कुछ दर्शनार्थी उतर कर चाय नास्ता करके जब जाने लगे तो उसी में एक सवारी नरेश सोनी राजस्थान उम्र 45 वर्ष फिसल कर गिर गए। जब लोगों ने देखा तो उनके हाथ में फ्रेक्चर हो गया था। तुरंत अंकित गुप्ता ने ट्रस्ट अध्यक्ष उर्वशी सिंह से बात किया। अंकित ने अपने वाहन से बैठाकर उन्हे एक निजी हॉस्पिटल ले गये जहां डॉक्टर अभय प्रताप सिंह ने मानवता और अतिथि देवो भव के नक्शे कदम पर कोई शुल्क या फीस न लेकर निःशुल्क पूरा इलाज किया। टूरिस्ट नरेश सोनी ने कहा कि आज के समय में बिना स्वार्थ के कोई किसी की मदद नहीं करता है ऐसे में एक अंजान शहर में अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के साथ डॉ. अभय प्रताप सिंह ने इतना सहयोग और मदद किया जिसे हम आजीवन नहीं भूलेंगे। मुझे लगा ही नहीं कि हम किसी दूसरे राज्य और अंजान शहर में है।



### लापता छात्र तीसरे दिन नाटकीय ढंग से बरामद, लोगों ने ली राहत की सांस

**सुइथाकला।** गुरूवार अपराह्न क्षेत्र में कोचिंग पढ़ने गया रामनगर निवासी एक लापता छात्र तीसरे दिन शनिवार को बड़े ही नाटकीय ढंग से सराय मोहिउद्दीनपुर बाजार से बरामद हुआ। बरामदगी के बाद परिजनों समेत पुलिस के लोगों ने राहत की सांस ली। गौरतलब हो कि उक्त गांव निवासी छात्र रामकुमार पुत्र विन्देश गुरूवार अपराह्न पास के एक कोचिंग सेंटर पर घर से पढ़ने निकला, लेकिन देर शाम तक घर वापसी न होने पर परिजनों को चिंता सताने लगी थी। सम्भावित जगहों पर उसकी तलाश के दौरान थक हार कर लिखित रूप से मामले की जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस मामले में छानबीन कर ही रही थी कि शनिवार को लगभग 11 बजे वह सराय मोहिउद्दीनपुर बाजार में उसके होने की जानकारी परिजनों को मिली। फिलहाल राहत की सांस लेते हुए परिजन और पुलिस उक्त बाजार से बरामद कर लिया और थाने लाए जहां आवश्यक जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने छात्र को परिजनों के हवाले कर दिया।

# युवक ने सिर में पिस्टल से गोली मारकर की आत्महत्या

**खुदकुशी**

**घटना का कारण नहीं हो सका स्पष्ट, पुलिस जांच में जुटी**

**मौके से अवैध पिस्टल व कारतूस बरामद**

जनसंदेश टाइम्स

**चंदवक।** क्षेत्र के डीहा गांव में शुक्रवार की रात 10 बजे कोइलारी बाजार से घर पहुंचे युवक ने कमरे में जाते ही पिस्टल से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। आनन फानन में परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर ट्रामा सेंटर वाराणसी ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। सुबह जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस पिस्टल व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

डीहा गांव निवासी दशरथ सरोज का 38 वर्षीय पुत्र राकेश जो घर पर रहकर खेती करने के साथ ही टैक्ट्रर रखकर कृषि व व्यवसायिक कार्य करता है। रोज की भांति शाम को बाइक से कोइलारी बाजार घर से आया और बाजार में खाने पीने के बाद देर रात घर पहुंचा। पत्नी सरिता घर के बाहर बने किचन में काम कर रही थी। वह कमरे में गया और अवैध पिस्टल से सिर में गोली मार ली। आवाज सुनकर पत्नी कमरे में पहुचीं तो उसे लहूलुहान देख चीख पड़ी। अफरा तफरी के बीच आसपास के लोग पहुंच गए। परिजन आनन फानन में पुलिस को सूचना दिए बगैर ट्रामा सेंटर वाराणसी ले गए जहां डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर सुबह पुलिस भी ट्रामा सेंटर पहुंच गई। घर पहुंची पुलिस ने अवैध पिस्टल व कारतूस कमरे से बरामद कर लिया। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। युवक आर्थिक रूप से संपन्न परिवार से है। युवक चार भाई हैं जो नौकरी व व्यवसाय करते हैं। कोई पारिवारिक कलह भी सामने नहीं आई। युवक ने आत्महत्या क्यों की पुलिस कारणों की जांच में जुटी है।

# अल्लाह की खास रहमत पाने का सुनहरा मौका

**माहे रमजान**

**देर रात तक सहरी और इफ्तार से सम्बन्धित सामानों की होती रही खरीदारी**

**इस महीने में की गई इबादत का कई गुना बढ़ाकर मिलता है सवाब**

**मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ने के लिए उमड़ी भारी भीड़**

मो. शहबाज

**जौनपुर।** रहमतों और बरकतों का महीना रमजान कल से शुरू हो रहा है। शनिवार की शाम चांद देखने के बाद सेहरी और इफ्तार से सम्बन्धित सामानों की खरीदारी तेज हो गई। देर रात तक लोग खरीदारी करते हुए देखे गए। रमजान का महीना शुरू होने के साथ-साथ तरावीह की नमाज भी शुरू हो गई। पहली तरावीह की नमाज में लोगों की काफी भीड़ देखने को मिली। बच्चों में भी तरावीह की नमाज को लेकर खासा उत्साह दिखा। छोटे-छोटे बच्चों ने भी तरावीह की नमाज पढ़ी।



रमजान की चांद रात को खजूर की खरीदारी करते लोग

रमजान का चांद देखते ही इस्लाम धर्म के पवित्र महीने की शुरूआत हो गई है। पहले दिन मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ देखी गई। रमजान का महीना शुरू होने से पहले ही मस्जिदों में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। घरों में भी लोगों में रमजान को लेकर खासा उत्साह है। रमजान का महीना इसलिए है कि लोगों को दिन भर भूखा-प्यासा रहकर यह एहसास होता है कि आम दिनों में गरीब आदमी कैसे भूखा-प्यासा रहता होगा जिससे लोग इस महीने में ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद करते हैं जिसका उन्हें अल्लाह की तरफ से सवाब मिलता है। रमजान के महीने में अल्लाह रोजेदारों को हिम्मत देते हैं। हम लोगों को नबियों और सहाबियों की जिंदगी से सीख लेनी चाहिए कि वह जंग के मैदान में रहकर भी रोजे नहीं छोड़ते थे। सेहरी से लेकर इफ्तार तक रोजेदार भूखा, प्यासा रहता है। रमजान सब्र का महीना है। सब्र का बदला अल्लाह देता है। 13-14 घंटे तक भूखा, प्यासा रहकर रोजेदार सब्र करता है। इसलिए अल्लाह उसे रोजा रखने की हिम्मत देता है। मेहनत और मजदूरी करने वाले भी रोजा रखते हैं। रमजान का महीना अल्लाह की खास रहमत पाने का सुनहरा अवसर है। जिसने रमजान के रोजे रखे और इबादत की तो उसे अल्लाह सवाब देता है। रोजे के जरिए हमें लोगों की भूख और प्यास का अहसास होता है। इसलिए हमें गरीबों पर रहम दिखाना चाहिए। उनकी मदद करना चाहिए। अपने आसपास ध्यान रखना चाहिए कि पैसे की तंगी की वजह से कोई रोजदार भूखा न रह जाए। रोजा सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का ही मतलब नहीं है बल्कि रोजे की हालत में चोरी, बेइमानी, झूठ सहित अन्य गलत चीजों से बचना चाहिए ताकि रोजा रखने का पूरा सवाब मिले। अगर रोजा रखकर भी गलत काम जारी रहे तो दिन भर भूखे-प्यासे रहने का कोई मतलब नहीं है। इस महीने में हर नेक काम पर सवाब बढ़ा दिया जाता है, इसलिए सभी लोग ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अल्लाह को राजी करने की कोशिश करते हैं। कुरआन की तिलावत, नमाजों की पाबंदी, जकात, सदका जैसे नेक काम और इबादत का दौर जारी रहता है। इबादत में कोई दिखावा नहीं होना चाहिए। अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अल्लाह की इबादत में गुजारना चाहिए। रमजान में ही कुरान नाजिल किया गया, इसलिए इस महीने की अहमियत और बढ़ जाती है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस



सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों को सुनते सीडीओ

जनसंदेश टाइम्स

**चौपाल**

**97 प्रार्थना पत्र में 12 का निस्तारण, डीएम के न आने से मायूस हुए फरियादी**

**शाहगंज।** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सीडीओ साई सीलम तेजा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों ने 97 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें मौके पर 12 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्र सम्बंधित विभाग को सौंप जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी को आना था। इस हेतु पूरी तैयारी भी कर ली गयी थी। अंतिम समय में डीएम के न आने से जहां अधिकारियों कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। वहीं फरियादियों में मायूसी देखने को मिला। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी, एसडीओ विद्युत धर्मेंद्र गुप्ता, मंडी सचिव गुलाब सिंह समेत सर्किल के थानाध्यक्ष व राजस्व कर्मी आदि मौजूद रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**केराकत।** खंड विकास मुख्यालय के सभागार में तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी सुनील भारती की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें कुल 115 प्रार्थना पत्र पड़े जिनमे 16 का त्वरित निस्तारण किया गया शेष 99 को अधीनस्थ कर्मचारियों को सौपा गया। मौके पर खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार महेंद्र प्रताप, क्षेत्राधिकारी, एडीओ पंचायत, एसियो चकबंदी जौनपुर रामनरायण, लेखपाल व कर्मचारी गण मौजूद रहें।

## पहली पत्नी के रहते युवक ने रचायी दूसरी शादी

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के बेलखरा गांव के एक युवक ने पहली पत्नी के रहने के बावजूद दूसरी से शादी रचा ली। जानकारी होने पर पहली पत्नी न्याय की गुहार लगाते हुए थाने पर पहुंच गई। थाना क्षेत्र के बेलखरा गांव निवासी मुकेश यादव की शादी जफराबाद की ज्योति से पांच वर्ष पहले रीति रिवाज से हुई थी। सब कुछ ठीक चल रहा था। अचानक ससुराल में रहते हुए ही ज्योति को उसके पति की दूसरी शादी होने की बात की जानकारी गांव के लोगों द्वारा हुई। जिस पर ज्योति ने अपने पति मुकेश से पूछा तो मुकेश ने उसे बताया कि उसने दो सप्ताह पूर्व दूसरी शादी रचा ली है और वह उस महिला को भी घर में पत्नी का दर्जा देते हुए साथ में रखेगा। जिस पर ज्योति अपने मायके के लोगो को सूचना देकर शुक्रवार की शाम को थाने पर पहुंच गयी और थानाध्यक्ष को तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि महिला की तहरीर पर उसके पति मुकेश यादव के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# छात्रों को सुरक्षा के लिए दिया ताइक्वांडो का प्रशिक्षण

**आयोजन**

**विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन, साफ सफाई व बीमारियों से बचाव की दी टिप्स**

जनसंदेश टाइम्स

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न कॉलेजों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर का समापन हो गया। इसमें स्वयंसेवक सेविकाओं ने दर्जनों गांव में नुक्कड़ नाटक साफ सफाई मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी।

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय सिद्दीकपुर में स्वयंसेवक सेविकाओ ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम की प्रस्तुति की और मोहल्लो गांवों में अभियान चलाकर लोगों को साफ सफाई स्वास्थ्य चिकित्सा पेड़ पौधे पर्यावरण जल संरक्षण अभियान पर जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने संचालन किया और समापन के दौरान प्रबंधक डॉ स्वतंत्र कुमार, सरवन कुमार, लालचंद मौजूद रहे। श्री अभिमन्यु यादव पीजी कॉलेज लपरी में शिविर के सातवें दिन स्वयंसेवक सेविकाओ द्वारा रंगोली बनाया गया और संगीत और नाटक का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आसपास गाँव के लोगों को झांकी नुक्कड़ सभाओं से लोगों को जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वकील यादव ने संचालन किया। अध्यक्षता यादवेन्द्र यादव, प्रबंधक मुन्नेलाल यादव, मो. इरफान, अनीता बिन्द, अभिषेक प्रजापति, वैष्णवी गुप्ता मौजूद रहे। रामकिशुन सिंह महाविद्यालय सिद्दीकपुर में विशेष शिविर में सातवें दिन ताइक्वांडो प्रशिक्षक अमन दबगरवाल और प्राची सिंह के नेतृत्व में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया गया। आत्मरक्षा के विभिन्न गुरो को सिखाया। समापन में पूर्वांचल विश्वविद्यालय पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक पांडे ने कहाकि सेवा मानव का सबसे बड़ा धर्म है। विशिष्ट अतिथि डॉ. नवीन चौरसिया ने कहाकि शिविर के माध्यम से सहनशीलता परोपकार दया मानवीय गुणों का विकास होता है। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया, संचालन संध्या यादव ने किया। मौके पर डायरेक्टर गौरव सिंह, डॉ. अरविंद उपाध्याय, शेष कुमार, धनंजय, आनंद दुबे, स्वेच्छा प्रजापति, काजल, सुनीता, नेहा मौजूद रही। इसी क्रम में गुलाबी देवी महाविद्यालय सिद्दीकपुर में जागरूकता रैली निकाल कर साफ सफाई और पेड़ लगाओ अभियान चलाया गया। इसमें पर्यावरण को बचाने के लिए शिविर में संकल्प दिलाया। रंगारंग कार्यक्रमो के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन किया गया। इसमें मौके पर प्रबंधक लालचंद यादव लाले, प्राचार्य डॉ. रमाशंकर यादव, अश्विनी कुमार, डॉ. पंकज यादव, डॉ. पिंटू गुप्ता मौजूद रहे।



# यूपी के लिए यह सम्मान है गर्व की बात : प्रो. वंदना सिंह

**दिया धन्यवाद**

**नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह में विश्वविद्यालय को मिला प्रतिष्ठित सम्मान**

जनसंदेश टाइम्स



नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में प्राप्त अवार्ड को प्रो. गिरिधर मिश्र एवं पर्स टीम ने कुलपति प्रो. वंदना सिंह को सौंपा

**जौनपुर।** नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह 2025 के अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति समेत डीएसटी पर्स टीम को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सम्मानित किया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह को मिले सम्मान को विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. गिरिधर ने प्रतिनिधि के तौर पर प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में प्राप्त अवार्ड को प्रो. गिरिधर मिश्र एवं पर्स टीम ने कुलपति प्रो. वंदना सिंह को सौंपा। विश्वविद्यालय से पर्स की टीम के प्रो. गिरिधर मिश्र, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी एवं डॉ. काजल डे ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सम्मान समारोह में भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. एके सूद, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष प्रो. आशुतोष शर्मा, सचिव आयुष श्री वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव डीबीटी डॉ. राजेश एस. गोखले, सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कालासेलवी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. अभय कारंडीकर सहित देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति व आचार्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ही एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसे इस वर्ष यह प्रतिष्ठित अनुदान और सम्मान प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने विश्वविद्यालय को ?प्रमोशन ऑफ यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड साइंटिफिक एक्सीलेंस? अनुदान प्रदान किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने पर्स टीम सहित पूरे विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अनुदान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं शोध में उत्कृष्ट योगदान का प्रमाण है, जो न केवल संस्थान बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है. इस परियोजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन ऊर्जा और उन्नत बैटरी प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शोध को नई ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर योग गुरु जय सिंह ने शिक्षकों एवं अधिकारियों को मन केन्द्रित करने के लिए ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. रवि प्रकाश, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. प्रमोद यादव, डॉ. राज बहादुर यादव, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. सुनील कुमार डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. शशिकांत, उपकुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, अमृत लाल, बबिता सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## तीन के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत जमीन की खरीद-बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित पप्पू ने अपर पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी को प्रार्थना पत्र दे न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। अपर पुलिस महानिरीक्षक को पत्र देकर बड़ौना गांव निवासी पप्पू का आरोप है कि उसकी मुलाकात रविंद्र कुमार बिंद निवासी नरवारी, थाना पवई, आजमगढ़ से हुई। रविंद्र ने पप्पू की मुलाकात विजय भान बिंद से करवाई। कुछ दिनों की आवाजाही के बाद रविंद्र ने जमीन का बैनामा करवाने के नाम पर पैसों की मांग की। पीड़ित ने रविंद्र के भरोसे पर हरिमोहन बिंद के नाम से पांच लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। कुछ दिन बाद जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे या जमीन के बैनामे की बात की, तो आरोपी टालमटोल करने लगा। पप्पू ने रविंद्र और विजय भान से मिलकर अपने पैसों की मांग की, तो दोनों ने न केवल पैसे देने से इनकार कर दिया बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी।

# रक्तदान संग एनएसएस का विशेष शिविर आयोजित

**ब्लड बैंक की पहल**

**फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कॉलेज में हुआ आयोजन**

जनसंदेश टाइम्स



एनएसएस शिविर का फीता काट उद्घाटन करते अतिथि

**शाहगंज।** फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर रक्तदान के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रो. डा. राज बहादुर यादव रहे। इस दौरान कुल 18 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर अनीता हॉस्पिटल और ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य डा. तबरेज आलम व कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। प्राचार्य ने रक्तदाताओं को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा उनके इस योगदान को सराहा। रक्तदाताओं में कार्यक्रम अधिकारी डा. अनामिका मिश्रा, डा. पूजा रानी, राज कपूर यादव सहित स्वयंसेवकों में मोहम्मद शाद, विवेक जिगर, प्रियंका, विनय कुमार मौर्य, रविकांत मौर्य सहित कुल 18 लोगों ने रक्तदान किया। साथ ही 240 स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों ने हीमोग्लोबिन व ब्लड ग्रुप की जांच भी करवायी। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक डा. राकेश सिंह, रेयाज अहमद, सूर्य प्रकाश यादव, डा. खुरशीद हसन खां, कहकशां खान, गीता देवी, डा. रविन्द्र कुमारा, डा. विनय कुमार, डा. पीयूष श्रीवास्तव, डा. पूजा रानी, डा. भाष्कर तिवारी, डा. संजय यादव, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम अधिकारी डा. अमित दयानाथ गुप्ता, ओमप्रकाश चौरसिया, डा. अनामिका मिश्रा उपस्थित रहे। डा. शिव प्रसाद यादव ने शिविर का संचालन किया।


# युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ आत्मनिर्भर बनाएगा युवा उद्यमी विकास अभियान

**बोले राकेश सचान**

**योजना के तहत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को ब्याज मुक्त पांच लाख तक कर्ज देने का प्रावधान**

**भारतीय अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखकर बनायी गयी है योजना : डॉ. दयाशंकर मिश्र**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ कर आत्मनिर्भर बनाएगा। वह अभियान के तहत बड़ालालपुर स्थित टीएफसी में शनिवार को वाराणसी एवं आजमगढ़ मंडल के संयुक्त वृहद ऋण वितरण शिविर में मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रदेश सरकार की केवल एक योजना ही नहीं अपितु एक अभियान है।

योजना के तहत अगले 10 वर्षों तक प्रति वर्ष एक लाख युवाओं को स्वरोजगार की खातिर सक्षम बनाने का लक्ष्य है। इसके तहत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को पांच लाख तक ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान है। अभियान के तहत दोनों मंडलों से लगभग 9000 आवेदन विभिन्न बैंक शाखाओं को प्रेषित किया गया, जिसमें लगभग 2100 लाभार्थियों के 821 लाख रुपये के ऋण स्वीकृत किये गये हैं। लगभग 700 लाभार्थियों को 300 लाख के ऋण वितरित किये जा चुके हैं। मात्र एक माह में ये प्रगति उत्साहजनक है।

उद्योग विभाग और बैंक के अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करते हुए इस वित्तीय वर्ष का लक्ष्य प्राप्त किया जाना है। प्रदेश के आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि प्रदेश सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखकर यह योजना बनायी गयी है, जिससे युवा उद्यमियों को लाभ प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में लाभार्थियों को चेक, टूलकिट, प्रमाण-पत्र आदि प्रदान किया गया। धन्यवाद सीडीओ हिमांशु नागपाल ने दिया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, विधयक डॉ. अवधेश सिंह, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, गौरव राठी आदि थे।

## आमजन का मानवाधिकार खत्म करना चाहती हैं मेनका गांधी : वैभव

**कुत्तों के अधिकार पर मेनका गांधी ने जेल भेजने की दी थी धमकी**

**वाराणसी।** इस देश में जानवर का अधिकार है और जानवर का इलाज करने वाले डॉक्टर का मानवाधिकार नहीं, ये कैसे हो सकता है। शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट वैभव कुमार त्रिपाठी ने अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता यह बाते सभी से साझा की। बताया कि जिस प्रकार वाराणसी की जनता आवारा कुत्तों के काँटने से परेशान हैं, लेकिन कुछ लोग पशु क्रूरता निवारण की आड़ में नागरिकों को प्रताड़ित करते हैं। बीती शाम बीएचयू डॉक्टर्स कालोनी में मेनका गांधी का नाम लेकर डाक्टरों और उनके परिवारजनों को प्रताड़ित कर रही दो महिला अभद्रता और उकसावे भरे बात करके वीडियो बना रही थी जहां मैं पहुंचा तो उन्होंने पूर्वमंत्री मेनका गांधी से फोन पर बात कराया जिसमें उन्होंने मेरे सहित सम्मानित डॉक्टर सभी को चवन्नी छाप जैसे अभद्र शब्दों का प्रयोग किया और जेल भेजने की धमकी दिया। जो पूरी तरह से गलत है।

## साइबर अपराध एक गंभीर समस्या




**बोले विशेषज्ञ**

**काशी विद्यापीठ में 'साइबर सुरक्षा एवं उच्च शिक्षा में समावेशी शिक्षा' पर विशेष व्याख्यान**

**वाराणसी।** मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, शिक्षाशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की तरफ से आयोजित संकाय संवर्धन कार्यक्रम के तीसरे दिन शनिवार को प्रथम सत्र में साइबर विशेषज्ञ नरसिम्हा राव ने साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक प्रसार के कारण आज पूरा विश्व आपस में गहनता से जुड़ चुका है, परन्तु इसके कारण तमाम चुनौतियां ही उत्पन्न हुई हैं, जिसमें साइबर अपराध एक गंभीर समस्या के रूप में सामने आई है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान युग में भारत एक महत्त्वपूर्ण शक्ति बन गया है एवं पूरा विश्व उसकी तरफ देख रहा है। ऑनलाइन सेवाओं में विस्तार से ऑनलाइन खतरे भी बढ़े हैं। कृत्रिम बुद्धि के बढ़ते प्रभाव से साइबर खतरों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। यहां तक की हमारे बैंक खाते भी सुरक्षित नहीं हैं। इसलिए हमें सुरक्षित लेन-देन के लिए पासवर्ड अथवा ओटीपी को अत्यंत गोपनीय रखने की आवश्यकता है।

द्वितीय सत्र में 'साइबर सुरक्षा एवं उच्च शिक्षा में समावेशी शिक्षा' विषयक विशेष व्याख्यान में शिक्षाशास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. रजनी रंजन सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर समतामूलक एवं समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संकल्प पारित किया गया है, जिसको ध्यान में रखते हुए अपने देश की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समावेशी शिक्षा की खातिर अनेक प्रावधान किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक बच्चा सीख सकता है, बशर्ते हम बच्चों की आवश्यकता के अनुरूप शिक्षण प्रशिक्षण की व्यवस्था को सुनिश्चित करें। स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र राम ने बताया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों बदलाव किए गए हैं, जिसके लिए यह कार्यक्रम आयोजित है। संचालन विनय सिंह ने किया। धन्यवाद डॉ. दिनेश शुक्ल ने दिया।

## लंबित मांगों को लेकर कपड़ा मंत्री से मिले बुनकर

**वाराणसी।** हिंदू बुनकर कल्याण समिति के पदाधिकारी शनिवार को प्रदेश के कपड़ा मंत्री राकेश सचान से मिले और लंबित मांगों को पूरा करवाने के बाबत पत्रक दिया। इस दौरान बुनकरों से जुड़े लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई। कपड़ा मंत्री ने जानकारी दी कि संबंधित फाइलें प्रक्रिया में हैं और इसी महीने के अंत तक सभी आवश्यक कार्यवाही पूरी कर ली जाएगी। मौके पर एमएलसी व भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा के अलावा समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, राकेश कांत राय, अनिल मुंद्रा, ज्वाला सिंह, विनय जायसवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**कछवांरोड।** सेवापुरी ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय बिहड़ा पाही का वार्षिकोत्सव शनिवार को मनाया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामा यादव व विशिष्ट अतिथि एआरपी डॉ. आलोक त्रिपाठी व प्रधान कमलेश यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित किया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, समूह गान, देश भक्ति गीत आदि प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिये। मुख्य अतिथि रामा यादव ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देता है। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक गौरव ने किया। इस दौरान चंद्रशेखर, अमित द्विवेदी, नमिता सिन्हा, गीतांजलि कुमारी, संतोष कुमार दूबे आदि थे।

## श्रीरामकृष्ण शुभाविर्भाव उत्सव मनाया गया



**आयोजन**

**कथा सरोवर पर संगीतमय प्रवचन हुआ**

**4000 लोगों ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया**

**वाराणसी।** लक्सा स्थित रामकृष्ण अद्वैत आश्रम में भारतीय पंचागानुसार फाल्गुन शुक्ल द्वितीया तिथि को हर्षोल्लास के साथ अवतार वरिष्ठ भगवान रामकृष्ण देव की 190वीं शुभाविर्भाव तिथि धूमधाम से मनाई गयी। प्रातः 4 बजे मंगलारती के पश्चात वेद पाठ व उषा कीर्तन किया गया।

प्रातः 6 बजे से स्वामी अलोकानन्द जी के द्वारा विशेष पूजा, अभिषेक व हवन हुआ। प्रातः स्वामी शास्त्रविदानन्द जी द्वारा कीर्तन तथा स्वामी धरणीधरानन्द जी के द्वारा श्री रामकृष्ण कथा सरोवर पर संगीतमय प्रवचन हुआ। संध्या 4 बजे धर्म सभा का आयोजन किया गया जिसमें उद्बोधन संगीत डॉ स्वामी दयापूर्णानन्द ने किया। स्वागत भाषण आश्रम अध्यक्ष स्वामी विश्वात्मानन्द ने किया।

वक्ता के रुप में उपस्थित सेवाश्रम के स्वामी ईशानन्द ने कहा कि भगवान श्रीरामकृष्ण ने भक्ति का वास्तविक स्वरूप जन- साधारण के सम्मुख रखा। मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित लन्दन स्थित वेदान्ता सोसायटी के प्रमुख स्वामी दयात्मानन्द ने कहा कि साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं।

अध्यक्षता करते हुए सेवाश्रम के डॉ स्वामी ज्ञानस्थानन्द ने कहा कि श्रीरामकृष्ण की आध्यात्मिक आंदोलन ने परोक्ष रूप से देश में राष्ट्रवाद की भावना बढ़ाने का काम किया। धर्मसभा का कुशल संचालन उत्कर्ष चौबे ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन स्वामी अलोकानन्द ने किया। मध्याह्न 12 बजे से भोग-प्रसाद की व्यवस्था की गई थी जिसमें लगभग 4000 लोगों ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया।

## बिल्वेश्वर महादेव मंदिर में हुए विविध कार्यक्रम

**वाराणसी।** श्री बिल्वेश्वर महादेव का विविध आयोजन भव्यता से मनाया गया। इस अवसर पर पं. मनीष पाण्डेय के आचार्यत्व में पं. सत्यम बाजपेयी ने विधिवत रुद्राभिषेक पूजन एवं बाबा का नयनाभिराम श्रृंगार किया। साथ ही विदुषी महिलाओं सीता बाजपेयी, शालिनी मिश्रा, निधि बाजपेयी, पूर्णिमा शुक्ला व श्रीमती लक्ष्मी शुक्ला ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति से सबको भावविभोर कर दिया। महोत्सव में प्रिंस जायसवाल, संगीत मर्मज्ञ हरनारायण सारडा, संजय अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, विनय कृष्ण अग्रवाल, अतुल मिश्र, धनंजय पाण्डेय, ओमी शुक्ला सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे। रात्रि 8 बजे पं. पुरुषोत्तम मिश्र पुजारी ने भव्य आरती की। अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्थापक व कार्यक्रम संयोजक नागेन्द्र कुमार बाजपेयी ने किया।

## आज बिरज में होली रे रसिया



**संगीत**

**होली से सराबोर रही वरुणा संध्या**

**वाराणसी।** छावनी परिषद एवं दीपिका कल्चरल सोसायटी ऑफ इंडिया की ओर से साप्ताहिक आयोजन कैंटोनमेंट के नेहरू पार्क में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इसे भारत पर्यटन वाराणसी पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से वरुणा संध्या में शनिवार को श्रेयसी मिश्रा ने शुरूवात गणपति वंदना शिव वंदना नागेंद्र हारा एवं नमामि गंगे प्रस्तुत किया। अंत में गुलाब की पंखुड़ियों के बीच होली आज बिरज में होली रे रसिया प्रस्तुत कर माहौल होलीमय कर दिया। कलाकारों को प्रमाण पत्र दीपिका कल्चरल सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय गुप्ता एवं प्रख्यात मूर्तिकार बद्री प्रसाद प्रजापति ने संयुक्त रुप से प्रदान किया। धन्यवाद ज्ञापन परिषद के अभियंता सचिन कुमार श्रीवास्तव ने ज्ञापित किया आयोजन में तनुज कुमार वर्मा शुभम जालान यज्ञदत्त आर्य सहित काफी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित रहे।

## शनिदेव के वार्षिक श्रृंगार पर हुआ प्रसाद वितरण

**पिंडरा।** पिंडरा बाजार स्थित साव मंदिर पर शनिदेव मंदिर के स्थापना दिवस पर वार्षिक श्रृंगार व भंडारा का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित वार्षिक श्रृंगार व भंडारे में सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक चले कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व शनिदेव का सफेद फूलों से श्रृंगार किया गया। भक्तो ने दर्शन पूजन कर मत्था टेका। इस दौरान मुन्नीलाल गुप्ता, कमला गुप्ता, शिवकुमार जायसवाल, पप्पू जायसवाल, मोनू जायसवाल समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## आर्मी से सेवानिवृत्त होने पर स्वागत



**वाराणसी।** सूबेदार प्रमोद कुमार सिंह जेसीओ पद पर आर्मी में सेवा निवृत्त होने पर रविवार को उनका उनके करोत गांव लोहरापुर में स्वागत किया गया। वह पिछले 30 साल से आर्मी में तैनात थे। उनका सम्मान करने वालों में गांव के लोग शामिल थे। सेवानिवृत्ति के अवसर पर सुनील सिंह, डा. एमएन सिंह, अजय कुमार एलआईसी, गिरजा शंकर सिंह, सचान भगत, संतोष पटेल, मौजूद थे।

## पर्यावरण संरक्षण रैली से ग्रामीणों को किया जागरूक




**नौगढ़।** राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सामान्य शिविर का आयोजन शनिवार को सेमरा कुसही गांव में किया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण रैली निकाल कर स्वयंसेवियों ने लोगों को जागरूक किया। सेमरा कुसही गांव स्थित शिविर स्थल से बाघी-नौगढ़ गांव व कस्बा बाजार तक रैली निकाली गई।

राजकीय महाविद्यालय सभागार में आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए कार्यक्रम अधिकारी डा.रमेश चन्द्र ने जीवन में पेड़ पौधों का महत्व के बारे में सविस्तार जानकारी दिया। कहा कि पेड़ पौधों का लाभ जीवन के साथ भी और जीवन के बाद भी है। दूषित गैसों को क्षरण करने की क्षमता पेड़ों में होती है। निःशुल्क आक्सीजन मिलने के साथ ही ईधन फर्नीचर ईत्यादि के रूप में लकड़ी के उपयोग का लाभ मिलता है। धार्मिक व औषधीय रूप में भी पेड़ों का काफी महत्व है। ससमय वर्षा कराने में सहायक पेड़ों से बाढ के दौरान भूमि का कटाव भी रूकता है। अनेकों प्रजातियों के पेड़ों का अलग अलग उपयोग में जड़ तना लकड़ी छाल पत्ता आदि काफी लाभकारी है। स्वयं सेवियों ने राजकीय महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई करके पूर्व के वर्षों में लगाए गए पौधों की निराई गुड़ाई करके सींचित किया। साथ ही आम जामुन पीपल ईत्यादि के पौधों का रोपण किया गया। आयोजन में असिस्टेंट प्रोफेसर प्रियंका सिंह (प्रवक्ता इतिहास) ने भी विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण व कर्मचारी मौजूद रहे।

## ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत तीन आरोपियों पर लगाया गया अर्थदण्ड

**मीरजापुर।** पुलिस महानिदेशक उप्र के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी पीयूष मोर्डिया के निर्देशन व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आरपी सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में महिला सम्बन्धित अपराध सहित लूट, हत्या, डकैती, धर्म परिवर्तन, गोवध अधिनियम व अन्य जघन्य अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर लगातार गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की सशक्त एवं प्रभावी पैरवी करायी जा रही है। उक्त अभियान के क्रम में थाना विन्ध्याचल पर गाली-गलौज व मारपीट में गंभीर चोट आने से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोग में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही कराई गई। अभियोजन अधिकारी-एसपीओ नीरज कुमार, विवेचक उपनिरीक्षक फूलचन्द्र भारतीय, कोर्ट मुहर्रिर-मुख्य आरक्षी सूबेदार यादव व घनश्याम राय तथा पैरोकार-आरक्षी पप्पू द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रज्ञा सिंह द्वारा थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत मुकदमें से सम्बंधित राकेश उर्फ नेपाली पुत्र रामराज, रामदत्त पुत्र राजपथ व देवमणि पुत्र स्व. रामा निवासीगण कलना थाना विन्ध्याचल, प्रत्येक को 1000-1000 के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में 10-10 दिवस के सा. कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## 181 शिकायती पत्रों में महज चार का निस्तारण

**रोहनिया।** तहसील राजातालाब स्थित सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 181 शिकायती पत्र मिले, जिसमें से महज चार का मौके पर निस्तारण किया गया। शिकायतों में सड़क, नाली, खड़ंजा, चकरोड पर अवैध कब्जा, आवास, पेंशन आदि की शिकायतें आयी। इस दौरान एसडीएम शिवानी सिंह, तहसीलदार शालिनी सिंह, नायब तहसीलदार संग्राम सिंह, श्वेता मिश्रा, श्याम नारायण तिवारी, लेखपाल राजेश्वर सिंह, मानसिंह, रविकांत आदि उपस्थित थे।

## विधि विभाग में सेमेस्टर परीक्षाएं 20 से

**वाराणसी।** विधि विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सेमेस्टर परीक्षाएं 20 मार्च से आरंभ होंगी। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार ने बताया कि बी.ए. एल-एल.बी. तृतीय, पंचम व सप्तम सेमेस्टर की परीक्षा क्रमशः 20, 21 व 22 मार्च से शुरू होगी। वहीं, एल-एलएम. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा क्रमशः 20 व 26 मार्च से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा अपराह्न एक बजे से चार बजे तक विधि विभाग में सम्पन्न होगी। परीक्षा की विस्तृत समय सारिणी काशी विद्यापीठ की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत

**गैपुरा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान क्विज प्रोजेक्ट कंपटीशन एवं वार्षिक कैलेंडर में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र मेडल से पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम संदेश राही, द्वितीय प्राजंलि दुबे, तृतीय जैस्मिता प्रजापति रही। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी, शुभम सिंह, वर्तमान जिला पंचायत सदस्य कोराव सोमदत्त पटेल, डा. रवि शंकर पांडेय, पंच बहादुर सिंह, विजय बहादुर यादव, सत्येंद्र सिंह, मंजुला मौर्य, अखिलेश शुक्ला, हरिशंकर सिंह, सत्येंद्र सिंह आदि रहे।

## पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का चयन : डीएम

**मीरजापुर।** शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के शहरी व ग्रामीण 13 बाल विकास परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय आधारित रिक्त पदो पर चयन हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत 05 एवं 06 मार्च को आवेदन पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों के मूल शैक्षिक अभिलेख, प्रमाण पत्रों का सत्यापन किए जाने की प्रक्रिया निर्धारित है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जिला कार्यक्रम अधिकारी व समिति के सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ अभिलेखों का सत्यापन व चयन किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि वे किसी भी बिचैलियों के चक्कर में न पड़े। चयन प्रक्रिया पात्रता के अनुसार पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी।

## 12 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना पुलिस ने शुक्रवार को तीन अंतरप्रांतीय तस्करों को 12 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों में एक राजस्थान प्रांत का व एक भदोही जिले का है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह मय फोर्स गश्त पर निकले थे। इसी दौरान सुराग मिला कि वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीहीपुर अंडरपास से तीन अंतरप्रांतीय तस्कर गांजा लेकर गुजरने वाले हैं। इस पर उन्होंने टीम के साथ पहुंचकर घेराबंदी कर ली। कुछ ही देर बाद तीन संदिग्ध युवक अलग-अलग थैला लेकर आते दिखे। पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। तीनों के थैलों से 12 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपितों में लाइन बाजार के आसमान पट्टी निवासी कमल कुमार चौहान, भदोही जिले के औराई थाना के आशापुर का राजेश्वर चौहान व राजस्थान प्रांत के अलवर जिले के बानसूर थाने के रतनपुरा का सतीश कुमार यादव है। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे दूसरे प्रांत से गांजा लाकर चोरी-छिपे बेचते हैं। एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपितों का चालान कर दिया। टीम में एसआइ अनिल कुमार यादव, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार सिह, सर्वेश कुमार, भाईलाल सोनकर, दीपचंद्र चौहान व शैलेंद्र कुमार रहे।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सात छात्रों का चयन



**चहनियां।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर के सात बच्चों ने सफलता प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जनपद चंदौली में 204 सीटों के सापेक्ष 204 छात्रों का चयन हुआ, जिसमें कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर की छात्रा पूजा पाल ने 119 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में गरिमा यादव 117 अंक, प्रीति पाल 103 अंक ,दीपाली प्रजापति 102 अंक, अंशिका विश्वकर्मा 96 अंक, अलीशा अंसारी 95 और अखिल चंद 89 अंक प्राप्त कर सफल हुए। सभी सफल छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर तथा मिष्ठान खिलाकर उन्हें सम्मानित किया गया।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष 12000 की छात्रवृत्ति कक्षा-9, 10, 11, 12 में अध्यनरत छात्राओं को प्रदान की जाती है। वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया की राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी कराने वाले शिक्षक नंदकुमार शर्मा की कड़ी मेहनत और बच्चों के परिश्रम का परिणाम आज हम लोगों के सामने है। जिन बच्चों ने सफलता के नजदीक पहुंचकर सफल नहीं हो पाए उनके लिए आगामी परीक्षाओं में शुभकामना है कि वह अपनी कमियों को दुरुस्त करते हुए आगे आने वाले परीक्षाओं में पूरी मेहनत के साथ प्रतिभाग कर सफलता प्राप्त करें। इस अवसर पर बृजेश कुमार मिश्रा, पूजा सिंह, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, उमा चौबे, प्रियंका चौहान, विजय राज, रवि तथा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।